आज

३.००

तीन रुपये मात्र

# आज

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परम्परा का १०७ वर्ष






वाराणसी, गुरुवार १५ अक्तूबर, २०२६ सौर २९, आश्विन शुक्ल ५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये





# मां कूष्मांडा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन कर भक्त हुए निहाल

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन करभक्त निहाल हो गये। मंदिर से ढाई





किलोमीटर दूर तक श्रद्धालुओं के लिए रेड कार्पेट बिछाई गई थी। नवरात्रि के चौथे दिन बुधवार को दुर्गाकुंड स्थित भगवती मां कूष्मांडा के दर्शन हुए। सुबह ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही भक्तों की अटूट कतार लगी रही। एक तरफ दयाल टावर तक तो दूसरी तरफ दुर्गाकुंड पुलिस चौकी से आगे तक भक्त मां कूष्मांडा के दर्शन के लिए कतारबद्ध थे। दर्शनार्थियों को मुख्य द्वार से ही प्रवेश दिया जा रहा था और दक्षिणी द्वार से निकासी की व्यवस्था की गई थी। दुर्गाकुंड स्थित विश्वप्रसिद्ध प्राचीन दुर्गा मंदिर में भी मां के दर्शन-पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। रात से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर मां के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य तथा मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। मां को लाल चुनरी, गुड़हल के फूलों की माला, नारियल और मिष्ठान अर्पित किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां को नारियल चढ़ाने का विशेष महत्व है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से पूजा-अर्चना कर मां से मनवांछित फल की कामना करते नजर आए। मंदिर के महंत विकास दुबे ने बताया कि शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा के दर्शन का विधान है। अर्धरात्रि से ही भक्तों की लंबी कतार मातारानी के दर्शन के लिए लगी थी। मंदिर जाने वाली सड़क पर दोनों तरफ बैरिकेडिंग करके रास्ते को बंद कर दिया गया था। इस वजह से दोनों तरफ से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी।

## शारदीय नवरात्र

**कात्यायनी माता**



**चंद्र हासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्या देवी दानवघातिनि॥**

नवरात्र के छठें दिन (षष्ठी) को भक्त माँ के कात्यायनी माता का दर्शन-पूजन करते हैं। मान्यता है कि कात्यायन ऋषि के आश्रम में उनके तप से माता ने दर्शन दिया था। इसीलिए इनका नाम कात्यायनी पड़ा। माँ के इस रूप का पूजन-अर्चन करने से भक्तों के पाप का नाश होता है। साथ ही माँ आत्मज्ञान प्रदान करती हैं। काशी के अलावा वृन्दावन में भी माता अधिष्ठात्री देवी हैं। भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने के लिए गोपियों ने कात्यायनी व्रत रखा था। इनका रूप सोने जैसा है। माँ चतुर्भुजां हैं और इनका वाहन सिंह है। माता का मंदिर सीके- ७/१५८ सिन्धिया घाट मुहल्ले में है।

# धन के लिए धर्म नहीं छोड़ूंगा, युद्ध छिड़ा तो बम-गोले भी दागूंगा-योगी

## भारत सेवाश्रम संघ के शताब्दी समारोह में बोले मुख्यमंत्री, राष्ट्र और धर्म की रक्षा को बताया संन्यासियों का ध्येय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संन्यासी के जीवन का ध्येय होना चाहिए कि धन के निमित्त धर्म नहीं त्यागूंगा और युद्ध छिड़ गया तो बम-गोले भी दागूंगा। देश और धर्म के लिए जीना और मरना ही सच्ची साधना है। राष्ट्रकी रक्षा, धर्म-संस्कृति का संरक्षण और लोककल्याण आध्यात्मिक जीवन के अभिन्न अंग हैं। बुधवार को भारत सेवाश्रम संघ की काशी शाखा के शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि संघ ने सौ



वर्षों के सफर में विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने मूल्यों और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उसने राष्ट्रवाद को जीवन का ध्येय और राष्ट्रोन्नति को आत्मोन्नति का माध्यम बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ की परंपरा में पूजा केवल धूप-दीप तक सीमित नहीं है, बल्कि मां भगवती की आराधना अस्त्र-शस्त्र से भी होती है। शस्त्र केवल धारण करने या पूजन के लिए नहीं हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर राष्ट्र की रक्षा के लिए उनका उपयोग करने का साहस भी होना चाहिए। इसी राष्ट्रवादी चेतना और संकल्प का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हुआ और अयोध्या में पांच सौ वर्षों के बाद भव्य राम मंदिर का सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि देश की विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा भी आध्यात्मिक साधना का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

### स्वामी प्रणवानंद ने साधना को बनाया राष्ट्रजागरण का माध्यम

योगी ने कहा कि वर्ष १९२६ में इसी काशी में स्वामी प्रणवानंद जी महाराज ने भारत सेवाश्रम संघ की शाखा की स्थापना की थी। गुलामी के दौर में उन्होंने देशभर में स्वाधीनता और हिंदू जागरण की अलख जगाई। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वामी प्रणवानंद जी किशोरावस्था में गुरु की तलाश में गोरखपुर पहुंचे थे। उन्होंने सिद्ध योगी बाबा गंभीरनाथ जी के सानिध्य में साधना की और बाद में आध्यात्मिक चेतना को राष्ट्रजागरण से जोड़ा। आज संघ देश ही नहीं, विदेशों में भी सनातन मूल्यों और ऋषि परंपरा का प्रसार कर रहा है।

### संन्यासियों को धमकाने वाली सरकार का पतन तय-योगी

पश्चिम बंगाल का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वहां भारत सेवाश्रम संघ के संन्यासियों को धमकाया जाने लगा, तब भी वे अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं हुए। उन्होंने संन्यासियों के संकल्प को उद्धृत करते हुए कहा कि वे देश और धर्म के लिए जीने-मरने को तैयार हैं। योगी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मूल्यों पर अडिग रहने का यही जज्बा भारत की शक्ति है। उन्होंने संन्यासियों को रावण और कंस जैसी प्रवृत्तियों से भयभीत नहीं होने वाला बताते हुए उनके साहस की सराहना की।

### १०० कन्याओं को सिलाई मशीनें, १०० परिवार होंगे आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री ने संघ के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गरीब कन्याओं को सिलाई मशीनें देना और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास सराहनीय है। सौ परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगी। उन्होंने संघ से शताब्दी समारोह के तहत महापुरुषों के विचारों पर आधारित कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का आग्रह किया। कहा कि भारत सेवाश्रम संघ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की वैचारिक प्रेरणा से भी जुड़ा रहा है।

### इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालु, हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉक्टर अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, सुनील पटेल, भारत सेवाश्रम संघ के जनरल सेक्रेटरी स्वामी विश्वात्मानंद महाराज, सहायक सेकेटरी स्वामी धनेशानंद जी महाराज,



सहायक सेकेटरी स्वामी अम्बरीशानंद जी महाराज, गवर्निंग बॉडी मेंबर स्वामी आत्मज्ञानानंद जी महाराज के साथ भारत सेवाश्रम संघ के संन्यासीगण, स्वयंसेवकगण उपस्थित रहे।






# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी कोतवाल और बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन-पूजन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर आरती की। इसके बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और गर्भगृह में जाकर जलाभिषेक किया और षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर बार की तरह इस बार भी काल भैरव मंदिर में मौजूद बच्चों को स्नेह के साथ चॉकलेट दी और उनके पढ़ाई-लिखाई के बाबत बातचीत की।

# मोदी के आगमन से पहले योगी ने नमो घाट से अरविंद मिल तक परखी व्यवस्था

## २५ अक्टूबर को एयर शो में शामिल होंगे पीएम, १०० करोड़ की अरविंद मिल इकाई से एक हजार से अधिक रोजगार के मिलेंगे अवसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों का जायजा लिया। नमो घाट पर प्रस्तावित एयर शो की व्यवस्थाएं परखने के



बाद मुख्यमंत्री मिर्जामुराद स्थित अरविंद मिल की नई औद्योगिक इकाई पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, अतिथियों के आगमन और आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री का २५ अक्टूबर को एयर शो में शामिल होने और अरविंद मिल की नई इकाई का लोकार्पण करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने नमो घाट पर अधिकारियों से एयर शो की तैयारियों की जानकारी ली। प्रोजेक्ट मानचित्र के जरिए आयोजन की रूपरेखा समझी और नमो घाट के साथ आसपास के गंगा घाटों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारियों का ब्योरा प्रस्तुत किया।इसके बाद मुख्यमंत्री मिर्जामुराद के खोचवां गांव स्थित अरविंद मिल की नई इकाई पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री के हाथों प्रस्तावित लोकार्पण की तैयारियां देखीं और अधिकारियों व कंपनी पदाधिकारियों से जानकारी ली। सात एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थापित इस इकाई में करीब १०० करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इससे एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इकाई में स्पोर्ट्स वियर और अंडरगारमेंट का उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण ले रहीं महिलाओं से बातचीत कर उनके अनुभव भी जाने। फिलहाल करीब ३०० महिलाएं यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह कंपनी देश मे प्रसिद्ध ब्रांड जाकी, यूएस पोलो, एरो पैंट-शर्ट, टी शर्ट, जींस आदि बनाती हैं। बताते चलें कि अरविंद मिल के इस नई इकाई का बीते २५ अप्रैल २०२४ को भूमिपूजन हुआ था और इसका लोकार्पण २५ अक्टूबर को प्रधानमंत्री के हाथों होना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित अरविंद मिल के पदाधिकारी व अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## काशीकी रामलीला



### १५ अक्तूबर, गुरुवार

**रामनगर :-** श्री रामजी का सेना सहित सिन्धु पार होना, सेना वर्णन, सुवेलगिरि विश्राम, अंगद विस्तार। **औरंगाबाद :-** कवंध निपात, शबरी मंगल नारद संवाद , विप्ररूप हनुमान से मिलकर सुग्रीव मिलन, बालि का वध, हनुमान जी निकले सीता जी के खोज में। **गायघाट :-** खरदूषण वध, सीता हरण, गिद्ध क्रिया। **लाटभैरव :-** नक्कटैया, खरदूषण वध, सीता हरण, गिद्ध क्रिया। **लल्लापुरा :-** जनक आगमन, सभा, राम-भरत संवाद। **मौनी बाबा :-** सूपर्णखा नासिका छेदन, सीताहरण। **काशीपुरा :-** जयन्त नेत्र भंग। **भदैनी :-** सूपर्णखा विरूपकरण नक्कटैया, खरादि वध, सीताहरण। **जयरामपुर :-** कैकेयी कोप भवन, श्रीराम वन गमन। **टेकुरी :-** श्रीराम वनवास। **रोहनिया :-** ऋषिगण मिलन, सीता-अनुसूइया मिलन, सुतीक्षण मिलन, पंचवटी प्रवेश, जयन्त नेत्र भंग। **चिरईगांव :-** धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद। **कोरौता बाजार :-** फुलवारी, अष्ट सखी संवाद। **चोलापुर :-** राम वन गमन। **लोहता :-** हनुमान जी का लंका प्रस्थान, लंका दहन। **काजीसराय :-** लक्ष्मण शक्ति कुम्भकरण, मेघनाद वध।

# श्रीराम की सेना के इंजीनियरों ने समुद्र पर बनाया पुल

## श्रीराम ने लंका पर की चढ़ाई, रावण ने विभीषण को लात मारकर निकाला, श्रीराम ने की शिव स्थापना

रामनगर। हनुमान के सीता का पता लगाने के बाद वानरों की सलाह पर श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई कर दिया। जब वह समुद्र के किनारे पहुंचे तो उनकी सेना के नल और नील



नामक इंजीनियरों ने समुद्र पर पुल बनाया। उधर लंका में जब रावण को उसके दूत ने बताया कि श्रीराम अपनी सेना के साथ समुद्र के उस पार खड़े हैं, तो वह अपने मंत्रियों से विचार विमर्श करने लगा। तभी विभीषण भी वहां पहुंचे और उन्होंने उससे कहा कि राम से बैर करना ठीक नहीं है। उनके मुंह से अपने दुश्मन की बड़ाई सुनकर रावण ने क्रोधित होकर उन्हें लात मारकर लंका से बाहर निकाल दिया। जिसके बाद वह श्रीराम की शरण में चले गये। उन्होंने उनको अपनी अनपायनी भक्ति दी। उसके बाद उनसे समुद्र पार करने का उपाय पूछा, तो विभीषण ने उनको बताया कि समुद्र आपके कुल का बड़ा है। उससे विनती करिए वह जरूर उपाय बतायेगा, जिस पर राम ने उससे प्रार्थना की लेकिन वह प्रकट नहीं हुआ। जिसके बाद उन्होंने उस पर क्रोधित होकर अग्निबाण चलाने के लिए धनुष बाण उठा लिया। यह देखकर समुद्र भयभीत होकर प्रकट हुआ। उसने क्षमा याचना करते हुए कहा कि मेरे सूखने में आपकी बड़ाई नहीं होगी। उसने बताया कि आपकी सेना में नल और नील नाम के वानरों को बचपन में ही ऋषि का आशीर्वाद मिला हुआ है। वह जिस पहाड़ और पत्थर को स्पर्श कर देंगे वह पानी में तैरने लगेगा। इसी विधि से पुल बनाइये। इसके बाद जामवंत की सलाह पर वानरों ने पहाड़ उखाड़ कर लाना शुरू कर दिया। समुद्र पर पुल बनने लगा, जिसके बाद वहां की रमणीक भूमि को देखकर श्रीराम ने वहां शिव स्थापना की इच्छा जतायी जिसके बाद वहां ऋषि, मुनियों और ब्राह्मणों को बुलाया गया। शिव स्थापना करते हुए राम ने कहा कि शिव के समान मुझे प्यारा कोई नहीं है। उनका द्रोही मुझे सपने में भी नहीं पा सकता, जो मेरे द्वारा स्थापित रामेश्वरम शिवलिंग का दर्शन करेगा वह मेरे धाम को जायेगा और जो समुद्र पर बने पुल का दर्शन करेगा वह भवसागर से पार हो जायेगा। राम की कृपा से समुद्र पर पत्थर तैरने लगे और वहां पुल बनने लगा। यही पर भगवान की आरती के साथ लीला संपन्न हुई।

## स्टाइलएनसेव शोरूम में सजेगा पूरे परिवार का फैशन, जरूरत और पसंद का संसार

शहर के लहुराबीर स्थित रामकटोरा रोड पर स्टाइलएनसेव शोरूम खुल गया है। यहां ग्राहकों को फैशन, गुणवत्ता और किफायती कीमतों का बेहतर संगम मिलेगा। पूरे परिवार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शोरूम में विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। स्टाइलएनसेव में



पुरुषों के गारमेंट्स, ब्रांडेड इनरवियर, महिलाओं के इनरवियर, नवजात शिशुओं से लेकर दो वर्ष तक के बच्चों के कपड़े, आकर्षक गिफ्टिंग आइटम्स, आधुनिक किचन एवं होम यूटिलिटी प्रोडक्ट्स के साथ एडल्ट केयर से जुड़ी उपयोगी वस्तुएं भी उपलब्ध हैं।शोरूम का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही छत के नीचे दैनिक जरूरतों के विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें खरीदारी के लिए अलग-अलग दुकानों पर न जाना पड़े। उत्पादों की विविधता और बजट के अनुकूल कीमतों के साथ स्टाइलएनसेव ग्राहकों को सुविधाजनक खरीदारी का विकल्प प्रदान कर रहा है।

**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

**ई-नीलामी**
**दिनांक - 26.11.2026**

अंचल कार्यालयः पुतलीधर नटवां (जान्हवी होटल के पास), मिर्जापुर । फोन 05442-220334 ई-मेलः zomirzapur@indianbank.bank.in

अचल सम्पत्तियों के विक्रय का विक्रय सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 समपठित प्रतिभूति हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6)के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई - नीलामी विक्रय सूचना ।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सामान्य रुप से एवं ऋणियों एवं जमानतकर्ताओं को विशेष रुप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति जो कि प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा ऋण सुविधा को सुरक्षित करने के लिए बैंक के पास बंधक/प्रभार के अधीन रखी गई है और जिसका इण्डियन बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा सांकेतिक कब्जा भी लिया जा चुका है, जिसकी वसूली हेतु ''जो है जहां है'', ''जो है जैसे है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर इण्डियन बैंक, के सुरक्षित लेनदार/प्रधिकृत अधिकारी द्वारा

**दिनांक - 26.11.2026 समय प्रातः 10.00 से सांय 04.00 बजे तक**

सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री की जाएगी। ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिए लाई जाने वाली सम्पत्ति का विशिष्ट विवरण निम्नलिखित हैः

1. **शाखा- मरिहान, मो0- 9431678411** **खाता - स्व0 मोहम्मद हकीम**

**ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण -1. मृतक की सम्पत्ति स्व0 मोहम्मद हकीम पुत्र मोहम्मद शरीफ,** पता- गाँव- देवरी कला, मरिहान, जिला - मिर्जापुर उत्तर प्रदेश **(ऋणी ) कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा प्रतिनिधित्व क) श्रीमती नगीना बेगम पत्नी स्व0 श्री मोहम्मद हकीम, पता : ग्राम समसुदपुर, जिला चन्दौली 221115, 2. श्रीमती नगीना बेगम पत्नी स्व0 श्री मोहम्मद हकीम,** पता : ग्राम समसुदपुर, जिला चन्दौली 221115 **(ऋणी/बंधककर्ता)**
**बकाया राशि -रू. 15,20,595.00 (रूपये पन्द्रह लाख बीस हजार पाँच सौ पनचान्बे मात्र) दिनांक- 09.10.2026 से प्रभावी ब्याज, लागत तथा अन्य खर्च )**
**बंधक सम्पत्ति का विवरण -** सम्पत्ति का सभी भाग स्थित अराजी नम्बर 582/1615, क्षेत्रफल 0.025 हैक्टेयर, मौजा - देवरी कला, टप्पा- 84, परगना- कान्तित, तहसील- मरिहान, मिर्जापुर जो उप निबन्धक मरिहान के यहॉं विलेख सं0 5173, बही नं0 1, जिल्द नं0 1018, पृष्ठ सं0 279 से 298 दिनांकित 26.12.2014 फर पंजीकृत है, जो कि श्रीमती नगीना बेगम पत्नी स्व0 मोहम्मद हाकिम के नाम में है,
**चौहद्दी (विलेख के अनुसार) :** पूर्व- विक्रेता की शेष जमीन, पश्चिम- जीरा देवी और मोती और अन्य की जमीन, उत्तर- मिर्जापुर से राबर्टसगंज रोड, दक्षिण - छोटी मीनार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्पत्ति पर ऋणभारः | नहीं | बिड बढ़ोत्तरी राशिः | रू. 10,000.00 |
| आरक्षित मूल्यः | रू. 56,00,000.00 | ई- नीलामी की तिथि व समयः | 26.11.2026, प्रातः10.00 से सायं 04.00 बजे तक |
| धरोहर जमा राशिः | रू. 5,60,000.00 | सम्पत्ति आईडी सं0 | IDIB30512373911 |

ऑनलाइन बिड में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को यह सलाह दिया जाता है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवाप्रदाता पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड की वेबसाइट (http://baanknet.com) का अवलोकन करें। तकनीकि सहायता के लिये कृपया पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड हेल्प डेस्क नं0- 8291220220 एवं सर्विस प्रदाताओं के हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्पलाइन नं0 पर कॉल करें। पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड में रजिस्ट्रेशन के स्थिति की जानकारी के लिए, support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करें एवं धरोहर धनराशि की स्थिति के लिए कृपया support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करे ।
सम्पत्ति एवं सम्पत्ति का फोटोग्राफ तथा नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया http://baanknet.com तथा इस पोर्टल से सम्बन्धित स्पष्टिकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नंम्बर 8291220220 पर सम्पर्क करें।
बोलीदाताओं का सलाह दी जाती है कि वेबसाइटhttp://baanknet.com पर जब सम्पत्ति के लिए जानकारी प्राप्त कर रहें हों तो उपरोक्त उल्लिखित सम्पत्ति आईडी नंम्बर का प्रयोग करें।

baanknet

कृपया नोट करें कि बैंक का उर्पयुक्त सम्पत्तियों पर सांकेतिक कब्जा हैं न कि भौतिक कब्जा।

दिनांकित- 09.10.2026, स्थान- मिर्जापुर
त्रुटि के स्थिति में अग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
प्राधिकृत नोडल अधिकारी (मो0 8433693774) इंडियन बैंक

# आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष






वाराणसी, गुरुवार १५ अक्तूबर, २०२६ सौर २९, आश्विन शुक्ल ५, २०८३ वि.। | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये


# पीडीए' नहीं, परिवारवादको बढ़ावा दे रही सपा-योगी

## राज्यसभामें यादव, दलित और मुस्लिम समाज की जगह चचाजान व धन्ना सेठ को तरजीह, यूपी पुलिस के 32 हजार पदों का परिणाम घोषित

वाराणसी (का.प्र.)। वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद और तुष्टीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसका पीडीए सिर्फ छलावा है। राज्यसभा चुनाव में सपा ने काशी, गाजीपुर और बलिया के यादवों को नहीं, बल्कि अपने परिवार के चचाजान को भेजा। दलित और मुस्लिम समाज को भी प्रतिनिधित्व देने के बजाय दूसरी सीट धन्ना सेठ को दे दी। मुख्यमंत्री बुधवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में वाराणसी खंड के शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र और केदारनाथ सिंह के




पक्ष में समर्थन मांगा।

योगी ने कहा कि सपा के पीडीए का मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' और 'पराया धन अपना' है। सपा रूपी गिरगिटों से सावधान रहने की जरूरत है। मगरमच्छ की तरह ये पास आकर नदी पार कराने का भरोसा देते हैं, लेकिन इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए। पाप करने वाले सपाई हमें उपदेश न दें।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में साढ़े नौ साल में साढ़े नौ लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। अगले छह महीने में एक लाख और युवाओं को नौकरी मिलेगी। बुधवार को यूपी पुलिस में 32 हजार पदों पर भर्ती का परिणाम घोषित हुआ है। होमगार्ड के 42 हजार पदों पर भर्ती भी पूरी हो चुकी है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।श्री योगी ने आरोप लगाया कि सपा सरकार में भर्ती आयोगों और बोर्डों पर सैफई सिंडिकेट का कब्जा था। चाचा-भतीजे की (शेष पृष्ठ ९ पर)

# यूपीमें तीन महीनेमें करायें पंचायत चुनाव-हाईकोर्ट

लखनऊ (आससे.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को ग्राम पंचायत चुनाव मामले में एक अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को तीन महीने के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार, जब तक नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, तब तक सभी निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। यह फैसला न्यायमूर्ति जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस गरिमा प्रसाद की



## पिछड़ा वर्ग आयोगको लेकर कोर्टमें जायेगी सरकार

डिवीजन बेंच ने शाम 4:00 बजे खुली अदालत में सुनाया। यह याचिका प्रयागराज के इम्तियाज हुसैन और अन्य द्वारा समय पर चुनाव कराने की मांग को लेकर दायर की गई थी।इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अलग से सुनवाई चल रही है। सरकार एक से अधिक बार चुनाव कराने को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। सरकार द्वारा पहले प्रशासक नियुक्त किए जा चुके हैं। इसके अलावा कुछ अन्य वजहें हैं जिसके चलते यह चुनाव अभी करा पाना संभव नहीं है। नियमानुसार पंचायत चुनाव से पहले सरकार को पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट (शेष पृष्ठ ९ पर)

# रेल कर्मचारियोंको मिलेगा ७८ दिन का बोनस, कैबिनेटकी मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रेलवे के लगभग 11.4 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को 78 दिनों का उत्पादकता आधारित बोनस पीएलबी देने की मंजूरी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी



जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले से 11,40,770 रेल कर्मचारियों को लाभ होगा। बोनस के भुगतान पर कुल 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार के मुताबिक, पात्र रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। इसकी गणना 7,000 रुपये की मासिक वेतन सीमा के आधार पर होती है। इस हिसाब से प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधिकतम 17,951 रुपये मिलेंगे। बोनस का भुगतान आम तौर पर दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले किया जाता है। इस फैसले से ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर गार्ड,

## ११.४ लाख कर्मियों को होगा लाभ

स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, सहायक तकनीशियन, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारियों और ग्रुप सी के अन्य पात्र रेलकर्मियों को लाभ मिलेगा। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे ने 1,670 मिलियन टन माल की रिकॉर्ड ढुलाई की और करीब 7.41 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। सरकार ने बोनस को रेल कर्मचारियों के योगदान की सराहना और रेलवे के कामकाज में सुधार के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने वाला कदम बताया है।

# जंतर-मंतरपर तिरंगा लहराना अपराध नहीं-राहुल



नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराने के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के नेताओं की गिरफ्तारी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराना अपराध नहीं है और इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरतापूर्ण है। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि छात्र, युवा, पत्रकार, नागरिक समाज और विपक्षी दल अलग-अलग बैनर के तहत प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन (शेष पृष्ठ ९ पर)

## छात्रों की आवाज दबाने वालों को सजा दिलायेंगे

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री (शेष पृष्ठ ९ पर)

## यूपी : ३२,६७९ पुलिस पदों पर भर्तीका अंतिम परिणाम जारी

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 32,679 पदों पर चयन किया जाना है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परिणाम से संबंधित जानकारी और आगे की प्रक्रिया के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी निर्देशों का अवलोकन करें।

## सिद्धार्थनगर : मार्ग दुर्घटना में तीन की मौत

सिद्धार्थनगर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में भवानीगंज थानाक्षेत्र स्थित ब्यारा चौराहे पर मंगलवार देर रात को अज्ञात वाहन और बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दो किशोर समेत तीन की मौत हो गई। वे सभी दुर्गा पूजा देखकर घर वापस लौट रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मृतकों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

## यूपीमें सात आईएएस अफसरोंका तबादला

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल के तहत सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। धीरेंद्र सिंह सचान को निदेशक पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। वहीं, आजमगढ़ और आगरा के मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) समेत कई अन्य अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है। राकेश कुमार पटेल- मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ से विशेष सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बनाए गए हैं। (शेष पृष्ठ ९ पर)

## पशुपालन विभागके भर्ती घोटालें पूर्व प्रमुख सचिव गिरफ्तार

लखनऊ (आससे.)। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने चर्चित पशुपालन भर्ती घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ से पूर्व प्रमुख सचिव योगेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह 1980 बैच रिटायर्ड आईएएस अधिकारी है। ईओडब्ल्यू के डायरेक्टर जनरल जेएन सिंह ने बताया कि पूर्व आईएएस योगेश कुमार को इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने लखनऊ के गोमती नगर से गिरफ्तार किया है। साल 2014 में पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश के 17 मंडलों में 1198 पदों पर पशुधन प्रसार अधिकारियों की भर्ती हुई थी। (शेष पृष्ठ ९ पर)

# मुस्कान-साहिलको मृत्युदंड

## प्रेमी संग पति की हत्या करनेका मामला

मेरठ (एजेंसी)।मेरठ के सौरभ राजपूत हत्याकांड में मुस्कान रस्तोगी ने अपनी बेटियों का हवाला देकर कम सजा की अपील की, जबकि साहिल शुक्ला ने भी नरमी की मांग की। अदालत ने दोनों को मृत्युदंड सुनाया। मेरठ में जिस पति को बेदर्दी से मौत के घाट उतारकर लाश के पांच टुकड़े किए और नीले ड्रम में ठूंसकर सील कर दिया, आज उसी हैवानियत की मुख्य सूत्रधार अदालत के सामने अपनी जान और सजा की भीख मांगती नजर आई। मेरठ के बहुचर्चित और रूह कंपा देने वाले ब्रह्मपुरी सौरभ राजपूत हत्याकांड में आखिरकार इंसाफ की घड़ी आ गई। अदालत ने कातिल पत्नी मुस्कान और उसके आशिक साहिल को सौरभ की नृशंस हत्या का मुजरिम ठहरा दिया है। अब दोनों को मृत्युदंड की सजा दी गई है। सजा के ऐलान से ठीक पहले जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों मुजरिमों को पेश किया गया। जब अदालत ने मुस्कान की आंखों में आंखें डालकर (शेष पृष्ठ ९ पर)


नागर विमानन मंत्रालय
भारत सरकार



नई ऊँचाई, नई उड़ान,
लद्दाख के विकास को नई पहचान

कुशोक बकुला रिनपोछे हवाई अड्डा, लेह के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
के द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

मुख्य विशेषताएँ एवं लाभ

- वर्तमान से चार गुना अधिक क्षेत्रफल (23810 वर्ग मीटर) वाले अत्याधुनिक टर्मिनल भवन से सुविधाजनक यात्रा
- व्यस्ततम समय में प्रति घंटे 2000 यात्री एवं प्रति वर्ष 35 लाख यात्रियों को सेवा देने में सक्षम
- क्षेत्र में पर्यटन, रोज़गार के नए अवसरों का सृजन, एवं स्थानीय उत्पादों के निर्यात एवं व्यापार में वृद्धि
- टर्मिनल भवन के तापमान को नियंत्रित करने के लिए जिओथर्मल ऊर्जा का उपयोग करने वाला देश का पहला हवाई अड्डा
- ₹ 640 करोड़ की लागत से स्थानीय कला और संस्कृति से प्रेरित, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त टर्मिनल भवन
- त्वरित यात्री आवागमन के लिए 20 चेक-इन काउंटर, 2 कन्वेयर बेल्ट, 8 एक्स -रे बैगेज स्कैनर
- बड़े आकार वाले 6 विमानों के लिए उन्नत पार्किंग स्थल

गरिमामयी उपस्थिति

श्री विनय कुमार सक्सेना
उप-राज्यपाल, लद्दाख

श्री किंजरापु राममोहन नायडू
केंद्रीय नागर विमानन मंत्री

श्री मुरलीधर मोहोल
केंद्रीय नागर विमानन; एवं सहकारिता राज्य मंत्री

श्री मोहम्मद हनीफ़ा
सांसद, लोकसभा

15 अक्टूबर, 2026 कुशोक बकुला रिनपोछे हवाई अड्डा, लेह

CBC 03111/13/0010/2627



डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

## एक नजर इधर भी

### राजकीय वृद्धाश्रम में वितरण की गयी खाद्य एवं आवश्यक सामग्री

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान-६.० के अंतर्गत बुधवार को जनपद के राजकीय वृद्धाश्रम, दुर्गाकुंड, भेलूपुर में भ्रमण कर दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना, उनके प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों का संदेश प्रसारित करना रहा। उक्त कार्यक्रम में अपर पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तवा एवं सहायक पुलिस आयुक्त, भेलूपुर गौरव कुमार सहित, थाना प्रभारी भेलूपुर व मिशन शक्ति प्रभारी तथा रोटरी क्लब बनारस शाइन के सदस्य विवेक मेहरा, हर्षित केसरवानी, शुभम जालान, रवीश गुप्ता, अम्बर भाटिया, अनुज केसरी, अमृत टंडन, रिचा मेहरा, कोमल केसरवानी, काजल जालान, सुम्मी गुप्ता, सुधीर वाधवानी व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मिर्जामुराद में मकान से लाखों का आभूषण चोरी

मिर्जामुराद। क्षेत्र के खालिसपुर (नहरापर) गांव में चोरों ने बंद मकान में सेंध लगाकर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन और कपड़े समेत लगभग साढे तीन लाख रुपये मूल्य पर हाथ साफ कर दिया।। बुधवार को दोपहर मुंबई से घर पहुंची गृहस्वामिनी को घटना की जानकारी हुई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खालिसपुर निवासी सुबोधनी देवी पत्नी स्व. शंकर गुप्ता अपने बेटों के साथ मुंबई के गोरेगांव में रहती हैं। गांव स्थित उनके आठ कमरों के मकान में ताला बंद था। बुधवार को घर पहुंचने पर मकान के पीछे सेंध लगी मिली। अंदर सभी कमरों में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी व बक्सों के ताले टूटे हुए थे। पीड़िता के मुताबिक, चोर १५ हजार रुपये नकद, करधनी, सोने की चेन, कान के झुमके, बर्तन, कपड़े और सुपर स्प्लेंडर बाइक समेत अन्य सामान उठा ले गये। चोरी गये सामान की कीमत करीब साढे तीन लाख रुपये बतायी गयी है। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जमीन पर कब्जे का प्रयास और फर्जी सट्टा इकरारनामा कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज

जमीन पर कथित कब्जे के प्रयास और फर्जी सट्टा इकरारनामा कराने के आरोप में लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ऐढ़े गांव निवासी विजयशंकर पांडेय ने आरोपितों पर कूटरचना, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, विवादित भूमि के संबंध में चकबंदी अधिकारी ने १४ जुलाई २०२५ को उनके और उनके भतीजे के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नाम दर्ज करने का आदेश दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद १६ और ३० जुलाई २०२५ को धोखाधड़ी और कूटरचना के जरिए जमीन से संबंधित दो सट्टा इकरारनामे निष्पादित कराये गये। विजयशंकर पांडेय का कहना है कि इसी भूमि के विवाद में पहले भी मुकदमा दर्ज हो चुका है और मामले में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। इसके बावजूद आरोपितों ने ३० अगस्त २०२६ को विवादित जमीन पर पहुंचकर कब्जा करने का प्रयास किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### धोखाधड़ी के मामले में जौनपुर की इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर के दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बैटरी-इनवर्टर का सामान देने के नाम पर १३.६७ लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय के आदेश पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। भोजूबीर निवासी स्वास्तिक इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर असीम सिंह ने जौनपुर की जेएमडी इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर नीतू श्रीवास्तव उर्फ चिंटी और उनके पति आशीष श्रीवास्तव को आरोपित किया है। असीम सिंह के मुताबिक, उन्होंने सामान के कारोबार के सिलसिले में विभिन्न माध्यमों से विपक्षियों को कुल २९.७५ लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि इसके बदले पूरी रकम का हिसाब नहीं किया गया। विपक्षियों ने १६.०८ लाख रुपये वापस किये, जबकि शेष १३.६७ लाख रुपये अब भी बकाया हैं। बकाया रकम मांगने पर कथित तौर पर गाली-गलौज करने के साथ धमकी भी दी गयी। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कारवाई की मांग की। न्यायालय के आदेश पर कैंट पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केदार घाट पर गंगा में डूब रहे दो युवको को देवदूत बनकर पहुंचे दो आरक्षी ने बचाया

काशी के केदार घाट पर गंगा में डूब रहे दो युवकों के लिये दो आरक्षीयो ने तत्परता से जान बचायी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केदार घाट पर पीसी श्री संजय कुमार पटेल के हमराह ड्यूटी पर आरक्षी रोहित कुमार कन्नौजिया और आरक्षी अरशद खान तैनात थे। इसी दौरान गंगा में दो युवक डूबने लगे। खतरे को भांपते हुए दोनों आरक्षियों ने तत्काल बचाव का प्रयास किया और संयुक्त प्रयास से युवकों को सुरक्षित बचाने में सफलता हासिल की। बचाये गये युवकों की पहचान अंशुल गुप्ता (२९ वर्ष) और ओम शर्मा (३०वर्ष), निवासी करगैना, बरेली के रूप में हुई है। गंगा में डूबते युवकों को बचाकर दोनों आरक्षियों ने साबित कर दिया कि पुलिस की वर्दी सिर्फ कानून-व्यवस्था की पहचान नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर जिंदगी बचाने का भरोसा भी है। रोहित कुमार कन्नौजिया के साहस और अरशद खान के सहयोग ने दो परिवारों की खुशियां उजड़ने से बचा लीं।

# चीनी मांझा बेचने वाले पर जैतपुरा पुलिस की कारवाई, एक गिरफ्तार

## टाटा कंपनी के पास से चौकी प्रभारी चौकाघाट संदीप सिंह ने ३१.२०० किलो चीनी मांझा किया बरामद



चीनी मांझे की चपेट में आने से लोगों की मौत और गंभीर रूप से घायल होने की घटनाओं के बीच जैतपुरा पुलिस ने प्रतिबंधित मांझे के खिलाफ कार्रवाई की है। चौकाघाट स्थित टाटा कंपनी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने ३१ किलो २०० ग्राम प्रतिबंधित मांझे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। एसओ जैतपुरा उपेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान ढेलवरिया निवासी प्रीतम कुमार मौर्या (२३) के रूप में हुई है। प्रीतम ढेवरिया इलाके में पतंगबाजों को चीनी मांझा बेचता था। चौकाघाट चौकी प्रभारी संदीप कुमार सिंह को मुखबीर के द्वारा सूचना मिली कि एक युवक चीनी मांझा बेच रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी संदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांझा बरामद हुआ। इस मामले में जैतपुरा थाने में धारा २९३, १२५ और २२३ तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा ५/१५ में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में चौकी प्रभारी संदीप कुमार सिंह के साथ कांस्टेबल मंगला प्रसाद, रजनीश कुमार गुप्ता और सुदीश कुमार शर्मा शामिल थें।

### इन्श्योरेन्स पालिसी अपडेट कराने और लाभ दिलाने के नाम साइबर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड

इन्श्योरेन्स पालिसी अपडेट कराने व लाभ दिलाने के नाम साइबर ठगी करने वाले गैंग का साइबर क्राइम टीम ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर भंडाफोड़ करते सरगना सहित दो ठग को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल और ४५ हजार रुपये नकद

#### सरगना सहित दो गिरफ्तार

बरामद किया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिह ने बताया कि आठ जुलाई को रमेश (काल्पनिक नाम) निवासी वाराणसी द्वारा थाना साइबर क्राइम पर प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया कि उनके साथ किन्ही अज्ञात साइबर अपराधियो द्वारा पीएनबी बैंक में क्क्ह्क्क स्द्ध्ह्ल लाइफ पर किये गये इंश्योरेंस पर अत्यधिक बोनस देने व अधिक पैसो का लाभ देने की बात बताकर अलग-२ खातो में अलग-अलग दिनांक पर कई बार में कुल ११ लाख ७२ हजार १९० रूपये की साइबर ठगी कर ली गयी। जिसपर अपर पुलिस उपायुक्त अपराध नृपेन्द्र द्वारा टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश किया गया जिसके पश्चात थाना साइबर क्राइम से सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध अपूर्व पाण्डेय के नेतृत्व मे एक टीम गठन कर उक्त घटना के अनावरण हेतु, आगरा उत्तर प्रदेश व दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर पतारसी सुरागरसी व गिरफ्तारी हेतु टीम रवाना किया गया, उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को दो शातिर अपराधी को आगरा से गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से मोबाइल फोन व नकदी बरामद की गयी है।

#### अपराध करने का तरीका

घटना में शामिल साइबर अपराधियों द्वारा विभिन्न व्यक्तियों जिनका पूर्व में कभी पालिसी धारक होते है उनसे रैंडमली कांल कर ढ्ढ पालिसी का प्रिमियम भरने, अपडेट कराने व लाभ दिलाने के लिये अपने झांसे मे फसाकर इंश्योरेंस का कर्मचारी एवं अधिकारी बताकर प्रिमियम का ज्यादा लाभ दिलवाने हेतु प्रिमियम धारको को अपने झांसे में लेकर अवैध साइबर ठगी कर ली जाती है और इन पैसो को यह लोग अपने अन्य सिंडिकेट के माध्यम से खुलवाये गये फर्जी म्यूल बैंक खातो मे भेजकर रोटेट कराते हुए विभिन्न माध्यम से कैश निकाल लिया जाता है।

### राजातालाब में आधा दर्जन से अधिक जुआड़ी गिरफ्तार

**आठ हजार चार सौ ५० रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद**

राजातालाब पुलिस मंगलवार को सायंकल मुखबिर की सूचना पर ग्राम गौरा के सीवान स्थित भट्ठे के पास पेड़ के नीचे जुआ अड्डे पर छापा मारकर आधा दर्जन से अधिक जुआड़ियो को गिरफ्तार कर मौके से आठ हजार चार सौ ५० रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किया है। सभी के खिलाफ धारा १३ सार्वजनिक जुआ अधिनियम, १८६७ के मुकदमा दर्ज के जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये लोगों में ढोलापुर राजातालाब निवासी धर्मेन्द्र पटेल,अजय कुमार, राजा बाबू, सोनू कुमार, राहुल शर्मा, कमलेश, रोहनिया के अजीत पटेल, धर्मेन्द्र कुमार और लंका के अजय कुमार है।

### सिगरा में गांजा तस्कर गिरफ्तार

पुलिस आयुक्त ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सिगरा पुलिस ने बुधवार कोआपरेशन चक्रव्यूह के तहत लोहे की पुरानी पानी की टंकी पचपेडवा के पास से एक गज तस्कर को गिरफ्तार कर ३१ किलो २७५ ग्रा0 ,घटना में प्रयुक्त चार पहिये ,एक मोबाइल और नकदी बरामद,अनुमानित कीमत करीब १५ लाख रूपये बताई गयी। सिगरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर भोजपुर थाना भोजपुर जिला बक्सर निवासी राज किशोर गोड पुत्र स्व0 राज नारायण गोंड नि0 सिगरा पर धारा ८/२० एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया।

### मालवीय पुल से गंगा में कूदे युवक को पुलिस ने बचाया

आदमपुर थाना क्षेत्र के मालवीय पुल से बुधवार की दोपहर विशाल कुमार नामक ३० वर्षीय युवक मालवीय पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दिया वही पानी में गस्त कर रहे जल पुलिस के जवान नदी में कूद कर उसे बचाकर आदमपुर पुलिस के हवाले किया जहाँ पूछताछ के दौरान बताया कि व्यापार में घाटा होने पर यह कदम उठाया और अपने आप को रोहतास बिहार का रहने वाला बताया। पुलिस ने परिजनों को मोबाईल पर सूचित कर वाराणसी बुलाया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:-

क्रम सं.-1, कार्य का नाम: छपरा-गोरखपुर छावनी अनुभाग के अंतर्गत सभी प्रकार के रेल पैनलों [60Kg/52Kg आर 260/72/90 यूटीएस, न्यू/इन सर्विस] की मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-145, अनुमानित लागत (₹): ₹ 1,39,54,896/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹): ₹ 2,79,100/-,निविदा बन्द होने की तिथि: 11-11-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह। क्रम सं.-2, कार्य का नाम: प्रयागराज रामबाग, झूसी एवं बनारस-माघ मेला/2027 से सम्बन्धित विविध सिविल कार्य। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-146, अनुमानित लागत (₹): ₹ 79,49,176/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹): ₹ 1,59,000/-,निविदा बन्द होने की तिथि: 05-11-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 04 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-145 दिनांक 11-11-2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-146 दिनांक 05-11-2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-377

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T38, दि.-14.10.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु 'खुली' ई निविदा आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत गौरी बाजार, भटनी और चौरी-चौरा स्टेशनों (भाग-ए) पर में 24 कोच के लिए प्लेटफॉर्म के विस्तार और ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T38, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 10558090.47, धरोहर राशि रूपया में : ₹ 211200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 05.11.2026 upto 14:45 hrs, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 माह • खुली ई-निविदा दिनांक 05.11.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ वाराणसी**

**मुजाधि/विद्युत – 221**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**गजट का प्रारूप**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश**
**(परिवार न्यायालय)**
**मोकाम-बक्सर**
**वैवाहिक वाद संख्या 107/2025**

रेयाज खान पिता स्व. मोती खान उर्फ मुर्तुजा खान साकिन-नई बाजार, वार्ड नं.- 09 बक्सर, पोस्ट - बक्सर थाना-बक्सर नगर, जिला-बक्सर, बिहार 802101 ---------------------आवेदक

**बनाम**

फौजिया परवीन पिता अयूब खान पति रेयाज खान, साकिन-नई बाजार, वार्ड नं.- 09 बक्सर, पोस्ट-बक्सर, थाना-बक्सर नगर, जिला-बक्सर, बिहार 802101, हाल मोकाम-फुलचकियाँ (चक फुल) पोस्ट-बड़सरी जागीर, थाना मनियर, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश-- ------- विपक्षी

**नोटिस बनाम:-**

फौजिया परवीन पिता अयूब खान पति रेयाज खान, हाल मोकाम-फुलचकियाँ (चक फुल) पोस्ट- बड़सरी जागीर, थाना मनियर, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश

चूँ बजरिये गजट प्रकाशन के आपको सूचित किया जाता है कि आपके उपस्थिति हेतु सम्मन भेजने के बावजूद जान बुझकर उपस्थित नहीं हो रहे है तथा वाद को अनावश्यक रूप से विलम्ब कर रहे है। अत: बजरिये प्रकाशन के आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 03.11.2026 को समय 10.30 बजे सुबह में मेरे न्यायालय में अपने या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर जो कुछ भी उजुर/एतराज करना है करें, अन्यथा आपके खिलाफ मोकदमा में एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद समझे।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश**
**(परिवार न्यायालय)**
**बक्सर**



## वर्गीकृत विज्ञापन

आज

### सूचना

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का नाम रीना देवी है, त्रुटिवश पासपोर्ट पर सोनी देवी हो गया है। **देवमुनी चौहान** ग्राम - खंडवारी, पोस्ट - चहनियां, जिला -चंदौली।

**सूचना**-हम शपथकर्ता का पासपोर्ट रजिस्ट्रेशन नंबर L3117637 में त्रुटिवश जन्मतिथि 05-09-1990 दर्ज है। जबकि मेरी सही जन्मतिथि 10-05-1990 है। सही जन्मतिथि रिकॉर्ड में दर्ज किया जाय। **मो. शहनवाज** पुत्र मोहम्मद मुमताज मोहल्ला नूरुद्दीनपुरा, थाना कोतवाली तहसील व जिला गाजीपुर, उ.प्र.

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि MOHAMMAD SHARIK KHAN को अब से **MOHAMMAD SHARIQ KHAN** S/o ATIQ AHMAD KHAN के नाम जाना व पहचाना जाये। Add- A-20/84 Zergular, Aadampur, Varanasi

**सूचना**-मेरे आधार सं0 439373014763 में मेरा नाम बिनय कुमार अंकित है जबकि मेरा वास्तविक नाम बिनय मान है मुझे बिनय मान के नाम से जाना व पहचाना जाय। **बिनय मान** पुत्र बाबूराम ग्राम- मानापुर पो0- रामनगर तह0 आलापुर, अम्बेडकरनगर उ0प्र0

### सूचना

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरा बीए तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 171202480135 वर्ष 2019-20 का अंकपत्र जो जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय से जारी हुआ था वास्तव में खो गया है। **नेहा यादव** पुत्री विजय बहादुर यादव, रजवाड़, करनई, बलिया, उ.प्र.

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मैं मुन्नी कुमारी तथा जन्मतिथि 02-07-1986 पत्नी धनजी यादव ग्राम व पोस्ट हल्दी, जिला-बलिया, उ.प्र. की हूं। मेरे पति के आर्मी नंबर 15203355M रैंक हवलदार धनजी यादव यूनिट 328 मीडियम रेजीमेंट के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम मुन्नी कुमारी तथा जन्मतिथि 02-07-1986 अंकित है। जबकि मेरा सही नाम **मुन्नी देवी** व जन्मतिथि 01-05-1986 होना चाहिए।

### आवश्यकता है

**अवध बिहारी सिंह महाविद्यालय श्रीकान्तपुर उर्फ नारायणगढ़ पोस्ट- करमानपुर जिला- बलिया, उ.प्र.** में प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान यूजीसी व विश्व. विद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। **सुनील कुमार सिंह प्रबंधक मो. 9234680621, 9838412911**

**पाठकों से**

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक- 4409(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-07.10.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2 कार्य का विवरण:-

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | एस0एच0-1बी पचरूखिया देवी चांदपुर (बिहार बार्डर) एप्रोच मार्ग से छपरा सारिव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय तुलसी छपरा होते हुए रेवती दतहां मार्ग तक (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित) (लम्बाई-3.500 कि0मी0) | निर्माण (722.21) + अनुरक्षण (18.06) कुल लागत 740.27 | 14.81 | (स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 5590.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित | निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया | बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़ |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-30.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-258120, दिनांक-13.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या:- 24-विद्युत/सा0/प्रयागराज/2627 दिनांक-13.10.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक-04.11.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

**निविदा सूचना संख्या** : ELG-57-2627 | **काम की लागत (रू में)** : 96,55,651.15

**कार्य का नाम** : माघ मेला 2026-27 के दौरान यात्रियों की सुविधाओं की जरूरतों के साथ-साथ संगम क्षेत्र, NYN, PCOI, PRYJ, SFG और BDL में अंदरूनी अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था करना।

**बिड सिक्योरिटी (रू. में)** : 1,93,100.00 | **कार्य समाप्त करने की समयावधि** : 04 माह

**निविदा खुलने की तिथि** : 04.11.2026, समय - 15:00 बजे।

**नोट**:- उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2336/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं. 8920262027 दिनांक: 13.10.2026

**ई-निविदा सूचना**

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर **दिनांक 05.11.2026 को 13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं: 1 | निविदा नं. 187 | **अनुमानित मूल्य (रू):** 1,02,70,870.93 | **बयाने की रकम (रू):** 2,05,400.00

**कार्यों का विवरण:** कानपुर सेन्ट्रल:- सहायक मण्डल अभियन्ता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर ट्रेन लाइटिंग कार्यालय के लिए नई बिल्डिंग के निर्माण का कार्य।

**कार्य समापन की अवधि:** 12 माह | **निविदा खुलने की तिथि:** 05.11.2026

**इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य:** कन्स्ट्रक्शन ऑफ बिल्डिंग

क्र.सं: 2 | निविदा नं. 188 | **अनुमानित मूल्य (रू):** 4,81,04,601.22 | **बयाने की रकम (रू):** 9,62,100.00

**कार्यों का विवरण:** गोविन्दपुरी:- सहायक मण्डल अभियन्ता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत गोविन्दपुरी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार का कार्य।

**कार्य समापन की अवधि:** 12 माह | **निविदा खुलने की तिथि:** 05.11.2026

**इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य:** कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य

**नोट**:-1. आन लाइन निविदा **दिनांक 05.11.2026 को 13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 13:30 बजे** टेण्डर खुलने की **तिथि 05.11.2026** तक उपलब्ध है। 2332/26(K)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1, निविदा संख्या: वमंविइ-लजं०-38-2026, कार्य का विवरण: LJN-DIV-लखनऊ डिवीजन में 07 पैसेंजर प्लेटफार्म को लो-लेवल से हाई-लेवल तक ऊंचा करना। GKP, महमूदाबाद अवध और GKC में डीप ट्यूब वेल की व्यवस्था और LMP में 160 KVA DG सेट से सम्बन्धित केबलिंग का कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,32,06,742.09, बयाना राशि: ₹ 2,64,100/-, निविदा मूल्य: ₹ 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। क्रम सं.-1, निविदा संख्या: वमंविइ-लजं०-39-2026, कार्य का विवरण: JKNI हॉल्ट स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं में सुधार से जुडा इलेक्ट्रिकल काम बड़े सुधार कार्यों में PF नंबर 2 और प्लेटफॉर्म शेल्टर को ऊंचा करना, BLP में 1 डीप ट्यूबवेल के साथ RCC OHT (50,000 गैलन) की व्यवस्था, वैगन ROH डिपो के इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना, GD एरिया में सर्विस बिल्डिंग की री-वायरिंग, गोण्डा जंक्शन पर ROH शेड का विस्तार, GD में 40 बेड वाले नए रनिंग रूम का निर्माण, मनकापुर में 20 बेड वाली RPF बैरक का निर्माण, BNY में नए क्रू लॉबी का निर्माण और बढ़नी में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 को ऊंचा करने, वॉटर हाइड्रेंट, पानी की सप्लाई आदि जैसे बड़े सुधार कार्य शामिल हैं अनुमानित लागत: ₹ 2,62,21,580.12, बयाना राशि: ₹ 5,24,400/-, निविदा मूल्य: ₹ 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 10-11-2026 को 15:00 बजे।

**नोट**: इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य** लखनऊ

मुजाधि/विद्युत-218

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक- 4428(i)/निविदा (प्रा0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-08.10.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:-

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के स्वीकृत कार्य। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | जनपद बलिया में नगरा बरौली घोसी मार्ग से इब्राहिमपुर पटटी बकरा हाल्ट मार्ग(अन्य जिला मार्ग) का (चैनेज 0.000 से 4.000 तक) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित) | निर्माण (875.89) + अनुरक्षण (21.90) कुल लागत 897.79 | 17.96 | (स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया | बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़ |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-30.10.2026 को 10.00 पूर्वान्ह से दिनांक-07.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि -07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कांत) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-258110, दिनांक-13.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4410(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-07.10.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:-

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के स्वीकृत कार्य।(बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | जनपद बलिया में एन0एच0 (वैना) से बलिया-बांसडीह मार्ग (एस0एच0-107) तक बलिया बाईपास मार्ग का निर्माण कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित) (लम्बाई-17.500 कि0मी0) | (निर्माण 10450.95) + अनुरक्षण (268.05) कुल लागत 10719.00 | 107.19 | (स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00 | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया | बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0 आजमगढ़ |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in से दिनांक-30.10.2026 से को 10.00 बजे से दिनांक-07.11.2026 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:-258111

दिनांक-13.10.2026

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## एक नजर इधर भी

### बीएचयू के पुरा छात्र ने प्रोफेसर कानुंगो की स्मृति में दिया ५.२५ लाख का योगदान

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग में दिवंगत प्रोफेसर एम. एस. कानुंगो की स्मृति में एंडॉवमेंट व्याख्यानमाला शुरू की गयी। इसका उद्देश्य प्रतिष्ठित शिक्षक की शैक्षणिक विरासत को संरक्षित करने के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच अकादमिक संवाद को बढ़ावा देना है। व्याख्यानमाला का पहला व्याख्यान हैदराबाद विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर प्रोफेसर बी. जे. राव ने दिया। इस अवसर प विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर संजय कुमार ने योगदान देने वाले पुरा छात्र के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एंडावमेंट एक समर्पित शिक्षक के स्थायी प्रभाव को सम्मानित करने का सार्थक माध्यम है। शिक्षक अपने विद्यार्थियों को प्रेरित करके अपनी शैक्षणिक विरासत को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों को मजबूत बनाने में पुरा छात्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और विभागों के हित में योगदान देने का आह्वान किया। जन्तु विज्ञान विभाग के एक पुरा छात्र ने इस एंडॉवमेंट की स्थापना के लिए ५.२५ लाख रुपये का योगदान दिया है। उन्होंने वर्ष १९६३ से १९६५ के बीच बीएचयू से जन्तु विज्ञान में एमएससी की पढ़ाई की थी। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की और अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय तथा शिकागो विश्वविद्यालय में शोध कार्य किया। वर्ष १९७७ में भारत लौटने के बाद वह हैदराबाद विश्वविद्यालय से जुड़े और वहां जैविक विज्ञान विद्यालय में प्रोफेसर एवं संकाय प्रमुख के रूप में सेवाएं दीं। वर्ष २००३ में सेवानिवृत्त हुए।

### बीएचयू में युवा कलाकारों ने चित्रों में उकेरी काशी की संस्कृति और विरासत

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में सहभागिता और उनकी कलाकृतियों का प्रदर्शन विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ऐसे आयोजन युवा कलाकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का सशक्त




माध्यम हैं। वह बुधवार को दृश्य कला संकाय में आयोजित स्टूडेंट आर्ट काम्पिटिशन २०२६ के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीआईआई बनारस बिनाले २०२६ के अंतर्गत अडानी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के पांच सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। अहिवासी कला वीथिका में विद्यार्थियों की ८११ कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। प्रदर्शनी में दृश्य कला संकाय के शिक्षकों की कलाकृतियां भी शामिल रहीं। बनारस प्रकाश में बुना समय—अतीत, वर्तमान और भविष्य एक चित्र में विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने काशी की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक पहचान, परंपराओं, जनजीवन और भविष्य की कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। अडानी ग्रुप की ओर से प्रतिभागियों को कला सामग्री और आर्ट किट उपलब्ध कराई गईं। वाइस चांसलर ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर रंजन कुमार सिंह, दृश्य कला संकाय की प्रमुख प्रोफेसर जस्मिंदर कौर, व्यवहारिक कला विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मनीष अरोरा, मूर्ति कला विभाग के प्रोफेसर ब्रह्म स्वरूप और कार्यक्रम समन्वयक डाक्टर आशीष कुमार गुप्त सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति किया गया जागरूक

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शारदीय नवरात्र के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज़–६.० के क्रम में बुधवार को पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन एवं अपर पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन के निर्देशन में गोमती ज़ोन के समस्त थानों की एंटी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों–कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी सुरक्षा एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महिला सशक्तिकरण महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव, महिला संबंधी कानूनों तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें किसी भी समस्या अथवा असुरक्षा की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करना तथा उन्हें अपने अधिकारों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना है।

### डाक्टर अंजली यादव को मिला 'कर्म योगिनी सम्मान–२०२६'

**मिशन शक्ति के तहत नारी सम्मान एवं सशक्तीकरण का संदेश**

हरहुआ। पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन उत्तर प्रदेश की ओर से बुधवार को सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में आयोजित संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डाक्टर अंजली यादव (एमबीबीएस, को 'कर्म योगिनी सम्मान–२०२६' से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित स्वास्थ्य केंद्र में सेवाएं दे रहीं डाक्टर अंजली यादव ने कहा कि गरीबों, जरूरतमंदों और पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना उनका प्रमुख लक्ष्य है। चिकित्सा सेवा मानवता की सेवा है और प्रत्येक मरीज के प्रति संवेदना व सहयोग रखना ही डाक्टर का सबसे बड़ा दायित्व है।

### काशी विद्यापीठ वाणिज्य संकाय में कौशल विकास कार्यशाला

वाणिज्य संकाय, काशी विद्यापीठ में विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र द्वारा कॅरिअर काउंसिलिंग की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उत्कर्ष सोनी ने सी.ए. और फाइनेंस के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की। स्वागत करते हुए निदेशक ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल प्रोफेसर शेफाली वर्मा ठकराल ने कहा



कि विद्यार्थियों को अपने सफल करियर के निर्माण के लिए स्किल्स डेवलपमेंट हेतु आयोजित कार्यशालाओं में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे कि प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैम्पस साक्षात्कार में विद्यार्थियों को चयनित होने का अवसर मिले। इस अवसर पर डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह, डॉक्टर सिद्धार्थ रावत, डॉक्टर ए.के. गौतम, मदन लाल आदि उपस्थित रहे।

# पीएम के एयर शो में रहेगा अभेद्य सुरक्षा का पहरा, आपात स्थिति के लिए ग्रीन कॉरिडोर

## योगी ने तैयारियों की समीक्षा पर बोले–पार्किंग से ट्रैफिक प्रबंधन तक हो पुख्ता इंतजाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी दौरे और एयर शो को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं में किसी तरह की चूक न होने देने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि भारी भीड़ के मद्देनजर सरकारी और निजी अस्पतालों को भी आपात स्थिति के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए।योगी ने एयर शो जैसे बड़े आयोजन में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट–गाइड, नागरिक सुरक्षा, युवक मंगल दल और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। त्योहारों और अन्य आयोजनों को देखते



हुए भी पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

क्राउड मैनेजमेंट, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए ग्रीन कॉरिडोर भी तैयार रखा जाए। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक प्रबंधन, रूट डायवर्जन, पर्याप्त पार्किंग और संकेतक लगाने पर जोर दिया। घाटों पर समुचित बैरिकेडिंग, पर्याप्त लाइफ जैकेट और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। पार्किंग स्थलों पर पुलिस, यातायात पुलिस और नगर निगम कर्मियों की तैनाती होगी।

**घाटों से प्रमुख मार्गों तक चमकेगी काशी**

मुख्यमंत्री ने नमो घाट से अस्सी घाट तक पेंटिंग कराने और घाटों की विशेष सफाई के साथ शहर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने को कहा। एयरपोर्ट से शहर के प्रमुख मार्गों तक विद्युत खंभों पर स्पाइरल लाइट लगाने और चौराहों का सुंदरीकरण कराने के निर्देश विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा को दिये गये। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने प्रस्तुतीकरण के जरिए तैयारियों की जानकारी दी। सीएमओ एनपी सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारी बताई। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने ३०० मोबाइल टॉयलेट, ४०० वाटर टैंकर और तीन हजार सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जानकारी दी। घाटों से सिल्ट हटाने का काम भी कराया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु', एमएसएमई राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक डाक्टर नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉक्टर अवधेश सिंह, त्रिभुवन राम, सौरभ श्रीवास्तव, डाक्टर सुनील पटेल, विधान परिषद सदस्य राय धर्मेंद्र सिंह व जगदीश पटेल, जिलाध्यक्ष रामशकल पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, एडीजी जोन नवीन अरोड़ा, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरी मीणा, डीआईजी वैभव कृष्ण, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, सीडीओ प्रखर कुमार सहित एयरफोर्स और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त ने घाटों पर की अधिकारियों की तैनाती

भारतीय वायु सेना दिवस की ९४ वर्षगांठ को ध्यान में रखकर नगर निगम ने अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। नमोघाट पर जहां २२, २४ और २५ अक्तूबर को हवाई प्रदर्शन का आयोजन होने जा रहा है, वहीं इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए स्थानीय और जनपद के भारी संख्या में दर्शकों और

### दुर्गेश मिश्र बने नोडल अधिकारी, लापरवाही करने पर अधिकारी और कर्मचारी नपेंगे

नागरिक सहित अति विशिष्ट व्यक्तियों के आने की सम्भावना है। नगर निगम प्रशासन ने लोगों की सहूलियत को देखते हुए अपनी तरफ से तैयारी तेज कर दी है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गयी है। जो समयबद्ध रूप में व्यवस्थाओं को ठीकठाक करेंगे। गंगा उस पार के समस्त कार्य जैसे–सफाई, दस्टबीन स्थापना, सड़क को गड्ढामुक्त करना, शील्ट की सफाई, मोबाइल टायलेट, वाटर टैंकर और साइनेट लगाने की निगरानी के लिए अपर नगर आयुक्त एवं स्वास्थ्य प्रभारी दुर्गेश मिश्रा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। गंगा पार के घाटों, चौकाघाट से नमोघाट जाने वाले मार्ग, काशी विश्वनाथ मंदिर के सम्पर्क मार्गो की व्यवस्था एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त विनोद कुमार गुप्ता को बनाया गया है। संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। पार्किंग और होल्डिंग क्षेत्रों में सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अपर नगर आयुक्त बर्खा सिंह नमोघाट पर आयोजन स्थल के लिए स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक अमरेन्द्र तिवारी को नोडल आफिसर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जोनल स्वास्थ्य अधिकारियों और जलकल विभाग के अभियंताओं को सफाई, वाटर टैंको के साथ मोबाइल टायलट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चत करनी है। आयोजन के समय किसी प्रकार की दुर्घटना और दुर्व्यवस्थाओं को रोकने के लिए मुख्य अभियंता सुरेश चन्द्र को घाटों से सिल्ट हटाने, सड़को को गड्ढामुक्त करने, गंगा नदी में गहरे जल वाले जोखिम स्थानों पर मजबूर बैरिकेटिंग के साथ चेतावनी बोर्ड भी लगाने का निर्देश दिया गया है। अधिशासी अभियंता आर०के० लाल को गंगा के दोनों तरफ सम्पर्क मार्गो, पार्किंग स्थलों, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की जिम्मेदारी दी गयी है। पशु कल्याण अधिकारी को २० से २६ अक्तूबर तक पक्षियों को नियंत्रण करने और २० से ३० किमी की परिधि में १९ अक्तूबर से कार्यक्रम की समाप्ति तक मांस कटिंग और बिक्री पर रोक लगाने, शहर एवं घाटों को आसपास आवारा पशुओं पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। कार्य में लापरवाही पर सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कारंरवाई होगी।

## नामवर को नामवर ने नहीं, बल्कि उनकी परंपरा ने बनाया–प्रोफेसर श्रीप्रकाश शुक्ल

प्रसिद्ध आलोचक डॉक्टर नामवर सिंह की जन्मशती पर उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी के हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'डॉक्टर नामवर सिंह – हिंदी आलोचना का संवादी स्वर' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता करते हुए आलोचक प्रोफेसर श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि नामवर को नामवर ने नहीं, बल्कि उनकी परंपरा ने बनाया, उनकी परंपरा की समझ ने बनाया। प्रोफेसर अरविंद त्रिपाठी ने कहा कि उनकी आलोचना का क्षेत्र किसी विशाल गंगा के पाट की तरह असीमित है। यदि वे कवि न होते, तो इतने बड़े आलोचक भी नहीं बन पाते; असल में कविता की खोज करते–करते ही वे आलोचक बने। शिवकुमार 'पराग' ने कहा कि एक सच्चा आलोचक ही कविता के मूल स्वर को पाठक के मर्म तक पहुंचाता है, और नामवर जी ने इस दायित्व को अत्यंत कुशलता के साथ निभाया। प्रोफेसर कमलेश शर्मा ने कहा कि आज के दौर में छायावादी काव्य को सही अर्थों में समझने के लिए आचार्य नामवर सिंह को पढ़ना सबसे अधिक आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विवेक सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अरविंद सिंह ने किया। प्रोफेसर संजीव कुमार ने कहा कि डॉक्टर नामवर सिंह दुनिया भर के नये से नये वैचारिक आंदोलनों और प्रवृत्तियों को लेकर हमेशा अपडेट रहते थे। प्रोफेसर रघुवंशमणि ने कहा कि डॉक्टर नामवर सिंह की आलोचना में ऐसी पर्याप्त और उर्वर संभावनाएँ मौजूद हैं। प्रोफेसर सूरज बहादुर थापा ने कहा कि नामवर जी जटिल से जटिल साहित्यिक और वैचारिक प्रसंगों को पाठकों के लिए सहज एवं सरल बनाते थे। प्रोफेसर अवधेश प्रधान ने कहा कि डॉक्टर नामवर सिंह को महज आलोचना और प्रशंसा की सीमित भाषा में नहीं समझा जा सकता, क्योंकि वे गहरे अंतर्विरोधों से युक्त व्यक्तित्व थे। कार्यक्रम में प्रोफेसर अनिता सिंह, डॉक्टर महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, डॉक्टर रमेश प्रताप सिंह, डॉक्टर प्रवीण कुमार यादव, डॉक्टर विकास सिंह, डॉक्टर पूनम सिंह ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर तरुण कुमार, प्रोफेसर अरविंद त्रिपाठी, प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर शशिकांत द्विवेदी, प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी सहित अन्य शिक्षकगण, छात्र उपस्थित रहे।

## चौकाघाट में एलिवेटेड रोड का रैंप उतारने के विरोध में धरना

वरुणा एलिवेटेड रोड का रैंप चौकाघाट लकड़ी मंडी के पास उतारने के विरोध में बुधवार को लकड़ी व्यापार मंडल एवं प्राचीन बनारस बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आयोजित धरना सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि चौकाघाट लकड़ीमंडी के पास संस्कृत विश्वविद्यालय सड़क पर वरुणा एलिवेटेड रोड का रैंप उतारा जा रहा है जिससे हजारों वाहन जगतगंज के पास उतरने के कारण तेलियाबाग, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन, गोदौलिया, नयीसड़क सहित पूरा बनारस जाम होगा और साथ राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय एवं डाक्टर सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय सहित सैकड़ों मकान टूटने से हजारों लोग प्रभावित होंगे। साथ ही पूरा लकड़ीमंडी समाप्त हो जायेगा। धरना के अन्त में बैठक में तय हुआ कि शासन–प्रशासन पुन: तय करे कि रैंप को चौकाघाट ना उतार कर

### सरकार इस योजना पर पुनः विचार करे–राजेन्द्र गांधी

नमो घाट के पास भारत सेवा संघ के पास उतारा जाये। धरनास्थल से महामंत्री राजेन्द्र गांधी कुशवाहा ने कहाकि वरुणा एलिवेटेड रोड का रैंप चौकाघाट में न उतारा जाये साथ ही चौकाघाट से नमो घाट तक जी.टी.रोड पर ऊपरगामी मार्ग भी ना बनाया जाये। ऊपरगामी मार्ग से सिटी स्टेशन, कज्जाकपुरा ओवरब्रिज भी ऊपरगामी मार्ग में बाधा उत्पन्न करेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मार्ग से कज्जाकपुरा ओवरब्रिज भी ऊपरगामी मार्ग उतार में बाधा उत्पन्न करेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश सरकार




के मंत्री रवीन्द्र जायसवाल को शहर उत्तरी के कार्यालय एवं प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्रक देकर अवगत करा चुका है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। धरना में शंभू दत्त वेलवाल, राजेन्द्र गांधी कुशवाहा, उमाशंकर चौहान, लल्लन चौहान, धर्मेश महाराज, अजीत चौहान, गणेश चौहान, हरी चौहान, रामाश्रय पाल, कन्हैया चौहान, सुनील सिंह चौहान, सुदर्शन चौहान, उमेश चौहान, बबलू बाबा, सूबेदार चौहान आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा के वाराणसी जिलाध्यक्ष बने गोविंद दास गुप्त

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष गोविंद दास गुप्ता को बनाई जाने पर कार्यकर्ताओं में भारी खुशीभाजपा संगठन ने जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी खुशी वह बधाइयां दी बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोविंद दास गुप्ता को अंगवस्त्र फूल गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया जिसमें उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश पटेल एमएलसी अश्वनी त्यागीक्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया वाराणसी जिला अध्यक्ष राम सकल पटेल महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा स्वतंत्र प्रभार मंत्री रविंद्रजायसवाल नगर



महापौर अशोक तिवारी धर्मेंद्र सिंह विधान परिषद सदस्य कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव दक्षिणी विधायक नीलकंठ तिवारी अजगरा विधायक त्रिभुवन राम सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या वाराणसी संगठन प्रभारी अरुण पाठक पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्र भूषण चौधरी वाराणसी स्नातक खंड प्रत्याशी केदारनाथ सिंह शिक्षक संघ प्रत्याशी प्रमोद मिश्रा रोहनिया पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ओढे रोहनिया विधायक सुनील पटेल संजीव सिंह जिले के सभी पदाधिकारी गण गोविंद दास गुप्ता को बधाइयां दी गोविंद दास गुप्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय से पठन–पाठन करने के बाद छात्र जीवन से सामाजिक जीवन में तब्दील हुए भारतीय जनता पार्टी में संगठन में ईमानदारी से कार्य करते रहे भाजपा ने उन्हें जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग जिला कार्य समिति सदस्य पूर्व शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी बूथअध्यक्ष बूथ प्रभारी बनाया भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा वाराणसी मंडल के भी अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी हैं इसके बाद उनकी संघर्ष को देखते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया गुप्ता जी रोहनिया विधानसभा के खनाव चुनार रोड बछाव के निवासी हैं।

## चाइनीज मंझे की चपेट में आने से अधिवक्ता घायल

चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के बावजूद हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार शाम नदेसर से वरुणा पुल की ओर जा रहे दीवानी अधिवक्ता आकाश सिंह इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। अचानक गले में मांझा फंसने से उन्हें गहरा घाव हो गया। समय रहते बड़ा खतरा टल गया और उनकी जान बच गई। आकाश सिंह बुधवार को नदेसर डाकघर से रजिस्ट्री और पोस्टल ऑर्डर का काम निपटाकर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक मोड़ के पास हवा में लटक रहा मांझा उनके गले में उलझ गया। मांझे से गले पर गहरा कट लगने के बाद खून बहने लगा। अधिवक्ता के मुताबिक, जिस पतंग से मांझा जुड़ा था, वह पहले ही कट चुकी थी। इस कारण मांझे में खिंचाव कम था और उनकी जान बच गई।प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे की उपलब्धता और इस्तेमाल पर सवाल उठ रहे हैं। आए दिन होने वाली ऐसी घटनाओं के बीच इसकी बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कारंरवाई की मांग भी उठ रही है। अधिवक्ता पहले से ही चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल के विरोध में आवाज उठा रहे हैं। ताजा घटना ने इस मांग को फिर चर्चा में ला दिया है।

## टीवीएस एजेंसी में मारपीट, मुकदमा दर्ज

लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र स्थित मिश्रा टीवीएस एजेंसी में वाहन क्लेम लेने पहुंचे युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सोनकर नगर कॉलोनी निवासी समीर सोनकर ने एजेंसी से जुड़े पांच लोगों समेत अन्य पर गाली–गलौज, मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। समीर के मुताबिक, बुधवार को वह अपने आरटीआर अपाचे वाहन का क्लेम लेने सुबह करीब ११ बजे एजेंसी पहुंचा था। वहां अनिल यादव से फोन पर बातचीत के दौरान विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद छोटू यादव, अक्षय मिश्रा, चौबे जी, गौरव और गोलू समेत अन्य लोग एकजुट हो गए और उसे शोरूम के बेसमेंट में गिराकर पीटने लगे। मारपीट में उसके सिर, गर्दन, पीठ और कमर में चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। समीर ने दावा किया कि घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है। उसने आरोपितों से भविष्य में भी खतरा होने की आशंका जताई है। लालपुर इंस्पेक्टर अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एजेंसी में हुए विवाद के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नृत्य प्रस्तुतियों के जरिये दिखी देश की सांस्कृतिक विविधता

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के तालस्या डांस सोसाइटी की ओर से सिटी डेलीगेसिस के सहयोग से आयोजित सांस्कृतिक संध्या झूम २६ में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और विरासत की रंगारंग झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमएस के निदेशक प्रोफेसर एस.एन. संखवार ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर रंजन कुमार सिंह ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन बनाये रखने और विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्यों ने देश की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया। मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही, जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम का आयोजन सिटी डेलीगेसिस की वार्डन डाक्टर श्यामा के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में सहयोग के लिए प्रोफेसर सुनील चौधरी और डाक्टर धीरेंद्र को सम्मानित किया गया। मुख्य वार्डन प्रोफेसर ललित मोहन अग्रवाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

## धनुष यज्ञ, सीता स्वयंबर एवं लक्ष्मण–परशुराम संवाद की लीला देख रोमांचित हुए लीला प्रेमी

चौबेपुर। स्थानीय बाजार में रामलीला के पांचवें दिन बुधवार को भगवान श्रीराम ने धनुष को तोड़कर माता सीता से विवाह किया। इस मनोहर दृश्य को देखकर ग्रामवासी भाव विभोर हो गये। शिव धनुष तोड़ने पर तभी परशुराम के प्रचंड क्रोध का भी नजारा देखने को मिला। बता दें कि सन १८८० से चौबेपुर कस्बा में रामलीला होती आ रही है। ग्रामीणों द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला के पात्र का पाठ कर शमा बांधा गया, जिसमें रामलीला के मनोहर दृश्य को देखने के लिए क्षेत्र की जनता भी उमड़ पड़ी। वहीं सियाबर राम चंद्र की मनोहर छवि को देखकर लोग भाव विभोर हो गये। तभी धनुष तोड़ने के दृश्य को देखकर परशुराम के क्रोध का भी दृश्य लोगों ने देखा। बार–बार अपने फरसे की धार को दिखाते हुए क्षत्रियों का नाश करने की बात कहते रहे। वहीं लोग भी इस छवि को देखकर शांत हो गये, तभी लक्ष्मण द्वारा अपने चुटकुले अंदाज में लोगों को हंसाते हुए परशुराम के संवाद करते देखे गये, जिससे लोग आनंदित होते रहे, लेकिन परशुराम का क्रोध बढ़ता गया। परशुराम का पाठ कंचन चौबे ने बखूबी निभाया। वही हुड़दंगा सिंह का पाठ कर रहे बबलू जायसवाल ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया, धनुष तोड़ने जनकपुर पहुंचे राजाओं ने अपने अपने पाठ से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला के प्रारंभ में राम सीता और लक्ष्मण के छवि की रामलीला कमेटी के संरक्षक कालिका प्रसाद एडवोकेट, अध्यक्ष श्याम मोहन गुप्त, देव चतुर्वेदी, आदर्श चौबे, अजय गुप्त, अकेला राहुल सेठ, राजू सेठ, प्रिंस चौरसिया पिट्टी, बबलू, पिंटू, प्रेम चंद्र कटरू गणेशू ने आरती उतारने का काम किया।

## युवाओं को वैचारिक धार देगा रोसा, छात्रसंघ पर भी मंथन

रोजगार एवं सामाजिक अधिकार अभियान (रोसा) की ओर से एक–दो नवंबर को युवाओं के राजनीतिक प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को सिद्धगिरी बाग स्थित एक होटल में बैठक हुई। संयोजक अखिलेंद्र प्रताप ने बताया कि कार्यशाला में देश की आर्थिक–राजनीतिक दिशा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के सवालों पर चर्चा होगी। दो नवंबर को छात्रसंघ की प्रासंगिकता पर खुला सत्र भी आयोजित किया जाएगा। अनिल श्रीवास्तव, प्रो. सुरेंद्र प्रताप, प्रो. अनिल उपाध्याय और विजय शंकर पांडेय ने युवा नेतृत्व विकसित करने में इसे अहम पहल बताया। संचालन आनंद मिश्रा ने किया।

## विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में आईआईटी बीएचयू के ५७ शोधकर्ता शामिल

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ५७ शोधकर्ताओं को स्टैनफोर्ड–एल्सेवियर की वर्ष २०२६ की विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। इनमें ३३ शोधकर्ता करियर के समग्र शोध प्रभाव के आधार पर, जबकि ५७ शोधकर्ता वर्ष २०२५ के शोध प्रभाव के आधार पर सूची में शामिल किये गये हैं। यह उपलब्धि वैश्विक शोध जगत में संस्थान की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है। एल्सेवियर के डाटा रिपॉजिटरी में सात अक्टूबर को प्रकाशित इस सूची को स्कोपस के उद्धरण आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं के शोध पत्रों को मिले उद्धरण, एच–इंडेक्स, सह–लेखक और शोध पत्रों में लेखकीय योगदान जैसे मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। एक वर्ष के शोध प्रभाव वाली सूची में वर्ष २०२५ के दौरान शोधकर्ताओं के कार्यों को मिले उद्धरणों के प्रभाव को आधार बनाया गया है। आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह संस्थान के शिक्षकों की उच्च गुणवत्ता वाले शोध और प्रभावशाली नवाचार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में शोधकर्ताओं के निरंतर योगदान से आईआईटी बीएचयू की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत हो रही है। शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में संस्थान के शोधकर्ताओं की भागीदारी इसकी शोध क्षमता और अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है।

क्षय मुक्त काशी – निरोग काशी
क्षय रोग (TB) के लक्षण
समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरुचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।
क्षय रोग उन्मूलन हेतु

सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी–निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)
संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
–: सहयोग :–
आज
KG कन्हैयालाल गुलाबचन्द सर्राफ
सोने, कुन्दन व हीरे के आभूषणों का अनुपम संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवम् ग्रह रत्नों की विशाल शृंखला उपलब्ध
चौक (ठठेरी बाजार गली के सामने) वाराणसी फोन: 0542 - 2390754
चांदी सिल प्रति किलो– 2,25,000/–
सिक्का प्रति सैकड़ा– 2,63,000/–
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम– 1,47,500/–
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम– 1,38,500/–

**सुभाषित** *जो व्यक्ति किसीसे धन एवं सामग्रीकी सहायता लेनेके पश्चात अपने दिये हुए वचनका पालन नहीं करता तो वह संसारमें सबसे अधिक निकृष्ट माना जाता हैं।* ❑ **हितोपदेश**



## चीनका फिर प्रलाप

चीन भारतसे अपने द्विपक्षीय सम्बन्धोंको सामान्य बनानेकी बातें तो करता है, जो उसकी कूटनीतिका हिस्सा है। लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। उसकी कथनी और करनीमें जमीन-आसमानका अन्तर है। इसलिए उसकी किसी भी बातपर विश्वास नहीं किया जा सकता है। चीनने फिर पुराना प्रलाप शुरू कर दिया है और दावा किया है कि लद्दाखकी २८ जगहें उसकी अपनी है। चीन लद्दाखको भारतकी ओरसे बनाये गये केन्द्रशासित प्रदेशको भी नहीं मानता है। भारतने इस प्रकरणमें चीनको करारा जवाब दिया है और कहा है कि लद्दाख भारतका अभिन्न अंग है और अविभाज्य हिस्सा है। भारतने कुछ दिन पूर्व ही लद्दाखमें २८ स्थानोंको आधिकारिक नाम देनेका फैसला किया था। मंगलवारको चीनकी ओरसे इसपर विरोध जताया गया था। भारतने चीनके इस अनर्गल दावेको सिरेसे खारिज कर चीनको दो-टूक जवाब दिया है। इससे सीमा मुद्देपर मतभेद फिर उजागर हुआ है, जो आपसी रिश्तोंमें कटुता उत्पन्न करने वाला है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक नक्शेपर लद्दाखके २८ स्थानोंको मानक नाम दिये गये हैं। विगत दो अक्तूबर, २०२६ को भारत सरकारने लद्दाखके २८ स्थानों और भौगोलिक विशेषताओंको सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक मानचित्रपर मानकीकृत नामोंके साथ दर्ज किया है। इनमें पर्वत, चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, घाटियां, नदियां, झील और अन्य भू-भाग शामिल हैं। इसका उद्देश्य भारतके आधिकारिक नक्शोंमें इन स्थानोंकी पहचानको स्पष्ट और व्यवस्थित करना तथा इनके बारेमें जागरूकता बढ़ाना है। इनमें गोगरा और हाट स्प्रिंग विशेष रूपसे महत्वपूर्ण है। दोनों २०२० को भारत-चीन सैन्य गतिरोधके प्रमुख टकराव वाले क्षेत्रोंमें रहे हैं। इस मामलेमें चीनने जो बयान दिया है, वह स्थान नामकरणका विरोध नहीं है, बल्कि इसके पीछे चीनका पुराना सीमा दावा भी स्पष्टत: दिखायी देता है। भारतने इस पूरे विवादको अपनी सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डताके स्पष्ट पुनर्पुष्टिकरणके रूपमें देखा है। लद्दाखका मौजूदा विवाद २०२० के सैन्य गतिरोधसे जुड़ा है। गलवान घाटीमें जून २०२० में हुई हिंसक झड़पमें भारतीय और चीनी सैनिकोंकी जान गयी थी। इसके बाद दोनों देशोंने पूर्वी लद्दाखमें बड़े पैमानेपर सैनिक और सैन्य संसाधन तैनात किये थे। लेकिन बादमें कुछ स्थितियां बदलीं लेकिन पूरी सीमाका अन्तिम समाधान अभी नहीं हुआ है। भारत और चीनके बीचपर वास्तविक नियंत्रण रेखाके कई हिस्सोंकी संवेदनशील भौगोलिक और सामरिक स्थितिको देखते हुए भारतको इसमें किसी तरहकी ढिलाईसे बचना होगा और मजबूत दबाव बनाये रखना होगा।

## लोभ-लापरवाहीका खामियाजा

बिहारके वैशाली जिलेमें मंगलवारकी रात गंगामें नाव डूबनेकी दुर्भाग्पूर्ण घटनामें १३ लोगोंकी मौत अत्यन्त दुखद है। मृतकोंमें दस लड़कियां और तीन लड़के हैं जिनकी उम्र छहसे १८ वर्ष बतायी जा रही है। छोटी नावपर क्षमतासे अधिक २० से २५ लोग सवार थे जो राधोपुरमें श्राद्ध भोजमें शामिल होने जा रहे थे। कुछ लोगोंने तैर कर अपनी जान बचायी, जबकि कई लोग लापता बताये जा रहे हैं उनकी तलाश जारी है। डूब रहे लोगोंकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग तत्काल पहुंचकर १७ लोगोंको पानीसे बाहर निकाला। सभीको प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकोंने १३ को मृत घोषित कर दिया और तीनको गम्भीर स्थितिमें पटना मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणोंके अनुसार नावमें छेद था जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। नावमें पानी भरते ही उसमें सवार लोगोंमें अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान किनारे मौजूद लोग नदीमें कूद पड़े और तैरकर डूब रहे लोगोंको बाहर निकाला लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी और १३ लोगोंकी जान चली गयी। घटनापर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने मृतकोंके परिजनोंको दो-दो लाख रुपये और घायलोंको ५० हजार रुपये मददकी घोषणा की है। वहीं बिहारके मुख्य मंत्री सम्राट चौधरीने मृतकोंके परिजनोंको चार-चार लाख रुपयेकी अनुग्रह राशि देनेका ऐलान किया। इस हादसेके लिए नाविक पूरी तरह जिम्मेदार माना जायगा, जिसने छोटी नावपर क्षमतासे अधिक सवारियोंकी जगह दी जिसके चलते यह लापरवाहीका सफर साबित हुआ। ऐसा अकसर होता है कि नाविक पैसेकी लालचमें नावकी क्षमता सीमा लांघ कर सवारी बैठा लेते हैं। वे खुद तो बच निकलते हैं, क्योंकि वह अच्छे तैराक होनेके साथ अनुभवी भी होते हैं, लेकिन सवारियोंको इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे नाविकोंके विरुद्ध कड़ी काररवाई होनी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने। लोगोंको भी सतर्क रहना होगा।

## लोक संवाद

### शक्ति उपासनासे नवीन ऊर्जाका संचार

महोदय,-भारत पर्व और त्योहारोंका देश कहा जाता है। यह पर्व हमारे जीवनमें मानों नवीनताका संचार करते हैं और हमें एक नवीन ऊर्जासे भर देते हैं। इन्हीं पर्वोंमें नवरात्र अपने आपमें महान पर्व है, जिसमें शक्ति स्वरूपा मां दुर्गाकी उपासना भी हमारे अन्दर सात्विकताका संचार करती है। वही आदि शक्ति ही सब प्राणियोंमें शक्ति, निद्रा, विद्या, तुष्टि आदि रूपोंमें विद्यमान है। उन्हींसे यह सारा जगत व्याप्त है। उपासनाका अर्थ है समीप और आसनका अर्थ बैठना है। अर्थात् हम जिनकी उपासना कर रहे हैं उनका चिंतन-मनन करें। नवरात्र पर्वपर देवीकी विभिन्न रूपोंमें उपासना भी हमारे भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार कर देती है। दो गुप्त नवरात्र और वासंतिक और शारदीय नवरात्र होते हैं। शारदीय और वासंतिक नवरात्र ज्यादा प्रसिद्ध हैं। गुप्त नवरात्रमें भी शक्ति स्वरूपा मां जगदंबाकी उपासना, पूजन, अर्चना हमें मनोवांछित फल प्रदान करती है और शक्तिके बिना न तो हमारा अस्तित्व है और न ही इस संसारका। यह पर्व मानों हमें यही स्मरण दिलाता है कि कोई अदृश्य शक्ति हैं जिनसे यह सारा संसार व्याप्त और गतिमान है। मार्कण्डेय पुराण अन्तर्गत दुर्गा सप्तशतीमें भगवती दुर्गा और उनकी महिमाका विस्तारसे वर्णन है कि वही शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा दानव शक्तियोंका नाश करती हैं और उन्होंने देवताओंसे स्वयं कहा है कि जब जब दानवीय शक्तियोंका उत्थान होगा अर्थात् अधर्म बढ़ेगा तब अलग-अलग स्वरूपोंमें वही शक्ति स्वरूपा दुर्गा अवतार लेकर असुरोंका विनाश करेंगी। भगवान शिव और पार्वती भी शिव और शक्ति माने जाते हैं। भगवान रामने भी रावणपर विजय प्राप्त करनेके लिए इन्हीं शक्तिकी उपासना की थी। इस पर्वपर घर-घरमें मां दुर्गाका पूजन अर्चन, मांके सुमधुर गीत, कन्या पूजन, हवनसे मानों वातावरणमें भी एक नवीन चेतनाका संचार होता है। नारी सम्मान हमारे देशकी संस्कृति रही है। यह पर्व भी हमें यही सीखाता है कि स्त्री हर रूपमें आदरणीय है। यह पर्व देवीकी उपासना पूजन और उनका सतत स्मरणसे हमें अपने भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार करनेका अवसर है। शारदीय नवरात्रिसे ऋतुमें परिवर्तन होने लगता है और प्रकृति सर्दीकी चादरमें सिकुड़ने लगती है, ऐसेमें नवरात्रिकी नौ दिनोंकी अवधिमें उपासक संतुलित और सात्विक भोजन ग्रहण कर अपना ध्यान चिंतन और मननमें लगाकर स्वयंको भीतरसे शक्तिशाली बना सकते हैं, जिससे ऋतु परिवर्तनका उनकी सेहतपर बुरा असर नहीं पड़ता। नवरात्रिके नौ व्रत रखनेसे न केवल स्वयंको मानसिक रूपसे भीतरसे शक्तिशाली बनाया जा सकता है, बल्कि उत्तम स्वास्थ्यकी दृष्टिसे भी इसके कई लाभ होते हैं। मान्यता है कि जो भक्त नवरात्रिका व्रत रखते हैं, वे दूसरोंकी तुलनामें आरोग्य जीवन जीते हैं। दरअसल नवरात्रि व्रतके दौरान लोग गरिष्ठ भोजनसे दूर रहते हैं और फल ग्रहण करते हैं, जिससे बॉडी डिटॉक्स होती है, तनावकी समस्या दूर होती है और त्वचामें निखार भी बढ़ता है। नवरात्रि व्रत रखनेसे शरीरमें कोलेस्ट्रॉलका स्तर भी कम हो जाता है। नौ दिनोंतक पूरे संयमके साथ व्रत रखनेसे आध्यात्मिक फायदोंके अलावा पेटको आराम मिलनेसे उसकी सेहत अच्छी होती है, रक्तचाप नियंत्रित होता है, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोगोंमें आराम मिलता है, नींद बेहतर होती है, उम्र लंबी होती है तथा कैंसर, अल्जाइमर जैसी गम्भीर बीमारियोंका जोखिम भी कम होता है। **-अखिलेश कुमार मिश्र, वाराणसी।**

# विरोधके अधिकारपर सर्वोच्च टिप्पणी

**लोकतंत्र केवल चुनाव कराने, सरकार बनाने और शासन चलानेकी व्यवस्थाका नाम नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति नागरिकोंको अपनी बात कहने, असहमति व्यक्त करने और सरकारकी नीतियोंपर प्रश्न उठानेकी स्वतंत्रता देनेमें निहित है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सुप्रीम कोर्टका हस्तक्षेप अत्यन्त महत्वपूर्ण है।**

❑ **महेन्द्र तिवारी**

न्याय जिस लोकतांत्रिक व्यवस्थामें नागरिक अपनी शिकायतें खुलकर सामने रख सकें, शांतिपूर्ण ढंगसे विरोध कर सकें और अपनी मांगोंके समर्थनमें आवाज उठा सकें, वही व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्योंको मजबूत करती है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन और सार्वजनिक व्यवस्थाके बीच टकरावकी स्थिति पैदा होती है, तब नागरिक अधिकारोंकी रक्षा और कानूनका पालन सुनिश्चित करना प्रशासनके लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सर्वोच्च न्यायालयका हस्तक्षेप इसी संदर्भमें महत्वपूर्ण है। १० अक्तूबर २०२६ को दिल्लीमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे और मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणको लेकर विरोध प्रदर्शनका आह्वान किया गया था। प्रदर्शनकारियों और विपक्षी दलोंने निर्वाचन प्रक्रियामें कथित अनियमितताओंको लेकर सवाल उठाये। उनका आरोप था कि मतदाता सूचीमें बदलावकी प्रक्रियासे कुछ वर्गोंके मतदाताओंके अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर निर्वाचन आयोगने प्रक्रियामें पक्षपातके आरोपोंको खारिज किया है। सत्तारूढ़ दलने भी विपक्षके आरोपोंपर आपत्ति जतायी है। इसलिए इस पूरे विवादमें आरोपों, आधिकारिक स्पष्टीकरणों और प्रमाणित तथ्योंको अलग-अलग समझना आवश्यक है। प्रदर्शनके मद्देनजर दिल्लीके कई हिस्सोंमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी। मेट्रो स्टेशनोंको बंद करने, आवागमन सीमित करने और इंटरनेट सेवाओंपर प्रतिबंध लगाने जैसे कदमोंकी खबरें सामने आयीं। बड़ी संख्यामें लोगोंको हिरासतमें लिये जानेकी सूचना भी मिली। इन कदमोंसे केवल प्रदर्शनकारियोंकी गतिविधियां प्रभावित नहीं हुईं, बल्कि आम नागरिकोंकी आवाजाही, दैनिक कामकाज और सार्वजनिक परिवहनपर भी असर पड़ा। ऐसेमें यह प्रश्न उठना स्वाभाविक था कि सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनेके लिए किये गये प्रबंध किस सीमातक आवश्यक और उचित थे।



इसी पृष्ठभूमिमें ११ अक्तूबर २०२६ को सर्वोच्च न्यायालयने विशेष सुनवाई करते हुए अधिकारियोंको कई महत्वपूर्ण अंतरिम निर्देश दिये। न्यायालयने कहा कि शांतिपूर्ण और निहत्थे लोगोंको कानूनमें निर्धारित प्रक्रियाके बिना हिरासतमें नहीं लिया जाना चाहिए। उसने मेट्रो और रेल सेवाओंको सामान्य रूपसे चलाने, शहरमें यातायात नियमोंके अधीन लोगोंकी आवाजाही सुनिश्चित करने तथा इंटरनेट सेवाओंको अनावश्यक रूपसे बाधित न करनेपर जोर दिया। न्यायालयने सड़कोंपर लगाये गये अवरोधोंकी तत्काल समीक्षा करने और अदालतोंतक लोगोंकी पहुंच सुनिश्चित करनेके निर्देश भी दिये। इन निर्देशोंके साथ यह स्पष्ट रखा गया कि सार्वजनिक व्यवस्थाकी वास्तविक आवश्यकता होनेपर कानूनके अनुसार उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं।

इस घटनाक्रमका महत्व इसलिए भी है कि संविधान नागरिकोंको केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि शासनकी शक्तियोंकी सीमाएं भी निर्धारित करता है। भारतीय संविधानका अनुच्छेद-१९ नागरिकोंको अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता और शांतिपूर्वक तथा बिना हथियारोंके एकत्र होनेका अधिकार प्रदान करता है। ये अधिकार लोकतंत्रमें नागरिक सहभागिताका आधार हैं। हालांकि इनपर संविधानमें निर्धारित आधारोंपर उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए विरोध करनेकी स्वतंत्रताका अर्थ कानूनसे ऊपर होना नहीं है और न ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखनेका अर्थ नागरिकोंके अधिकारोंको मनमाने ढंगसे सीमित करना है।

प्रशासनकी जिम्मेदारी है कि वह संभावित हिंसा, यातायात अवरोध और सार्वजनिक संपत्तिको होने वाले नुकसानसे बचानेके लिए आवश्यक कदम उठाये। लेकिन किसी संभावित खतरेकी आशंकाके आधारपर सभी लोगोंकी आवाजाही रोक देना या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियोंको बिना वैधानिक आधारके हिरासतमें लेना उचित नहीं माना जा सकता। प्रतिबंधोंका औचित्य, उनकी अवधि और उनका दायरा परिस्थितियोंके अनुरूप होना चाहिए। जहां सीमित व्यवस्थासे समस्याका समाधान संभव हो, वहां व्यापक प्रतिबंधोंके कारण आम नागरिकोंको अनावश्यक परेशानीमें डालनेसे बचना चाहिए।

दिल्ली जैसे महानगरमें मेट्रो और रेल सेवाएं केवल यातायातके साधन नहीं हैं। लाखों लोग प्रतिदिन इन सेवाओंके माध्यमसे अपने कार्यस्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक स्थानोंतक पहुंचते हैं। अचानक परिवहन सेवाएं बंद होनेसे विद्यार्थियोंकी पढ़ाई, कर्मचारियोंकी उपस्थिति, मरीजोंकी चिकित्सा और छोटे कारोबारियोंकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। इसी प्रकार इंटरनेट सेवाएं आज शिक्षा, बैंकिंग, व्यापार, संचार और आपातकालीन सहायताका महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए इनके व्यापक प्रतिबंधका प्रभाव प्रदर्शन स्थलसे कहीं अधिक दूरतक पहुंचता है।

इस संदर्भमें सर्वोच्च न्यायालयकी भूमिका केवल किसी एक प्रदर्शनको लेकर आदेश देनेतक सीमित नहीं है। न्यायपालिकाका दायित्व यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रशासनिक काररवाई संविधान और कानूनके अनुरूप हो। जब नागरिकोंको लगता है कि उनके अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तब न्यायालयसे राहतकी अपेक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्थाका स्वाभाविक हिस्सा है। हालांकि न्यायिक हस्तक्षेपका अर्थ यह नहीं है कि किसी विवादमें एक पक्षके सभी आरोप स्वत: सिद्ध हो गये। न्यायालयके अंतरिम निर्देश, प्रारंभिक टिप्पणियां और अंतिम निर्णय अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। दिल्लीके मामलेमें भी अधिकारियोंसे जवाब और अनुपालन संबंधी जानकारी मांगी गयी है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष तथ्यों, प्रस्तुत साक्ष्यों और आगेकी न्यायिक प्रक्रियाके आधारपर ही निकाला जाना चाहिए।

निर्वाचन प्रक्रियासे संबंधित विवादका एक व्यापक पक्ष जनताका विश्वास है। चुनाव लोकतंत्रकी बुनियादी प्रक्रिया हैं और मतदाता सूची उनकी विश्वसनीयताका महत्वपूर्ण आधार है। मतदाता सूचीका पुनरीक्षण आवश्यक हो सकता है, क्योंकि समयके साथ मृत्यु, स्थान परिवर्तन और अन्य कारणोंसे अभिलेखोंमें बदलाव करना पड़ता है। लेकिन इस प्रक्रियामें किसी पात्र नागरिकका नाम गलत तरीकेसे हटना उसके मताधिकारको प्रभावित कर सकता है। इसलिए सूचीमें संशोधन करते समय पारदर्शिता, स्पष्ट मानदंड, उचित सूचना और शिकायतोंके निवारणकी प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। राजनीतिक दलों और नागरिकोंकी आपत्तियोंका समाधान प्रमाणोंके आधारपर होना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन भी लोकतंत्रमें संवादका माध्यम हैं। नागरिक जब किसी निर्णयसे असहमत होते हैं तो शांतिपूर्ण ढंगसे अपनी मांग रखना उनका संवैधानिक अधिकार है। साथ ही प्रदर्शन आयोजित करने वालोंका दायित्व है कि वे कानूनका पालन करें, हिंसासे बचें और दूसरे नागरिकोंके अधिकारोंका सम्मान करें। प्रशासनको भी प्रदर्शनकारियोंके साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, ताकि तनाव कम किया जा सके और सार्वजनिक सुविधाएं बाधित न हों। दोनों पक्षोंकी जिम्मेदारी और संयमसे ही ऐसी परिस्थितियोंका समाधान संभव है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोकतांत्रिक असहमतिको केवल कानून-व्यवस्थाकी समस्याके रूपमें न देखा जाय। असहमति किसी भी जीवंत लोकतंत्रका स्वाभाविक अंग है। उसी प्रकार हर विरोधको स्वत: उचित मान लेना भी पर्याप्त नहीं है। उसकी प्रकृति, उद्देश्य और तरीकेका मूल्यांकन कानून तथा तथ्योंके आधारपर किया जाना चाहिए। सरकार, प्रशासन, निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दल और नागरिक समाज सभीकी भूमिका महत्वपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे एक बार फिर यह संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिए। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखाई देती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना,

> **सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिए। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना, असहमतिका सम्मान और कानूनका समान रूपसे पालन सुनिश्चित करना भी उत्तरदायी लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पहचान है।**

# विकासमें युवा शक्तिका योगदान

**विद्यार्थी राष्ट्रकी सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनकी आंखोंमें पलने वाले सपने, मनमें उठने वाले विचार और कर्ममें दिखने वाला संकल्प ही देशके भविष्यकी दिशा निर्धारित करता है।**

❑ **प्रो.मनोज डोगरा**

आज के विद्यार्थी ही कलके वैज्ञानिक, शिक्षक, चिकित्सक, प्रशासक, उद्यमी, सैनिक और राष्ट्रनिर्माता हैं। इसलिए विद्यार्थियोंकी प्रतिभाको निखारना, उन्हें सही दिशा देना और उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना केवल परिवार या शिक्षण संस्थानोंकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाजका दायित्व है। इसी संदर्भमें विश्व विद्यार्थी दिवसका महत्व और भी बढ़ जाता है। भारतमें १५ अक्तूबरको पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओंके प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलामकी जयंतीके अवसरपर विश्व विद्यार्थी दिवस मनाया जाता है। इस दिवसका उद्देश्य विद्यार्थियोंके जीवनमें शिक्षा, ज्ञान, अनुशासन, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोणके महत्वको रेखांकित करना है। डा. कलामका संपूर्ण जीवन इस बातका प्रमाण है कि साधारण परिस्थितियोंमें जन्म लेने वाला व्यक्ति भी असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके पास बड़े सपने देखनेका साहस और उन्हें साकार करनेके लिए निरन्तर परिश्रम करनेका संकल्प हो।

डा. कलामका जीवन विद्यार्थियोंके लिए प्रेरणा- डा. कलामका जीवन संघर्ष, सादगी, अनुशासन और समर्पणकी अनुपम मिसाल है। तमिलनाडुके रामेश्वरममें एक साधारण परिवारमें जन्मे कलामने कठिन परिस्थितियोंके बावजूद शिक्षाके प्रति अपनी लगनको कभी कम नहीं होने दिया। अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियोंके माध्यमसे उन्होंने भारतके अंतरिक्ष और रक्षा कार्यक्रमोंमें महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष २००२ में वह भारतके राष्ट्रपति बने, लेकिन सर्वोच्च संवैधानिक पदपर पहुंचनेके बाद भी उनका सबसे प्रिय परिचय एक शिक्षकका ही रहा। डा. कलामका विश्वास था कि बच्चों और युवाओंके भीतर देशको बदलनेकी क्षमता है। वह विद्यार्थियोंसे संवाद करते, उनके प्रश्नोंको प्रोत्साहित करते और उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करनेकी प्रेरणा देते थे। उनका जीवन संदेश देता है कि सफलता केवल संसाधनोंकी प्रचुरतासे नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरन्तर अभ्यास और सकारात्मक सोचसे प्राप्त होती है। आज जब विद्यार्थी परीक्षा, प्रतिस्पर्धा और भविष्यकी अनिश्चितताओंके दबावसे गुजर रहे हैं, तब कलामके विचार पहलेसे कहीं अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। विद्यार्थियोंको यह समझना होगा कि असफलता जीवनका अंत नहीं, बल्कि अपनी कमियोंको पहचानकर आगे बढ़नेका अवसर है। शिक्षाका उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, वर्तमान समयमें शिक्षाको अक्सर परीक्षामें प्राप्त अंकों, डिग्रियों और नौकरी हासिल करनेके साधनके रूपमें देखा जाता है। निस्संदेह रोजगार प्राप्त करना शिक्षाका एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है, लेकिन शिक्षाका वास्तविक लक्ष्य इससे कहीं व्यापक है। शिक्षा व्यक्तिको विवेकशील बनाती है, सही और गलतके बीच अंतर करना सिखाती है तथा समाजके प्रति उसकी जिम्मेदारियोंका बोध कराती है। यदि कोई विद्यार्थी उच्च अंक प्राप्त कर ले, लेकिन उसमें ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारीका अभाव हो तो उसकी शिक्षा अधूरी मानी जायगी। शिक्षण संस्थानोंका उद्देश्य केवल सफल पेशेवर तैयार करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिकोंका निर्माण करना भी होना चाहिए। आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा व्यवस्थाकी है, जिसमें किताबी ज्ञानके साथ व्यावहारिक अनुभव, नैतिक मूल्य, संवाद कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधानकी क्षमताको भी समान महत्व मिले। विद्यार्थियोंको प्रश्न पूछने, नये विचार प्रस्तुत करने और अपनी गलतियोंसे सीखनेके लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रश्न करने वाला विद्यार्थी ही आगे चलकर अनुसंधानकर्ता और नवाचारक बन सकता है।

डिजिटल युगमें विद्यार्थी और नयी चुनौतियां- इक्कीसवीं सदीका विद्यार्थी ऐसे दौरमें शिक्षा प्राप्त कर रहा है, जहां मोबाइल फोन, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमोंने ज्ञानतक पहुंचको आसान बना दिया है। आज घर बैठे दुनियाके प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानोंकी अध्ययन सामग्री प्राप्त की जा सकती है। आनलाइन कक्षाओं और डिजिटल पुस्तकालयोंने सीखनेके नये अवसर उपलब्ध कराये हैं। लेकिन इन सुविधाओंके साथ कुछ गम्भीर चुनौतियां भी सामने आयी हैं। सोशल मीडियाका अत्यधिक उपयोग, मोबाइलपर अनावश्यक समय बिताना, गलत सूचनाओंका प्रसार और डिजिटल मनोरंजनकी लत विद्यार्थियोंकी एकाग्रताको प्रभावित कर सकती है। कई विद्यार्थी दूसरोंकी उपलब्धियोंसे अपनी तुलना करके तनावका अनुभव करते हैं और अपने आत्मविश्वासको कमजोर कर लेते हैं। तकनीक अपने आपमें न अच्छी है और न बुरी, उसका उपयोग किस उद्देश्यसे किया जा रहा है, यह अधिक महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियोंको डिजिटल साधनोंका इस्तेमाल ज्ञान अर्जित करने, नयी क्षमताएं विकसित करने और रचनात्मक कार्योंके लिए करना चाहिए। उन्हें यह भी सीखना होगा कि इंटरनेटपर उपलब्ध प्रत्येक जानकारी सत्य नहीं होती। तथ्योंकी जांच करना, विश्वसनीय स्रोतोंको पहचानना और अपनी स्वतंत्र सोच विकसित करना आजकी अनिवार्य आवश्यकताएं हैं।

मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षाका दबाव- विद्यार्थियोंके सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियोंमेंसे एक मानसिक दबाव भी है। अच्छे अंक प्राप्त करने, प्रतियोगी परीक्षाओंमें सफल होने और मनचाहा करियर चुननेकी दौड़में कई विद्यार्थी तनावका सामना करते हैं। कुछ मामलोंमें अभिभावकोंकी अत्यधिक अपेक्षाएं और समाजमें सफलताकी सीमित परिभाषा इस दबावको और बढ़ा देती है। यह समझना जरूरी है कि प्रत्येक विद्यार्थीकी रुचि, क्षमता और सीखनेकी गति अलग होती है। सभी विद्यार्थियोंसे एक जैसी उपलब्धियोंकी अपेक्षा करना उचित नहीं है। किसीकी रुचि विज्ञानमें हो सकती है तो कोई साहित्य, संगीत, खेल, कला या उद्यमितामें बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। अभिभावकों और शिक्षकोंको विद्यार्थियोंकी तुलना दूसरोंसे करनेके बजाय उनकी व्यक्तिगत प्रगतिपर ध्यान देना चाहिए। फिलहाल विकसित भारतका सपना युवा पीढ़ी ही साकार करेगी।




## ध्यानकी प्रक्रिया

❑ **ओशो**

ध्यानका अर्थ है, एक ऐसी अवस्था, जब जाननेको कुछ भी नहीं बचा। सिर्फ जानने वाला ही बचा। उससे छुटकारेका कोई उपाय नहीं है। लाख भागो पहाड़ोंपर और रेगिस्तानोंमें, चांद-तारोंपर, लेकिन तुम्हारा जानने वाला तुम्हारे साथ होगा। क्योंकि वह तुम हो, वह तुम्हारा अस्तित्व है। रोज घड़ीभर, कभी भी सुबह या सांझ या दोपहर, इस अनूठे आयामको देना शुरू कर दो। बस आंख बंदकर बैठ जाओ। जब मैं कहता हूं कि घड़ी आधा घड़ीको आंख बंद करके बैठ जाओ तो तुमसे मैं यह कहा रहा हूं कि घड़ी आधा घड़ीको दूसरोंको भूल जाओ। चौबीस घंटे पड़े हैं। तेईस घंटे सारे संसारको दे दो, बाजारको दे दो, दुकानको दे दो, मकानको दे दो, जिसको देना हो, उसको दे दो। लेकिन क्या तुम इतने भी अधिकारी नहीं हो कि एक घंटा अपने लिए बचा लो। शायद चौबीस घंटा बचाना बहुत मुश्किल है एक घंटा बचाना आसान हो सकता है। फिर मैं तुमसे यह भी नहीं कहता कि इस घंटेको बचानेके लिए तुम हिमालयकी किसी गुफामें बैठो। तुम्हारा घर पर्याप्त है और सबसे ज्यादा आसान जगह है। क्योंकि वहां जो भी है, उससे तुम्हें परिचय है और एक घंटेके लिए उस सबको भूल जाना कठिन नहीं है। आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, जल्दी ही वह घड़ी आ जाती है कि तुम चुपचाप बैठे ही रहते हो। मूर्तियां आयंगी, मत रस लेना उनमें, न पक्षमें और न विपक्षमें। आने देना और जाने देना। रास्ता है, मनकी राह है, चलती है। तुम राहके किनारे बैठे देखते रहना और तुम चकित होओगे, इस जीवनके सबसे बड़े रहस्यसे चकित होओगे कि यदि तुम साक्षी भावसे, जैसे तुम्हें कुछ लेना-देना नहीं कौन जा रहा है, कौन आ रहा है, तुम गुमसुम चुपचाप सड़कके किनारे बैठे ही रहना। जल्दी ही वह घड़ी आ जायगी कि यह रास्तेकी भीड़ कम होने लगेगी, क्योंकि इस भीड़के रास्तेपर होनेका कारण है, तुमने इसे निमंत्रण दिया है। तुमने अबतक इसका स्वागत किया है। यह बिना बुलाई नहीं है और जब यह देखेगी कि तुम इतनी उपेक्षासे भर गये हो कि तुम लौटकर भी नहीं देखते, कौन आया, कौन गया, अच्छा था या बुरा, सुंदर था या कि असुंदर, अपना था कि पराया, यह भीड़ धीरे-धीरे विदा होने लगेगी। ध्यानकी प्रक्रिया बड़ी सरल है।

# नये युगमें पुलिसकी विशेष भूमिका

❑ **अजय सिंघल**

नब्बेके दशकमें, एक ट्रेनी आईपीएस अधिकारीके तौरपर जब मैं पहली बार किसी थानेमें गया तो मुझे आज भी अच्छेसे याद है कि वहां मुंशी हैड कांस्टेबलके हाथसे लिखा रोजनामचा (रजिस्टर), टेबलपर रखा काले रंगका भारी-भरकम डायल वाला लैंडलाइन फोन, जिसकी रिंगटोन अपनी मर्जीसे सुनाई देती और फील्डमें जानेको तैयार कुछ बीट कांस्टेबल। तब पुलिस दक्षता इस बातसे आंकी जाती थी कि पुलिस कितनी जल्दी मौकेपर पहुंची और कितने लोगोंको गिरफ्तार किया।पर बीते तीन दशकोंमें अंग्रेजोंके जमानेकी पुलिसके मॉडलका नजरिया पूरी तरहसे बदल गया। सरकारने अंग्रेजोंकी गुलामीके जमानेके सीआरपीसी १८६१ जैसी अपराधकी धाराओंको बदल १ जुलाई, २०२४ से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) जैसे तीन नये आपराधिक कानून लाकर देशकी कानून व्यवस्थामें एक क्रांतिकारी बदलाव किया।

साथ ही टैक्नोलॉजी आधारित नये दौरकी पुलिसने जन-सुरक्षाको और अधिक मजबूत करनेकी दिशामें खुफिया जानकारी, डाटा और सामुदायिक जरूरतोंका लक्ष्य नये सिरेसे तय किया कि अपराधियोंपर काररवाईके अलावा पुलिसको अपराध घटित होनेसे पहले ही कैसे रोकने हैं। परम्परागत पुलिसिंग अब टैक्नोलॉजी आधारित अपराध निवारककी भूमिकाकी ओर तेजीसे बढ़ रही है। हरियाणामें ११२ डायल करके कोई भी व्यक्ति इस एक नंबरसे ही पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य सेवाओंतक पहुंच सकता है। इस नंबरपर हर साल ५० लाखसे ज्यादा आने वाली कॉल्ससे पुलिसकी शहरों और गांवोंमें पहुंच औसत सात मिनटमें संभव हुई है। रातके अंधेरेमें जब कोई अकेली महिला खतरेके सायेमें अपने मोबाइल फोनपर दुर्गा शक्ति ऐप बटन दबाती है तो उसकी मौजूदा लोकेशन पुलिसके कमांड सैंटरको जाती है। यह घरसे दूर एक कामकाजी महिलाकी सुरक्षाके लिए टैक्नोलॉजी आधारित एक अनूठी पहल है।

हैल्पलाइन १९३० पुलिस अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियोंके साथ जुड़ी है, जहां साइबर अपराध संबंधी हर दिन करीब ५००० काल आती हैं और बैंक खातेसे पैसा निकलनेसे पहले संदिग्ध ट्रांसफर फ्रीज कर दिया जाता है। साइबर फ्रॉडके मामले रोकनेमें देशमें अव्वल हरियाणामें करीब ४० फीसदी पैसा साइबर फ्रॉड पीड़ितोंको वापस दिलाया गया है। एक लाख रुपयेसे अधिकके साइबर फ्रॉड वाली किसी भी आनलाइन शिकायतपर अपने आप जीरो एफआईआर थानेके क्षेत्राधिकारकी बाधाके बिना देशके किसी भी इलाकेमें दर्ज हो रही है। हरियाणा पुलिसका 'अभेद्य' ऐप अब अज्ञात अंतरराष्ट्रीय जबरन वसूली फोन कॉलको संबंधित लोगोंतक पहुंचनेसे पहले ही रोकता है। दोहरा ओटीपी नंबर, संदिग्ध यूपीआई लेन-देनको ब्लॉक करता है, जिससे 'डिजिटल अरैस्ट' जैसे घोटालेपर अंकुश लगाया जा रहा है। ईगल ऐपसे ड्यूटीपर तैनात पुलिस अधिकारी हिरासतमें लिये किसी व्यक्तिके चेहरेकी तुरन्त तुलना अपराधियोंके डाटाबेससे कर फर्जी लोगोंको पकड़ सकता है।

राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) अपराध स्थलसे मिले धुंधले फिंगरप्रिंटको कुछ ही सैकेंडमें राष्ट्रीय रिकॉर्डमें मौजूद एंट्रीसे मिलान करते हैं। स्मार्ट ई-बीट जीपीएससे पुलिस फोर्सकी गश्त दर्ज होती है, क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नैटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटएनएस) पुलिस थानोंको अदालतों, जेलों और फॉरैंसिक सुविधाओंसे जोड़ता है। ई-साक्ष्य सुनिश्चित करता है कि अपराध स्थलका सुबूत बिना बदले असल हालतमें अदालततक सुरक्षित पहुंचे। यहांतक कि गुमनाम लोगोंको भी अब नाम मिल रहा है। एआई सहायक व्यवस्था अज्ञात शवोंके चेहरे और फिंगरप्रिंटको लापता व्यक्तियोंके डाटाबेससे मिलाती है, जिससे सालोंसे गुम अपनोंका इंतजार कर रहे परिवारोंको सुकून मिलता है। पुलिसके डिजिटल डैशबोर्ड दिखाते हैं कि कहां शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं, ताकि संबंधित पुलिस कर्मीकी जवाबदेही तय हो।

दुर्घटनाका डाटा 'हीट मैप' में बदल गया है, जो इंजीनियरोंको दिखाता है कि कहां किसी सड़कके तीखे मोड़को नये सिरेसे डिजाइन करना है, ताकि दुर्घटनाके समय 'गोल्डन ऑवर' घटानेमें मदद मिले। मोटरवेपर नंबर-प्लेट पहचान कैमरे लगातार स्थितिपर नजर रखते हैं और भागने वाले वाहनोंका ट्रैकिंग रिकॉर्ड भी बनाते हैं। 'हरसमय' नामका पोर्टल नागरिकोंको एफआईआरकी कॉपी या सत्यापन प्रमाणपत्रके लिए लम्बी लाइन लगानेमें लगनेसे बचाता है, थानेके काऊंटरपर क्यूआर कोड फीडबैक हर नागरिकको अपनी राय सांझी करनेका मौका देता है। पुलिसकी कार्यशैलीमें बड़ा सुधार सर्वर रूम या किसी सॉफ्टवेयरसे कहीं आगे पुलिसके मानवीय व्यवहारपर टिका है। तेजीसे बदलती दुनियामें नये दौरकी पुलिसका प्रदर्शन केवल इस बातसे नहीं आंका जा सकता कि पुलिसने टैक्नोलॉजी आधारित कितने ऐप लांच किये, बल्कि पुलिसकी दक्षता इस बातसे आंकी जा रही है कि कितने अपराध होनेसे पहले ही रोक दिये गये।

*(लेखक हरियाणामें पुलिस महानिदेशक हैं।)*

## थोक महंगाई पहुंची 11 प्रतिशत के पार

नयी दिल्ली। खाद्य पदार्थों, विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन एवं बिजली की कीमतें बढने् से सितंबर में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 11.39 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 9.92 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 8.66 प्रतिशत हो गई। विनिर्मित वस्तुओं में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर 9.76 प्रतिशत के श्रृंखला के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अगस्त में यह 8.37 प्रतिशत थी। ईंधन एवं बिजली की महंगाई दर सितंबर में 25.85 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह 22.93 प्रतिशत थी।

## कोहिनूर राइस नवरात्रि कुछ खास हुक स्टेप चैलेंज

एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड अपने प्रीमियम कोहिनूर बासमती राइस ब्रांड के तहत गुजराती संस्कृति के जश्न को संगीत से आगे बढ़ाते हुए डांस तक ले जा रही है। कंपनी ने इसके लिए नवरात्रि कुछ खास हुक-स्टेप चैलेंज शुरू किया है। मशहूर गुजराती गायक आदित्य गढ़वी के साथ संगीत सहयोग के बाद शुरू की गई इस पहल के तहत लोगों को गाने के खास डांस स्टेप को दोहराने और उसमें अपने अंदाज का रंग भरने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस पहल पर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के मीडिया एवं डिजिटल प्रमुख जिग्नेश शाह ने कहा कोहिनूर राइस में हमारा मानना है कि भोजन और साथ बिताए गए पल हर उत्सव का अहम हिस्सा होते हैं। संगीत, नृत्य और परंपराओं से सजी नवरात्रि भी इसी सामूहिक खुशी और एकजुटता का प्रतीक है। आदित्य गढ़वी के साथ हमारा सहयोग इस उत्सवी भावना को आज के लोगों के लिए प्रासंगिक और आकर्षक अंदाज में पेश करने की कोशिश है, जिसमें त्योहार की सांस्कृतिक जड़ों का भी सम्मान किया गया है। नवरात्रि कुछ खास के जरिए हम लोगों को जश्न में शामिल होने, अपनी रचनात्मकता दिखाने और नवरात्रि के पलों को और खास बनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- 1700/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांक:- 07.10.2026

### मैनुअल निविदा सूचना (अल्पकालीन)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु एस0बी0डी0डी0 ठेकेदारों को आई0टी0बी0 के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | डॉ बी0आर0 अम्बेडकर विकास योजना के 50 कार्य (2026-27) | | | | | | | |
| 01 | जौनपुर | विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत कैलावर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 02 | जौनपुर | विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत उँचनीकला में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 03 | जौनपुर | विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत औरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 04 | जौनपुर | विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत राजापुर न0-2 में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 05 | जौनपुर | विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत बनीडीह में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.97 | 0.49850 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 06 | जौनपुर | विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत कोटीगाँव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 07 | जौनपुर | विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत ठाठर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 08 | जौनपुर | विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत सैदीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 09 | जौनपुर | विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत बनहरा में महात्मा बुद्ध, डा0 अम्बेडकर व सन्त रविदास प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 10 | जौनपुर | विकास खण्ड खुटहन ग्राम पचायत पट्टीनरेन्द्रपुर में चन्द्रशेखर आजाद प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 3.72 | 0.18600 | 150+50 0+117 =767 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 11 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत अरंद महाराज सुहेलदेव प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 8.58 | 0.42900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 12 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम सभा सबरहद(उत्तरी बस्ती) में महात्मा बुद्ध व संत रविदास प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 13 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत सबरहद में महाराज सुहेलदेव प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 6.75 | 0.33750 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 14 | जौनपुर | विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत पिलकिछा में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 15 | जौनपुर | विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत शेरपुर पथरा में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 9.93 | 0.49650 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 16 | जौनपुर | विकास खण्ड सुईथाकला ग्राम पंचायत बुद्धूपुर में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 9.43 | 0.47150 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 17 | जौनपुर | विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत मीरापुर केवल में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 6.42 | 0.32100 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 18 | जौनपुर | विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत लमहन में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 19 | जौनपुर | विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत ढेमा (खलारी) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 6.66 | 0.33300 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 20 | जौनपुर | विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत अनापुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.75 | 0.48750 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 21 | जौनपुर | विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत बरहुपुर (बड़यापार) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.86 | 0.49300 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 22 | जौनपुर | विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत हरखपुर (बसहराकला) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 7.96 | 0.39800 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 23 | जौनपुर | विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत रामनगर उपधान में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 24 | जौनपुर | विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत नीदुरपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 25 | जौनपुर | विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत रामपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 26 | जौनपुर | विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत औरही में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 27 | जौनपुर | विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत लाडलेपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 28 | जौनपुर | विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत देवकली में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.85 | 0.49250 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 29 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत युनूसपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.41 | 0.47050 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 30 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत अब्बोपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 31 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत राजेपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 5.59 | 0.27950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 32 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत केशरपुर अदई में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 33 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत शाहापुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 34 | जौनपुर | विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत मवई में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 35 | जौनपुर | विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत महमदपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 8.49 | 0.42450 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 36 | जौनपुर | विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत शान्तिपुरम/शान्तिनगर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.96 | 0.49800 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 37 | जौनपुर | विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत अचकारी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 38 | जौनपुर | विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत बेरगाँव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.93 | 0.49650 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 39 | जौनपुर | विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत बरहटा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 40 | जौनपुर | विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर ग्राम पंचायत पवांरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 41 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत कादीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 42 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत बिथार में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 43 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत पिलखिनी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 44 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत कबरूद्दीनपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 45 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत पचेवरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 10.00 | 0.50000 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 46 | जौनपुर | विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत वार्ड न0 1 चोरसण्ड दक्षिणी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 47 | जौनपुर | विकास खण्ड सिरकोनी ग्राम पंचायत सादीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.97 | 0.49850 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 48 | जौनपुर | विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत हरीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 49 | जौनपुर | विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत सोयरी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.98 | 0.49900 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |
| 50 | जौनपुर | विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत लहंगपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 9.99 | 0.49950 | 225+50 0+131= 856 | 03 माह | विकास भवन जौनपुर | परिमण्डल कार्यालय वाराणसी | कलेक्ट्रेट जौनपुर |

51 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए कालम सं0 5 में वर्णित है।

52 निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नही ली जा सकती।

53 कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र (Bidding documents) सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, के कार्यालय के कार्यालय से जैसा कि कालम 8 में पता अंकित है, से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 15.10.2026 से 23.10.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 4:00 बजे के मध्य (अवकाश दिवस को छोड़कर) कालम संख्या 5 में अंकित धनराशि के अनुसार नकद या किसी भी शिड्यूल कामर्शियल बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-जौनपुर के पक्ष में जौनपुर में, भुगतान हेतु देकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र बेबसाइट से डाउनलोड की अवस्था में द्वारा सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय से जैसा कि कालम सं0 8 में दर्शाया गया है, से सम्बन्धित कार्य हेतु प्राप्त की जा सकती है।

54 निविदायें अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-जौनपुर के कार्यालय, जौनपुर के कार्यालय जिनका पता कालम सं0 8 में अंकित है, को दिनांक 24.10.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह से दोपहर 12:00 बजे तक डाली जाएगी। निविदायें उसी कार्यदिवस अर्थात दिनांक 24.10.2026 को विकास भवन जौनपुर पंचम तल स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में समय दोपहर 02:00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्राप्ति अथवा खोलने की तिथि पर यदि कार्यालय बन्द रहता है तो निविदायें अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय व स्थान पर प्राप्त व खोली जायेंगी तथा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जाएगी। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी, जो टी-1 के साथ संलग्न रहेगा।

55. अधोहस्ताक्षरी के पास **बिना कारण** बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

Email: eeredjaunpur@gmail.com
Mob 9801208240

उ.प्र.:- 258101
दिनांक:- 13.10.2026

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की तरफ से)

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# कार्यालय सहायक अभियन्ता, तृतीय
## मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04/सहा0अभि0-तृतीय/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले जनपद-सोनभद्र/मीरजापुर के नहर प्रणाली एवं उससे निकलने वाले राजवाहा/माइनरों के सिल्ट सफाई का कार्य रबी फसली वर्ष 1434, वित्तीय वर्ष 2026-27 में कराये जाने हेतु नीचे अंकित लाट सं0-01 से लाट सं0-40 तक के कार्यों के लिए मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30.10.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन दिनांक 30.10.2026 को अपराह्न 03.00 बजे सहायक अभियन्ता-तृतीय, मीरजापुर नहर प्रखण्ड, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के स्थित कार्यालय में उनके समक्ष अथवा उनके द्वारा नामित प्राधिकारी एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 29.10.2026 तक पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिक्री हेतु निम्न शर्तों के अधीन उपलब्ध रहेगी। 1-पंजीकरण, 2-जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (आई0डी0टी0-1), 3-हैसियत प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0-2) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी तथा उनकी सत्यापित छायाप्रतियाँ भी ठेकेदार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो, भी जमा करने के पश्चात् निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि तथा परफार्मेंस सिक्योरिटी एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में समस्त कर सहित | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जनपद-सोनभद्र में सरंगा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.000 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 11300.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 2. | जनपद-सोनभद्र में सिरसिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.735 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 11200.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 3. | जनपद-सोनभद्र में करकोली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 12000.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 4. | जनपद-सोनभद्र में डोगिया फीडर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक जंगल सफाई, बेहया को जड़ से उखाड़ने एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 14100.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 5. | जनपद-सोनभद्र में खैरपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 10200.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 6. | जनपद सोनभद्र में करमा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 5900.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 7. | जनपद-सोनभद्र में जड़ेरुआ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 5800.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 8. | जनपद-सोनभद्र में पगिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.600 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 13100.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 9. | जनपद-सोनभद्र में विसुनपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4800.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 10. | जनपद सोनभद्र में हरैया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4500.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 11. | जनपद-सोनभद्र में सरौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.520 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 9200.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 12. | जनपद-सोनभद्र में वट माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.610 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3400.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 13. | जनपद-सोनभद्र में कुतलुपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.810 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3400.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 14. | जनपद-सोनभद्र में गौरही माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.300 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 9000.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 15. | जनपद-सोनभद्र में परही माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.180 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3400.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 16. | जनपद-सोनभद्र में लोहरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.180 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3400.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 17. | जनपद-सोनभद्र में मुबारकपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4200.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 18. | जनपद-सोनभद्र में कम्हारडीह माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 2500.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 19. | जनपद-सोनभद्र में करकी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.470 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 9500.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 20. | जनपद-सोनभद्र में महुआरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 6000.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 21. | जनपद-सोनभद्र में तिनताली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.880 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 9700.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 22. | जनपद-सोनभद्र में बहुअरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.930 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 5600.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 23. | जनपद-सोनभद्र में हिनौता माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.850 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 16000.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 24. | जनपद-सोनभद्र में अगोखर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.720 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 12900.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 25. | जनपद-सोनभद्र में धोबा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.240 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4200.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 26. | जनपद-सोनभद्र में बिमौरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3800.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 27. | जनपद-सोनभद्र में तिलौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.675 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 10000.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 28. | जनपद-सोनभद्र में बागपोखर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.300 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4600.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 29. | जनपद-सोनभद्र में मगरदहा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.100 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 16600.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 30. | जनपद सोनभद्र में बिसहार माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.380 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 2600.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 31. | जनपद सोनभद्र में मुंगेहरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4500.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 32. | जनपद-सोनभद्र में बिसरेखी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.245 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 14300.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 33. | जनपद-सोनभद्र में दीवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.700 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 7400.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 34. | जनपद-सोनभद्र में भरौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.700 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3200.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 35. | जनपद सोनभद्र में लक्ष्मणपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.025 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 5800.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 36. | जनपद-मीरजापुर में टिकुरिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 5400.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 37. | जनपद-मीरजापुर में हंसावासी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4000.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 38. | जनपद-मीरजापुर में खटखरिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 8800.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 39. | जनपद-मीरजापुर में रामपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.600 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3000.00 | 20 दिवस | रू. 50.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |
| 40. | जनपद-मीरजापुर में भीटी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.450 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 12200.00 | 20 दिवस | रू. 75.00 +18%GST | सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी |

नोट- : जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार सिंचाई विभाग के बेबसाइड (http://irrigation.up.nic.in ) पर उपलब्ध है। नियम व शर्तें सिंचाई विभाग के बेबसाइड पर देखी जा सकती हैं। यह निविदा बजट आवंटन की प्रत्याशा में निकाली जा रही है।

उ.प्र.:- 258116
दिनांक-13.10.2026

(दिलीप कुमार)
सहायक अभियन्ता-तृतीय
मीरजापुर नहर प्रखण्ड
मीरजापुर

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# रोटरी क्लब ने निवेश और वित्तीय प्रबंधन के गुर बताए

वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम में 50 से अधिक सदस्य शामिल हुए रोटरी क्लब ऑफ वाराणसी कबीर की ओर से मंगलवार को रथयात्रा स्थित होटल सेलिब्रेंट में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 50 से अधिक रोटेरियन्स एवं मित्रगण शामिल हुए। विशेषज्ञों ने म्यूचुअल फंड, निवेश के विकल्पों, बचत और वित्तीय नियोजन की




जानकारी दी। प्रतिभागियों ने सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अजय दुबे ने कहा कि वित्तीय साक्षरता आर्थिक रूप से सशक्त समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। सचिव रोटेरियन प्रत्युष मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन बेहतर आर्थिक निर्णय लेने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान ज़ेड फंड्स के प्रबंधक अरविंद दीक्षित और फ्रैंकलिन टेम्पलटन के अतिथि वक्ता को सम्मानित किया गया। संयोजक सिद्धार्थ मुखर्जी और सह-संयोजक अशोक कुमार मौर्य ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य अमर चंद अग्रवाल का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब के अनेक सदस्य एवं अतिथिगण उपस्थित रहे।

## जापान में खेती के गुर सीखकर लौटे वाराणसी के नौ किसान

वन आधारित गंगा अनुकूल आजीविका परियोजना के तहत वाराणसी के नौ प्रगतिशील किसानों ने जापान में 10 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण पूरा किया। 8 से 17 जून तक चले प्रशिक्षण में किसानों ने प्राकृतिक खेती, जैविक खाद निर्माण, बांस आधारित उत्पादों और कृषि उपज के सीधे




विपणन की तकनीकें सीखीं। प्रशिक्षण का खर्च ओइस्का इंटरनेशनल और जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (जाइका) ने वहन किया। अक्टूबर 2023 से ओइस्का, जाइका और उत्तर प्रदेश वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रमना, मुस्तफाबाद और चांदपुर गांवों में संचालित इस परियोजना से करीब 200 किसान जुड़ चुके हैं। किसानों ने जापान में बिना जुताई की प्राकृतिक खेती, ग्रीनहाउस में स्ट्रॉबेरी उत्पादन, जैविक कचरे से खाद बनाने और बिचौलियों के बिना उत्पाद बेचने की व्यवस्था का अध्ययन किया। ओइस्का वाराणसी चैप्टर के अध्यक्ष वेंकटेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त किसान अब अपने गांवों में मास्टर ट्रेनर बनकर अन्य किसानों को नई तकनीकों की जानकारी देंगे। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक खाद पर निर्भरता घटाने और किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने में मदद मिलेगी।

## बॉलीवुड के बड़े सितारे भी बने डिजिटल स्कैम का शिकार

### शोहरत भी नहीं बचा सकी डिजिटल स्कैम

मुंबई, फिल्मों और वेब सीरीज में दिखाए गए स्कैम दर्शकों को हमेशा से आकर्षित




करते रहे हैं। जामतारा- सबका नंबर आएगा में फोन के जरिए होने वाली ठगी से लेकर स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी में बड़े वित्तीय घोटाले की कहानी तक, मनोरंजन जगत ने धोखाधड़ी के कई रूप पर्दे पर दिखाए हैं। लेकिन, जब ऐसी घटनाएँ असल जिंदगी में बॉलीवुड सितारों और लोकप्रिय चेहरों के साथ होती हैं, तो यह कहानी सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहती, बल्कि एक गंभीर चेतावनी बन जाती है। हाल ही में अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने अपने क्रेडिट कार्ड से 2.43 लाख रुपए के कथित अनधिकृत अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन का मामला साझा किया। इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि फिल्म स्क्रीनिंग के दौरान उन्हें अपने कार्ड से डॉलर में भुगतान होने का नोटिफिकेशन मिला। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में मोबाइल पर हमारी जिंदगी से जुड़ी लगभग हर जानकारी मौजूद है और ऐसे में धोखाधड़ी को पहचानना आसान नहीं है। कंटेंट क्रिएटर अंकुश बहुगुणा ने जनवरी 2025 में डिजिटल अरेस्ट स्कैम का अपना अनुभव साझा किया था। उनके मुताबिक, ठगों ने उन्हें करीब 40 घंटे तक मानसिक दबाव में रखा। इस घटना ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के मानसिक और आर्थिक प्रभाव को सामने रखा। टेलीविजन कलाकार पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा ने भी एक वित्तीय धोखाधड़ी में अपनी बचत गंवाने की बात कही थी। टीवी अभिनेता राहुल सिंह तोमर ने कथित तौर पर एक अनजान व्यक्ति के फोन कॉल के बाद 85,000 रुपए गंवाने की जानकारी दी थी। जामतारा, स्कैम 1992 और स्कैम 2003- द टेल्गी स्टोरी जैसी सीरीज ने धोखाधड़ी की अलग-अलग कहानियों को दर्शकों तक पहुँचाया है। लेकिन, असल जिंदगी में ठगी किसी स्क्रिप्ट के मुताबिक नहीं होती। अक्टूबर को साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में, मनोरंजन जगत से सामने आए ये मामले याद दिलाते हैं कि डिजिटल धोखाधड़ी किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है। शोहरत और पहचान के बावजूद कोई भी व्यक्ति इसका शिकार बन सकता है।

## गिन्नी वेड्स सनी 2 का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर



जब बिल्कुल अलग स्वभाव के दो लोग शादी के बंधन में बंध जाते हैं, तो हँसी, उलझनों और सरप्राइज़ से भरा सफर तय मानिए। प्यार, झूठ और सेकंड चांस से सजी इस दिल छू लेने वाली कॉमेडी का आनंद लीजिए 'गिन्नी वेड्स सनी 2 के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर में, 16 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे, सिर्फ एंड पिक्चर्स पर। प्रशांत झा द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में अविनाश तिवारी 'सनी' की भूमिका में नज़र आएँगे, जो एक छोटे शहर का पहलवान है और अपने लिए दुल्हन ढूँढने में संघर्ष कर रहा है। वहीं, मेधा शंकर ने 'गिन्नी' का किरदार निभाया है, जो दिल्ली की एक बेफिक्र और ज़िंदादिल, लड़की है, जिसकी आज़ाद सोच उसके परिवार की चिंता का कारण बनती है। रिश्ता तय करने के लिए दोनों अपनी सच्चाई को थोड़ा तोड़-मरोड़कर पेश करते हैं, लेकिन शादी के बाद जब असलियत सामने आती है, तब शुरू होता है हँसी और ड्रामे से भरपूर असली बवाल। अलग-अलग स्वभाव, छुपे हुए राज़ और दखल देने वाले रिश्तेदार उनकी शादीशुदा ज़िंदगी को एक रोलर-कोस्टर में बदल देते हैं। छोटे शहरों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म ऐसे समाज को खूबसूरती से दर्शाती है जो बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एक ओर नई पीढ़ी आधुनिक सपनों और महत्वाकांक्षाओं को अपनाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर परंपराओं और सामाजिक अपेक्षाओं की जकड़न से पूरी तरह मुक्त हो पाना आसान नहीं है। यही द्वंद्व फिल्म को कई ऐसे पल देता है, जो हास्यपूर्ण, भावनात्मक और बेहद सहज महसूस कराने वाले हैं। जहाँ अविनाश और मेधा अपने मुख्य किरदारों में शानदार प्रदर्शन करते हैं, वहीं फिल्म की ताकत इसकी प्रभावशाली सहायक कलाकार मंडली भी है। हर कलाकार ने अपनी भूमिका को यादगार बनाया है और कहानी को और अधिक जीवंत तथा विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अविनाश तिवारी ने कहा, गिन्नी वेड्स सनी 2 मेरे लिए एक मज़ेदार और रोमांचक सफर रहा है। मेधा शंकर ने कहा, गिन्नी एक ज़िंदादिल, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी लड़की है, जो अपने दिल और दिमाग की बात बखूबी जानती है।

# जरूरतमंदों को सिलाई मशीन और मेधावियों को लैपटाप वितरित

काशी अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र की ओर से हर साल अन्न धन का खजाना भक्तों को मिलता रहता है लेकिन बुधवार को ट्रस्ट की ओर से ऐतिहासिक आयोजन के क्रम में १५वें सत्रान्त पर छात्राओं को सिलाई मशीन ही नहीं लैपटॉप तक का वितरण कर उनके कैरियर को उड़ान दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंगलाचरण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। ट्रस्ट द्वारा सभी उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाण-पत्र, मेधावी छात्राओं को लैपटॉप और जरूरतमंद छात्राओं को निःशुल्क सिलाई मशीन प्रदान की गई। इसके बाद पौराणिक एवं वैदिक मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम को शुभारंभ दिया गया। १५वें सत्रान्त के अवसर पर सिलाई मशीन, लैपटॉप एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन आर्य महिला पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, चेतगंज में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने कहा कि बेटियों को हुनरमंद बनाना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। महंत, ट्रस्ट के



अध्यक्ष महंत शंकरपुरी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि अन्नपूर्णा की नगरी काशी में अन्न के साथ-साथ संस्कार और स्वावलंबन का दान सबसे बड़ा दान है। ये मशीनें सिर्फ सिलाई नहीं करेंगी, बल्कि इन बेटियों के परिवारों के सुनहरे भविष्य की नींव सिलेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में के. जनार्दन शर्मा, आशीष जिंदल , प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी, शशिकांत दीक्षित और रचना दुबे ने भी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं। विशेष रूप से काशी मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, राकेश तोमर समेत अन्य का सहयोग रहा।

## न करें अहंकार, श्रीहीन होना पड़ता है-शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

शारदीय नवरात्र के अवसर पर शंकराचार्य घाट के श्रीविद्या मठ में श्रीविद्या साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर में प्रतिदिन भगवती राजराजेश्वरी की महापूजा, नवचंडी पाठ और ललितोपाख्यान पर प्रवचन हो रहे हैं। बुधवार को भगवती की महापूजा के बाद ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने साधकों को संबोधित करते हुए अहंकार से दूर रहने का संदेश दिया। शंकराचार्य ने कहा कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जब व्यक्ति के भीतर अहंकार का भाव उत्पन्न होता है तो उसकी लक्ष्मी और श्री समाप्त होने लगती है। यहां श्री का तात्पर्य शोभा, ऐश्वर्य, कांति और सद्गुणों से है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने पद, प्रतिष्ठा और अधिकार का कभी अहंकार नहीं करना चाहिए।

## जानलेवा चाइनीज मांझे के खिलाफ छात्राओं को किया जागरूक

प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आने से साड़ी कारोबारी की मौत और एक अन्य राहगीर के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद इसके खिलाफ जागरूकता अभियान तेज हो गया है।बुधवार को मैदागिन स्थित श्री हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में जागरूकता अभियान चलाकर छात्राओं को चाइनीज मांझे के खतरों से अवगत कराया गया। अभियान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रशासन को पूरे साल सख्ती बरतने की जरूरत है। केवल दुर्घटनाओं के बाद छापेमारी और कार्रवाई करने से इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। यह जानलेवा मांझा अब तक कई लोगों की जान ले चुका है। इसके बावजूद बाजार में चोरी-छिपे इसकी बिक्री जारी रहना गंभीर चिंता का विषय है।कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका तिवारी ने कहा कि पतंग उड़ाने का शौक सदियों पुराना है लेकिन चाइनीज मांझे के इस्तेमाल ने इसे जानलेवा बना दिया है। इसके कारण लगातार लोग हादसों का




शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कज्जाकपुरा फ्लाईओवर पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से साड़ी कारोबारी सुनील कुमार गुजराती की मौत का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चेतावनी हैं। उन्होंने कहा कि किसी हादसे के बाद प्रशासन की सक्रियता बढ़ती है और छापेमारी की जाती है लेकिन इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से होनी चाहिए, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके।अभियान में श्याम दास गुजराती, ललित गुजराती, बी.डी. टकसाली सहित कॉलेज की छात्राओं ने भागीदारी की।

# संदिग्ध परिस्थिति में किशोर की मौत

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के अमवा गांव की सरोज बस्ती में मंगलवार की रात में 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार में कोहराम मच गया। किशोर का शव घर के एक कमरे में खिड़की से गमछे के सहारे लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दाह संस्कार से पहले शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, अमवा गांव की सरोज बस्ती निवासी शंभूनाथ सरोज का 17 वर्षीय पुत्र अमित सरोज अपने परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि घटना के समय परिवार के लोग और पट्टीदार गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूसरे गांव गए हुए थे। घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान किशोर ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। वह किस समय कमरे में गया और घटना किन



परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। बताया जाता है कि शाम करीब सात बजे जब परिजन घर लौटे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किशोर की मां अनीता देवी ने दरवाजा खुलवाने के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अंधेरा होने के कारण टॉर्च की रोशनी में दरवाजे की स्थिति देखने के बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। किशोर खिड़की में गमछे के सहारे लटका हुआ था। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर देखने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन आनन-फानन में शव को अंतिम संस्कार के लिए जहांगीराबाद घाट ले गए। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दाह संस्कार से पहले ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि मृतक दो भाइयों में बड़ा था और उसकी एक बहन भी है, जो अभी अविवाहित है। उसके माता-पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। जवान बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवक का पेड़ से लटकता मिला शव, दोनों हाथ भी रस्सी से बंधे होने पर उठे सवाल

रतसड़ (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के अमडरिया गांव स्थित बागीचे में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। उसके दोनों हाथ भी रस्सी से बंधे हुए थे। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पहचान अमडरिया गांव निवासी अभिषेक उर्फ गोलू (21) पुत्र शैलेष राम के रूप में हुई। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। बुधवार की सुबह शौच के लिए गए एक ग्रामीण ने बागीचे में रस्सी के सहारे शव लटकता देखा। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की मां आशा देवी और छोटे भाई हंस कुमार के अनुसार, अभिषेक का गांव की ही एक युवती से प्रेम संबंध था। उनका कहना है कि बीते कुछ दिनों से युवती अभिषेक के घर पर रह रही थी। इस संबंध में युवती के परिजनों ने पुलिस से लिखित शिकायत की थी। इसके बाद मंगलवार को अभिषेक और उसके परिजनों को पूछताछ के लिए पुलिस चौकी बुलाया गया था। परिजनों के मुताबिक, वहां कथित तौर पर समझौता कराने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया था। इसके अगले दिन अभिषेक का शव पेड़ से लटकता मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि जिस रस्सी से अभिषेक के गले में फंदा लगा था, उसी से उसके दोनों हाथ भी बंधे हुए थे। उन्होंने पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही पर मामले में सुलह कराने के लिए रुपये लेने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में थाना प्रभारी हितेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## लूना-मैजिक में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

पड़री। थाना क्षेत्र के मोहनपुर पहाड़ी के पास लूना मोटरसाइकिल और छोटी मैजिक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में लूना सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भरपुरा गांव निवासी भोलानाथ उर्फ नन्हकू 55 पुत्र कल्लू अपने गांव के प्यारेलाल उर्फ बऊ 58 पुत्र सहदू को लूना मोटरसाइकिल पर बैठाकर मोहनपुर में रामलीला देखने जा रहे थे। जैसे ही दोनों मोहनपुर पहाड़ी के पास पहुंचे, सामने से आ रही छोटी मैजिक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री पहुंचाया गया। वहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने भोलानाथ उर्फ नन्हकू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्राथमिक उपचार के बाद प्यारेलाल उर्फ बऊ की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे लालबहादुर की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## ६५६ किलो अवैध पटाखा बरामद, पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

बलिया। आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और संभावित हादसों को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण और आपूर्ति के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मवेशी अस्पताल के पास गुदरी बाजार स्थित एक दुकान और डीसीएम वाहन से कुल 656.800 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। मौके से पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पटाखों की ढुलाई में इस्तेमाल डीसीएम वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक श्याम प्रकाश मिश्र पुलिस बल के साथ चित्तू पांडेय चौराहे पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मवेशी अस्पताल के पास गुदरी बाजार में एक दुकान, मकान और उसके बेसमेंट में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं। इन पटाखों को जिले के विभिन्न स्थानों पर आपूर्ति करने की तैयारी थी। सूचना पर पुलिस टीम ने दुकान पर पहुंचकर जांच की। तलाशी के दौरान बेसमेंट से विभिन्न प्रकार के पटाखों के नौ कार्टून बरामद हुए। इसके बाद दुकान के बाहर खड़ी डीसीएम वाहन संख्या यूपी 65 सीटी 7919 की तलाशी ली गई। वाहन से भी विभिन्न प्रकार के पटाखों के 16 कार्टून मिले। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन कराने पर बरामद पटाखों की कुल मात्रा 656.800 किलोग्राम पाई गई। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में चेतन गुप्ता ने बताया कि वह वाराणसी की जय यूपी ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से पटाखे मंगवाकर अपनी एजेंसी में रखता था और फिर बलिया के अलग-अलग स्थानों पर उनकी आपूर्ति करता था। इस काम में उसके पिता शशिमोहन गुप्ता भी शामिल थे। पुलिस ने बरामद पटाखों के साथ डीसीएम वाहन को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर दिया है। बरामदगी के संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि विस्फोटक अधिनियम, संबंधित नियमों और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## लोहे की सीढ़ी से टकराकर मासूम की मौत

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घर की छत से नीचे उतरते समय लोहे की सीढ़ी की रेलिंग से टकराकर गिरने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया,वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकंदरपुर गांव निवासी जावेद हाशमी के तीन पुत्रों में सबसे छोटा मोहम्मद फैज बुधवार दोपहर घर की छत से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी पर लगी लोहे की रेलिंग से टकराने के बाद वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन में उसे निजी साधन से जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता जावेद हाशमी और मां सहाना का रो-रोकर बुरा हाल है। घर के चिराग की असमय मौत से परिजनों का दुख देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। घटना के बाद सिकंदरपुर गांव में मातम पसरा हुआ है।

# एक नज़र इधर भी

## डीएवी और मिराण्डा हाउस कालेज के बीच शैक्षणिक शोध के लिए बनी सहमति

डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी और मिराण्डा हाउस कॉलेज, नई दिल्ली के बीच हुए पूर्व में एमओयू के तहत शैक्षणिक शोध और फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बन गयी है। दोनों संस्थान अब मिलकर पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के साथ साथ स्टूडेंट्स एक्सचेंज पर भी



काम करेंगे। इस संबंध में डीएवी कॉलेज की आइक्यूएसी की समन्वयक डॉक्टर पारुल जैन ने मिराण्डा हाउस कॉलेज का दौरा किया और वहाँ की प्राचार्य प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा से मुलाकात की। इस भेंट वार्ता के बाद जल्द ही दोनों कॉलेज मिलकर कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। डॉक्टर पारुल जैन ने बताया कि इस एमओयू का लाभ विशेष रूप से विद्यार्थियों को मिलेगा और उनके शोध की गुणवत्ता में काफी सुधार भी आयेगा। उन्होंने यह भी बताया की नैक और आइक्यूएसी के दिशा निर्देश के अनुसार डिजिटल शिक्षण संसाधनों के उपयोग करने की सहमति बनी है। कॉलेज के प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह यादव, कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर मिश्रीलाल, उप प्राचार्य द्वय प्रोफेसर संगीता जैन, प्रोफेसर राहुल सहित अन्य प्राध्यापकों ने समझौते के क्रियान्वयन पर हर्ष जताया है और इसे छात्रों के लिए अत्यंत हितकारी कदम बताया।

## सोनारपुरा में नई शराब की दुकान खोलने के विरोध में एकजुट हुए स्थानीय लोग

भेलूपुर थाना क्षेत्र की अस्सी चौकी के अंतर्गत सोनारपुरा में खुल रही नई शराब की दुकान को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। बुधवार सुबह मोहल्ले के बड़ी संख्या में लोग एकजुट होकर दुकान के विरोध में प्रदर्शन करने लगे।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि घनी आबादी वाले इलाके में और मंदिर-मस्जिद के पास शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल प्रभावित होगा। इससे महिलाओं और बच्चों को वहां से आने-जाने में भी परेशानी हो सकती है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए दुकान को रिहायशी इलाके से हटाकर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। जबकि सुबह से प्रदर्शन करने की जानकारी होने के बाद इस बाबत पुलिस को भी घटना से अवगत कराया गया है।

## बाल मैत्री दिवस पर सजे ७५ स्टाल, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लंका के नगवां स्थित इंटरनेशनल हिंदू स्कूल में बुधवार को 17वें बाल मैत्री दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएचयू के शिक्षा संकाय की प्रो. मीनाक्षी सिंह और विद्यालय अध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नृत्य, गायन, कव्वाली, फैंसी ड्रेस, ड्राइंग और संस्कृत श्लोक समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। बाल मेले में विद्यार्थियों ने 75 स्टॉल लगाए, जहां खाद्य पदार्थों, खिलौनों और अन्य वस्तुओं



के साथ पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया। डॉ. मिश्र ने कहा कि बाल मैत्री दिवस का उद्देश्य बच्चों में भाईचारे और बंधुत्व की भावना विकसित करना है। मुख्य अतिथि ने ऐसे आयोजनों को बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार तिवारी, प्रबंधक संध्या मिश्रा, सलाहकार जयंती सामंत, उपप्रधानाचार्य गणेश शंकर चतुर्वेदी और हेड मिस्ट्रेस अनुपम श्रीवास्तव समेत शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं, स्टारलिंक की मंजूरी से पहले जांच जरूरी

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता सोमनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने की अनुमति देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डेटा सुरक्षा, भारतीय कानूनों का अनुपालन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करना जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने कहा कि देश की संप्रभुता और सुरक्षा से ऊपर किसी कंपनी का व्यावसायिक हित नहीं हो सकता। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने स्वदेशी तकनीक और सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं के विकास को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। वहीं, प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार से मांग की कि स्टारलिंक को व्यावसायिक सेवा की अनुमति देने से पहले सुरक्षा संबंधी चिंताओं का संतोषजनक समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों का स्वागत है, लेकिन उन्हें भारतीय कानूनों और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करना चाहिए।

## मनुष्य को अपनी नीति के अनुसार ही कार्य करना चाहिए-स्वामी राधारमण दास जी महाराज

रामेश्वर। पंचक्रोशी के तीसरे तीर्थ पड़ाव स्थल रामेश्वर स्थित प्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर में बुधवार को भक्ति और सत्संग का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर संत स्वामी राधारमण दास जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए जीवन की नीति पर प्रकाश डाला। स्वामी जी ने कहा आज के युग में सबसे बड़ी प-नीति क्या है? अपनी नीति। मनुष्य को अपने कर्तव्य, अपनी मर्यादा और अपनी नीति के अनुसार ही कार्य करना चाहिए। जो व्यक्ति अपनी नीति से भटक जाता है, वह जीवन के लक्ष्य से भी भटक जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कलियुग में भक्ति ही सबसे सरल मार्ग है। सच्ची नीति वही है जो मनुष्य को ईश्वर से जोड़े और समाज के कल्याण के लिए प्रेरित करे। प्रवचन के



पश्चात मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा सामूहिक राम-राम संकीर्तन का आयोजन किया गया। ढोल-मृदंग और हरिनाम संकीर्तन से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति में लीन होकर नृत्य किया। मंदिर समिति के अनुसार इस तरह के सत्संग कार्यक्रम हर माह आयोजित किये जाते हैं ताकि युवाओं को भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर महाबली त्रिपाठी,राजबली त्रिपाठी,रामजी तिवारी, भुल्लन यादव,नरेंद्र सिंह,रामगोपाल चौरसिया,देवेंद्र पाण्डेय,लालजी माली,ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव,राकेश त्रिपाठी, रामजी यादव,गुलाब यादव भगत जी, रामजी यादव, सच्चा राम यादव, सूरज यादव,संजय त्रिपाठी, अक्षय यादव, श्याम कुमार यादव,नकछेद यादव,तूफानी विश्वकर्मा,सुभाष विश्वकर्मा,बुद्धू पाल,लालमन पाल, सहित सैकड़ों पुरुष श्रद्धालु मौजूद होकर कथा का रसपान किया।

## दिल्ली प्रदर्शन : विदेश मंत्रालय की यूएन को दो टूक, कहा- भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली में विरोध प्रदर्शन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले में जताई गई चिंताएं अनुचित और अस्वीकार्य हैं, क्योंकि यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के समान है।जायसवाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय का रवैया चुनिंदा प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुनिया के अन्य हिस्सों में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की कार्रवाई पर संगठन ने अपने सार्वजनिक बयानों में इसी तरह प्रतिक्रिया नहीं दी है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अगर वे इसी रास्ते पर चलते रहे, तो इससे बहुपक्षवाद में लोगों का विश्वास कम होगा। साथ ही, इससे एक संगठन के रूप में उनकी विश्वसनीयता भी कमजोर होती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बिम्सटेक देशों के गृह मंत्रियों के संवाद के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत के गृह मंत्री ने इस बैठक की मेजबानी की और इसमें बिम्सटेक के सभी सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। जायसवाल के मुताबिक, बातचीत और बैठक के बाद दिल्ली घोषणा को भी स्वीकार किया गया। इसमें बिम्सटेक देशों ने कई क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के उपाय और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ सहयोग शामिल हैं।

### पूर्व मध्य रेल

पत्र संख्या: ECR-DDU0PERS(Misc)/0048/2026 दिनांक: 12.10.2026

**सूचना**

**वॉक–इन इंटरव्यू का स्थगन**

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज (CBSE), पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में संविदा आधार पर PGT एवं TGT शिक्षकों के नियोजन हेतु अधिसूचना संख्या ECR-DDUOPERS (Misc)/0048/2026 दिनांक 01.10.2026 के तहत **दिनांक 13.10.2026 (PGT) एवं 14.10.2026 (TGT)** को आयोजित होने वाले वॉक–इन इंटरव्यू को प्रशासनिक कारणों से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। साक्षात्कार की संशोधित तिथियों की सूचना शीघ्र ही दी जाएगी।

सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इस संबंध में अग्रिम जानकारी के लिए पूर्व मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट **www.ecr.indianrailways.gov.in → Division → Pt. Deen Dayal Upadhyaya → Personnel → Notice** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

**किसी भी पूछताछ के लिए:** ई–मेल. ecrddugazettedsection@gmail.com, पता: मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) कार्यालय, डीडीयू, मुगलसराय, चंदौली, उत्तर प्रदेश–232101 (कार्यलयीन समय के दौरान)।

**मंडल रेल प्रबंधक (का.),**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/1113/डीडीयू/पीईआरएसएल/नोटिस/26–27/56

### भारत सरकार, रेल मंत्रालय

**रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर**

**(सांकेतिक सूचना)**

**वाहन किराये पर लिये जाने हेतु कोटेशन आमंत्रण**

रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर द्वारा आयोजित DV एवं CBT परीक्षाओं के संचालन हेतु उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न शहरों–गोरखपुर, लखनऊ (अयोध्या सहित), इज्जतनगर (बरेली एवं हल्द्वानी सहित) तथा वाराणसी (गाजीपुर सहित)–में दैनिक आधार पर लगभग 70-72 वाहनों (Ertiga/Equivalent एवं Sedan/ Equivalent) की आवश्यकता है। इस हेतु अनुभवी वाहन/टैक्सी सेवा प्रदाताओं से कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

आगामी DV एवं CBT परीक्षाओं के लिए 31-03-2027 तक के लिए आवश्यकता के अनुसार वाहन उपलब्ध कराने होंगे। वाहन की दरें 12 घंटे/120 किमी एवं 08 घंटे/80 किमी के आधार पर, सभी लागू करों सहित, अलग–अलग शहरवार प्रस्तुत की जाएँ।

इच्छुक फर्म/एजेंसी अपना कोटेशन दिनांक 20-10-2026 तक अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर के नाम से कार्यालय में जमा कर सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर से संपर्क किया जा सकता है।

कोटेशन स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर**

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डर नं0:** पी0आर0वाई0जे0-सिग-410-2026-27 **दिनांक:** 13.10.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 04.11.2026 को 15:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-**

**कार्य का विवरण:** प्रयागराज मण्डल के अलीगढ़ से गाज़ियाबाद सेक्शन में सैक्शनल सिगनलिंग रखरखाव का अनुबंध।

**अनुमानित मूल्य (रूपये में):** ₹ 7087241.49 (सत्तर लाख सत्तासी हज़ार दो सौ इकतालीस रूपये और उनचास पैसा मात्र)

**निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में):** ₹ 141800.00 | **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह

**निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 04.11.2026**

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी, बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **निविदा की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बंधित रैलवे के अधिकार:** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **2341/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 26/48 दिनांक 13.10.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 70263502 | पेंट इनैमल जैंटियन ब्लू | 124973 लीटर | 10.11.2026 |
| 2 | 70262680 | डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेज़िन | 25897 नग | 10.11.2026 |
| 3 | 70263044 | इलेक्ट्रोड होल्डर टाइप ए-600 एम्पियर | 13862 नग | 10.11.2026 |
| 4 | 6326RGC07A | दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ पीएससी स्लीपर ऑफ डिफरेंट आरडीएसओ ड्राविंग नं0 टी-4865, टी-4218, टी-6068 & टी-8970- | 26855.00 सेट | 16-NOV-26 |
| 5 | 6326RGC18 | दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ एचवीएन-इन्सुलेटिंग लाइनर फॉर यूज विथ वाइडर पीएससी स्लीपर टू ड्राविंग नं0 आरडीएसओ/टी-8746 सूटेबल फॉर 60 केजी (यूआईसी)/60ई1 एंड 52 केजी रेलस (एप्लीकेबल फॉर ड्रॉबिंग नं0 आरटी-8751) डीआरजी: (आरडीएसओ) आरटी 8751-53. | 7763217.00 नग | 25-NOV-26 |
| 6 | 38262870 | पी यू लाईनिंग (टॉप एंड बॉटम) ऑफ सीसीपीयू साईड बियरर पैड एसेम्बली | 44636 सेट | 30.10.2026 |
| 7 | 38264244 | राउण्ड हेड लॉक बोल्ट-22.22 एमएम डाया, ग्रिप रेंज- 31.75 एमएम टू 38.10 एमएम | 296197 पेयर | 12.11.2026 |
| 8 | 6326RGC15 | दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ 6.2 एमएम थिक कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स फॉर प्लेसिंग बेनिथ सी.आई. चेयर ऑफ एसईजे (टी-6902) ऑन कंक्रीट स्लीपर कंफर्मिंग टू आरडीएसओ ड्राइंग नं0 टी-10346. | 4914.00 सेट | 10-NOV-26 |
| 9 | 6326RGC09A | दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ नायलॉन कार्ड रीइन्फोर्स्ड जीआरएसपी फॉर 1 इन 12 एंड 1 इन 8.5 टर्नआउट विथ ओआरसीएस। | 5317.00 सेट | 02-NOV-26 |
| 10 | 30262643 | स्टैनलेस स्टील वॉश बेसिन | 1348 नग | 03.11.2026 |
| 11 | 40263188 | सेट ऑफ 120 AH VRLA बैटरीज | 473 सेट | 02.11.2026 |
| 12 | 20263487 | आयल कूलर रेडियेटर फॉर कनवर्टर/ट्रांसफार्मर | 22 नग | 05.11.2026 |
| 13 | 40261323 | BLDC फैन | 4353 नग | 12.11.2026 |

नोट:- उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। **2331/26 (PH)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## आईडीबीआई बैंक की ६०.७२ प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी सरकार, फेयरफैक्स की कनाडाई कंपनी करेगी अधिग्रहण

नयी दिल्ली (आससे.)। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के इतिहास में बुधवार को एक सरकार की ओर से एक बड़ा फैसला लिया गया। आईडीबीआई बैंक में सरकार और एलआईसी की एक बड़ी हिस्सेदारी के विनिवेश को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आईडीबीआई बैंक में सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की कुल 60.72 प्रतिशत रणनीतिक हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। कनाडाई वित्तीय समूह %फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स% की सहायक कंपनी %ख्र्ह्य 10955230 कनाडा इंक्वायरी% इस बैंक की नई रणनीतिक खरीदार बनेगी। माना जा रहा है कि 52,878.08 करोड़ रुपये का यह सौदा पूरा होने के बाद भारतीय वित्तीय क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। किसकी कितनी हिस्सेदारी बिकेगी- इस रणनीतिक बिक्री प्रक्रिया के तहत केंद्र सरकार अपनी 30.48 प्रतिशत हिस्सेदारी और एलआईसी अपनी 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। कितनी हिस्सेदारी बचेगी- इस सौदे के पूरा होने के बाद सरकार के पास 15 प्रतिशत और एलआईसी के पास 19 प्रतिशत हिस्सेदारी बरकरार रहेगी। सरकार और एलआईसी के पास संयुक्त रूप से 34 प्रतिशत हिस्सेदारी बनी रहेगी। भविष्य में सरकार की शेष 15 प्रतिशत हिस्सेदारी को खुले बाजार के जरिए बेचने के अधिकार अधिकार प्राप्त मंत्री समूह को सौंपे गए हैं।सरकार की ओर से आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी में यह रणनीतिक बिक्री दो-स्तरीय पारदर्शी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए पूरी की गई, जिसकी निगरानी अंतर-मंत्रालयी समूह और विनिवेश से जुड़े सचिवों के मुख्य समूह ने की। वैधता और सुरक्षा जांच- बोलीदाताओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से %फिट एंड प्रॉपर% जांच और गृह मंत्रालय से सुरक्षा क्लीयरेंस प्राप्त करना अनिवार्य रखा गया था। प्रति शेयर मूल्यांकन- दो स्वतंत्र पेशेवर मूल्यांकन एजेंसियों ने बैंक का औसतन 75.99 रुपये प्रति शेयर का निष्पक्ष मूल्यांकन किया था।

### कार्यालय सहायक अभियन्ता चतुर्थ शारदा सहायक खण्ड–32 आजमगढ़

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–04/स0अ0च0/2026–27**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा (टेक्निकल तथा फाइनेन्शियल बिड) वेब पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से तालिका संख्या–01 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। एवं तालिका संख्या–02 में वर्णित कार्यक्रमानुसार विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी।

**तालिका संख्या–01**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य अनुमानित लागत(लाख रू0) | धरोहर धनराशि (लाख रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | छतवारा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.700 तक एवं तमौली माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.049 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 2 | अनौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक एवं नेवरही माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.086 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 3 | गोधौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक, इटौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.062 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 4 | मनिकाडीह माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक एवं रावतमऊ माइनर के किमी0 0.000 से 2.100 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.082 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 5 | इदरीशपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक एवं खराटी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.085 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 6 | नई माईनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक, विजईपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.088 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 7 | सरसेना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक एवं सिकन्दरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.153 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 8 | मनाजीत माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक एवं रसूलपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.300 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.102 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 9 | चकलोहसी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक एवं अर्नई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.080 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 10 | वीरगपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.450 तक एवं रामपुर माइनर के किमी0 0.000 से 4.200 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.122 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 11 | ताड़ी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक तथा पेवठा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.051 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 12 | नेतपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक एवं कारीसाथ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.080 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 13 | सहिगढ़ा माइनर के किमी0 0.000 से 2.400 तक एवं टण्डवा माइनर के किमी0 0.000 से 1.200 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.065 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 14 | विशुनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.350 तक एवं मुहम्मदपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.350 सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.050 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 15 | समेदा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.100 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.076 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 16 | चकवल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक, एवं गंभीरवन माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.064 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 17 | घाटीपट्टी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक एवं देवईत माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.099 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 18 | देवकापट्टी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक एवं खालिसपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.650 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.076 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 19 | कोईलारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.075 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 20 | अचलपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक एवं हुमायूपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.150 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.047 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 21 | जमालपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.125 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 22 | मुस्तफाबाद माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.200 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.105 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 23 | जलालाबाद माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.600 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.090 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 24 | दोस्तपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक एवं भीखमपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.900 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.068 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 25 | पलिया माईनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक एवं असलपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.147 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 26 | नैनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.600 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.140 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 27 | ऊंजी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.900 तक एवं ऊचागाव माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.900 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.088 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 28 | किशुनपुर माइनर के किमी0 0.000 से 1.500 तक एवं नरसिहपुर माइनर के किमी0 0.000 से 3.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.061 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 29 | दौलताबाद माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.250 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.060 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 30 | कनौलाकरनहट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.900 तक एवं शादीपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.077 | 50+18%=59 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 31 | भोपतपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.600 तक एवं हाफिजपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.132 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 32 | अब्दुल्लाहपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 एवं अफजलपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.104 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 33 | लक्ष्मनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.900 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.124 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 34 | शेरपुर माइनर के किमी0 0.000 से 5.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.134 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 35 | परसौली माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.200 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.104 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 36 | जसड़ा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक एवं नासिरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.700 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.103 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |
| 37 | कादीपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.600 तक सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य। | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.140 | 75+18%=89 | 15 दिवस | डी0 एवं उच्च श्रेणी |

**तालिका संख्या–02**

| Sl. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1- | Upload on website | 21.10.2026 | 10:00 |
| 2- | Bid Submission Start | 21.10.2026 | 10:30 |
| 3- | Bid Submission End | 30.10.2026 | 11:00 |
| 4- | Technical Bid Opening | 30.10.2026 | 12:30 |
| 5- | Financial Bid Opening | Date and Place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid | |

**नियम एवं शर्तें:–**

ई–निविदा की सूचना, विवरण व शर्तें उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाईट https://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाईट https://idup.nic.in पर भी उपलब्ध है।

**सहायक अभियन्ता चतुर्थ**
**शारदा सहायक खण्ड–32**
**आजमगढ़**

उ.प्र.–258100
दिनांक–13.10.2026

वेबसाइट: www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

इटावा (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश के बीच मंगलवार की देर रात को मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली से हिस्ट्रीशीटर घायल हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस दतावली नहर पुल पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक सफेद मोटरसाइकिल पर आ रहे बदमाश को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया है। पुलिस ने उसे और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक तमंचा एक खोखा, एक जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है, जो सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी से चुराई थी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश का नाम आकाश उर्फ चिन्ना है, जो कि थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत वह कोकपुरा का रहने वाला है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ 12 से अधिक मुकदमें अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

## विवाद को लेकर महिला की गोली मारकर हत्या

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। पारिवारिक विवाद में बुधवार को भोजपुर के अगिआंव गांव में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान अमित कुमार राय की 40 वर्षीय पत्नी सीमा देवी के रूप में हुई है। दिल्ली से महिला पांच दिन पहले अपने बच्चों के साथ गांव आई थी ।बुधवार को सुबह घर के अंदर किसी बात को लेकर विवाद हुआ । इसी दौरान सीमा को गोली मार दी गई। हत्या का आरोपी मृतक का भैसुर सुमंत राय फिलहाल फरार है।

## आरा में रोहतास के दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना के सियाडीहा गांव के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर मौत हो गई मृतक दोनों रोहतास जिले के सासाराम के रहने वाले थे वह दुर्गा पूजा पंडाल के लिए कपड़ा खरीदने आर आए थे सामान खरीद कर घर लौट के दौरान आरा सासाराम स्टेट हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रोक दिया हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया मृतकों की पहचान सासाराम वार्ड नंबर 23 के नंदू राम के पुत्र बाल्मीकि कुमारऔर शिव शंकर प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस शवको पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों को सौंप दिया।

## नगर परिषद का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं रहेगा-गुड्डू

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। डेहरी डालमियानगर नगर परिषद क्षेत्र क्षेत्र में जहां विकास नहीं हो पाया है उसे शीघ्र पूरा किया जाएगा ।कोई भी परिषद क्षेत्र विकास कार्यों से अछूता नहीं रहेगा। इसी कड़ी में नगर परिषद के मुख्य पार्षद शशि कुमारी के निर्देश पर वार्ड संख्या में में रोड थाना चौक से आगे तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जहां मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह राजद के पूर्व प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी ने पूजा – अर्चना कर निर्माण कार्य का शुरू आत किया।इस मौके पर गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि समग्र विकास नगर वासियों के सहयोग से संभव है ।जनसेवा, जनता का सम्मान, बेहतर नागरिक सुविधाएं और क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। वहीं वार्ड नंबर 11 न्यू मकराईन पत्रकार रामजी रंजन वाली सड़क का अब तक निर्माण नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है।

**ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड** के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड–साकची।

वर्ष–107 पू.सं. 899678131022450
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

## शेष

### यूपीमें तीन...

पेश करनी होती है, जो कि अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई है। रिपोर्ट के बिना चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाना कानूनी और प्रशासनिक रूप से पेचीदा काम है। सूत्रों के अनुसार, इन अड़चनों और प्रशासनिक तैयारियों के चलते सरकार अभी पंचायत चुनाव कराने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि सरकार इस फैसले के खिलाफ अदालत में अपील का रुख कर सकती है। प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में यह लगभग स्पष्ट है कि प्रदेश में निर्धारित समय के अनुसार विधानसभा चुनाव पहले संपन्न होंगे, और उसके बाद ही पंचायत चुनावों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

### सिद्धार्थनगर...

भवानीगंज के थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बुधवार को बताया कि चौरा बनगवा गांव निवासी इंद्रजीत गौतम (20), विशाल (17) और मुकेश अग्रहरि (17) मंगलवार की देर रात दुर्गा पूजा देखने के लिए बाइक से निकले थे। देर रात करीब 12 बजे तीनों दुर्गा पूजा देखकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बयारा चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मुकेश अग्रहरि रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज चकचेई में कक्षा 10 का छात्र था। वह पढ़ने में काफी होनहार था। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई कर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### यूपीमें सात...

कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण- मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर से मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ बनाए गए हैं। राजेश कुमार- अपर आयुक्त, आगरा मंडल से विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग बनाए गए हैं। प्रतिभा सिंह- मुख्य विकास अधिकारी, आगरा से अपर आयुक्त, आगरा मंडल बनाई गई हैं। अमित कुमार- अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), कानपुर देहात से मुख्य विकास अधिकारी, आगरा बनाए गए हैं। देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा- सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज से प्रतीक्षारत किए गए हैं।

### पशुपालन...

भर्ती के समय योगेश कुमार पशुपालन विभाग के प्रधान सचिव थे। चयन प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोप सामने आए थे। पशुधन भर्ती घोटाले में योगेश कुमार के खिलाफ सबूत मिले हैं, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उस दौरान पशुधन मंत्री राजकिशोर सिंह थे। राजकिशोर सिंह के अभियोजन स्वीकृति की फाइल अभी शासन में लंबित है।

### मुस्कान...

सीधा सवाल दागा–तुम अपने पति की हत्या की दोषी साबित हो चुकी हो, अपने लिए क्या सजा चाहती हो ?इस सवाल पर जिस औरत के हाथ अपने ही सुहाग की गर्दन काटते वक्त नहीं कांपे थे, वह सलाखों के पीछे थरथरा उठी। उसने ममता का झूठा चोला ओढ़ते हुए गिड़गिड़ाकर कहा– %मेरी दोनों बेटियां बहुत छोटी हैं, उनका ख्याल रखा जाए... मुझे कम से कम सजा दी जाए।% इतना कहते ही उसकी जुबान लड़खड़ा गई और वह सिर झुकाकर सन्नाटे में डूब गई।इसके बाद जब अदालत ने उसके हमदर्द और जुर्म के साझीदार साहिल से पूछा, तो उस खूंखार आशिक की हेकड़ी भी पूरी तरह हवा हो चुकी थी। साहिल ने भी कांपती आवाज में सिर्फ इतना ही कहा–%साहब, कम से कम सजा दीजिए। इसके बाद अदालत कक्ष में केवल खौफजदा सन्नाटा पसरा रहा। जिस प्रेमी जोड़े ने मिलकर एक इंसान की जिंदगी के टुकड़े–टुकड़े कर दिए, वे आज कानून के खौफ से कांप रहे थे। लेकिन अदालत में मृत्यु दंड दिया।

### पीडीए...

जोड़ी वसूली के लिए निकलती थी। योग्य युवाओं के साथ अन्याय होता था। अब भर्तियां पारदर्शी तरीके से हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 65 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला, जबकि तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया है। यूपी अब दंगा, माफिया और कर्फ्यू के बजाय कानून–व्यवस्था, पर्यटन और विकास के लिए पहचाना जा रहा है।शिक्षकों को साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उनकी समस्याओं का समाधान किया है। शिक्षकों और उनके परिजनों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा दिया गया है। उन्होंने पुरानी पेंशन, भर्ती और शिक्षा के मुद्दे पर भी सपा को घेरा। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, अनिल राजभर, रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक तिवारी, विधायक नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, सुनील पटेल, डॉ. अवधेश सिंह, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया, जिलाध्यक्ष रामसकल पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

### जंतर–मंतरपर तिरंगा...

उनका उद्देश्य एक ही है। सभी नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जंतर–मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि यह जगह देश के लोगों की है और इसे वापस हासिल किया जाएगा। मालूम हो कि जंतर–मंतर में बिना अनुमति प्रवेश करने के आरोप में सीजेपी नेताओं आशुतोष रांका और सौरव दास समेत 14 लोगों को हिरासत में लिया गया था। बाद में रांका और दास को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, नेताओं ने बैरिकेड और गेट फांदकर परिसर में प्रवेश किया तथा तिरंगा लहराकर नारे लगाए। पुलिस ने इसे उनकी जमानत की शर्तों का उल्लंघन बताया। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने राहुल गांधी के समर्थन के लिए आभार जताया। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन और शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने भी सीजेपी नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की है। सूची से हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि यह जगह देश के लोगों की है और इसे वापस हासिल किया जाएगा। मालूम हो कि जंतर–मंतर में बिना अनुमति प्रवेश करने के आरोप में सीजेपी नेताओं आशुतोष रांका और सौरव दास समेत 14 लोगों को हिरासत में लिया गया था। बाद में रांका और दास को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, नेताओं ने बैरिकेड और गेट फांदकर परिसर में प्रवेश किया तथा तिरंगा लहराकर नारे लगाए। पुलिस ने इसे उनकी जमानत की शर्तों का उल्लंघन बताया। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने राहुल गांधी के समर्थन के लिए आभार जताया। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन और शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने भी सीजेपी नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की है।

### छात्रोंकी...

अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छात्रों का विरोध भारत की आवाज है और इसे दबाया नहीं जा सकता। राहुल ने कहा कि इस विरोध में न धर्म का भेद है, न जाति का और न ही महिला–पुरुष का। उन्होंने छात्रों से घटनाओं के वीडियो सबूत के तौर पर सुरक्षित रखने और उन्हें भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामला समाप्त होने पर इन सबूतों के आधार पर प्रधानमंत्री मोदी, ज्ञानेश कुमार, अमित शाह या छात्रों पर हाथ उठाने वाले पुलिसकर्मियों सहित दोषियों को सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पुलिस पर कई आरोप भी लगाए। दबाया नहीं जा सकता। राहुल ने कहा कि इस विरोध में न धर्म का भेद है, न जाति का और न ही महिला–पुरुष का। उन्होंने छात्रों से घटनाओं के वीडियो सबूत के तौर पर सुरक्षित रखने और उन्हें भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामला समाप्त होने पर इन सबूतों के आधार पर प्रधानमंत्री मोदी, ज्ञानेश कुमार, अमित शाह या छात्रों पर हाथ उठाने वाले पुलिसकर्मियों सहित दोषियों को सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पुलिस पर कई आरोप भी लगाए।



# होप, कीमो के सहारे जीता वेस्टइण्डीज

## सैमसन का अर्द्धशतक नहीं आया काम, भारत चौथे टी-२० में २४ रन से हारा, निर्णायक मैच १७ को

**हैदराबाद ( आससे )।** कप्तान शाई होप (अजेय १०२) के तूफानी शतक और उनकी तीन अर्द्धशतकीय साझेदारियों के बाद तेज गेंदबाज कीमो पाल (५-४१) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से वेस्टइण्डीज ने बुधवार को भारत को चौथे टी-२० मुकाबले में २४ रन से पराजित कर पांच मैचों की श्रृंखला में २-२ से बराबरी कर ली। निर्णायक मैच शनिवार को बेंगलुरु में खेला जायेगा। वेस्टइण्डीज ने २० ओवर में तीन विकेट पर २४७ रन बनाने के बाद भारत को तीन गेंद शेष रहते समेट दिया। २४८ रनों के बड़े लक्ष्य के लिए उतरी भारतीय टीमको संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने धमाकेदार शुरुआत दिलायी और २४ गेंद में ६० रन जोड़ दिये लेकिन अगली गेंद पर संजू सैमसन बड़ा शाट खेलने के प्रयास में कीमो पाल की गेंद पर हेटमायर के हाथों लपक लिए गये। आउट होनेसे पहले सैमसन ने २३ गेंद में छह चौके और चार छक्के की सहायता से ५६ रन की आकर्षक पारी खेली। कीमो पाल ने अपने दूसरे ओवर में ईशान किशन (छह) को पवेलियन भेज भारतका स्कोर दो विकेट पर ६७ रन कर दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ११ गेंद खेलकर दो चौके की मदद से १६ रन बनाकर शमर स्प्रिंगर की गेंद पर ज्वेल एंड्रय को कैच थमा चलते बने। तीन विकेट गिरने के बाद लोकल ब्वाय तिलक वर्मा अभिषेक शर्मा का साथ देने आये लेकिन दबाव में अभिषेक का बल्ला खामोश दिखा और वह भी अधिक देर नहीं टिक पाये और २४ गेंद में तीन चौके और एक छक्के सहायता से २९ रन बना गुडाकेश मोती का शिकार हो गये जिससे भारत की टीम संकट में फंस गयी। गुडकेश ने अपने इसी ओवरमें नमन धीर (शून्य) को स्टंप करा दिया जिससे भारत की आधी टीम ११.४ ओवर में १३० रन पर पवेलियन में जा बैठी। इसके बाद तिलक वर्मा ने नीतिश रेड्डी के साथ ३२ गेंद में ७० रन जोड़कर उम्मीद जगायी लेकिन तिलक वर्मा को रोमारियो शेफर्ड ने रोवमैन पावेल के हाथों कैच कराकर मैच का रुख वेस्टइण्डीज की ओर मोड़ दिया। तिलक वर्मा जब २५ गेंद में दो चौके, तीन छक्के की मदद से ४३ रन बनाकर आउट हुए तो भारत का स्कोर १७ ओवर में छह विकेट पर २०० रन तक पहुंचा। अंतिम तीन ओवर में नीतिश रेड्डी और अक्षर पटेल के सामने ४८ रन की चुनौती थी लेकिन १७वें ओवर में सिर्फ पांच रन ही बना। अगले ओवर में नीतिश रेड्डी के आउट होने के साथ भारत की हार तय हो गयी। कीमो पाल की गेंद पर आउट होनेसे पहले रेड्डी ने २० गेंद में एक चौका, चार छक्का के सहारे ४१ रन की तेज पारी खेली मगर यह नाकाफी था। कीमो पाल ने इसी ओवर में प्रिंस यादव (शून्य) को बोल्ड किया। उन्होंने इसके बाद इसी ओवर में अक्षर पटेल (तीन) को रदरफोर्ड के हाथों बाउंड्री पर कैच करा पांचवां विकेट लिया। आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर अर्शदीप सिंह (पांच) चोटिल हो गये और बल्लेबाजी नहीं कर सके जिससे भारत १९.३ ओवर में नौ विकेट पर २२३ रन बना सका। ४१ रन देकर पांच विकेट लेनेवाले कीमो पालने अपने अंतिम ओवर की दूसरी, तीसरी और पांचवीं गेंद पर तीन विकेट लेकर वेस्टइण्डीज को जीत दिला दी। इससे पहले टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइण्डीज ने विस्फोटक शुरुआत की। शानदार फार्म में चल रहे कप्तान शाई होप और ज्वेल एंड्रयू ने पहले विकेट के लिए २६ गेंद में अर्द्धशतकीय साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी लेकिन अक्षर पटेल ने ज्वेल को पगबाधा करके उनकी १६ गेंद में दो चौके, एक छक्के की मदद से खेली गयी २१ रन की पारी का अंत करते हुए भारत को राहत की सांस दिलायी। मगर वेस्टइण्डीज ने पावरप्ले में एक विकेट गंवा कर ७९ रन बना डाले। दूसरी ओर होप का बल्ला इसके बाद भी रन उगलता रहा उन्होंने शिमरोन हेटमायर (३३) के साथ दूसरे विकेटके लिए २४ गेंदों में ५८ रन जोड़ दिये। हेटमायर को प्रिंस यादव ने अपनी ही गेंद पर कैच किया। हेटमायर ने १२ गेंद में चार चौके और दो छक्का लगाया। इसके बाद रोवमैन पावेल को अर्शदीप सिंह ने संजू सैमसन के हाथों कैच करा वेस्टइण्डीज को तीसरा झटका दिया। पावेल (२४) ने १७ गेंद में दो चौके और एक छक्का लगाने के साथ होप के साथ २७ गेंद में ४६ रन जोड़कर आउट हुए। १२वें ओवर की पांचवीं गेंद पर अर्शदीप ने आफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद डाली। पावेल ने डीप एक्स्ट्रा कवर की ओर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर संजू सैमसन के दस्तानों में चली गयी। इस दौरान ने होप ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए अर्द्धशतक पूरा कर लिया जिससे वेस्टइण्डीज का १३वें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर १५६ रन हो गया। होप का साथ देने उतरे खतरनाक बल्लेबाज शेरफिन रदरफोर्ड ने आते ही आक्रामक तेवर अपना लिया। छक्का से अर्द्धशतक पूरा करनेवाले होप की आक्रामक बल्लेबाजी का नतीजा रहा कि वेस्टइण्डीज ने १७ ओवर में ही २०० रनों का आंकड़ा पार कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर बार-बार अपने गेंदबाजों को बदलते रहे लेकिन होप पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। वह मनचाहे अंदाज में चौके, छक्के लगाते रहे। मयंक यादव ने चार ओवर में बिना विकेट लिए ५२ रन लुटाये। नमन धीर ने अपने पहले ओवर में १९ रन खर्च कर दिये जिससे उन्हें दोबारा गेंदबाजी नहीं दी गयी जबकि अक्षर पटेल भी ४५ रन खर्च किये। कुछ देर के लिए जब होप शांत हुए तो रदरफोर्ड का बल्ला रन बरसाने लगा। वहीं शाई होप ने अंत में ५० गेंद में चार चौके और नौ छक्के की मदद से १०२ रन की अजेय पारी खेलने के अलावा रदरफोर्ड (४९) के साथ मात्र ४३ गेंद में ९१ रन की अटूट साझेदारी की जिससे वेस्टइण्डीज ने २० ओवर में तीन विकेटके नुकसान पर २४७ रन का विशाल स्कोर बना दिया। रदरफोर्ड ने २६ गेंद में ४९ रन की अजेय पारी खेली जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। प्रिंस यादव ने सबसे किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में ३६ रन देकर एक विकेट लिए।

# गुजरात, बंगाल और हरियाणाकी बड़ी जीत

### रणजी ट्राफी

अहमदाबाद/रोहतक (एजेन्सियां)। बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात ने बुधवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी के मैच में ओडिशा को १० विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किये। ओडिशा ने सुबह चार विकेट पर १११ रन से अपनी पारी आगे बढ़ायी लेकिन उसकी पूरी टीम १६१ रन पर आउट हो गयी। गुजरात को इस तरह से ४७ रन का लक्ष्य मिला जिसे उसने ९.३ ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। इससे पहले देसाई ने ३६ रन देकर पांच विकेट लिए और ओडिशा को सस्ते में समेटने में अहम भूमिका निभाई। ओडिशा की तरफ से संदीप पटनायक ने ६५ और निनाद राठवा ने ५३ रन बनाये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला ने भी गुजरात की जीत में योगदान दिया। उन्होंने मैच में छह विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी में ३३ रन देकर तीन विकेट भी शामिल हैं। वहीं बंगाल ने ग्रुप सी में ही अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए दिल्ली को चौथे और आखिरी दिन नौ विकेट से हरा दिया। अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर १०१ रन से आगे खेलते हुए दिल्ली की टीम १०६.२ ओवर में २७७ रन पर आउट हो गयी। कप्तान आयुष बडोनी ने १३४ गेंद में ८५ रन बनाये जिसमें दस चौके शामिल थे। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने ७६ गेंद में ३९ रन का योगदान दिया। दिल्ली के २४० रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में ४२९ रन बनाये थे और उसे ८९ रन का लक्ष्य हासिल करने के लिए १५.३ ओवर की ही जरूरत पड़ी। उधर रोहतक में हिमांशु राणा और धीरू सिंह की धैर्यपूर्ण पारियों की मदद से हरियाणा ने यहां बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से हरा दिया। हरियाणा के सामने ७९ रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरी पारी में एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर २६ रन था। इसके बाद हिमांशु राणा (अजेय ३७ रन) और धीरू सिंह (अजेय २४ रन) ने टीम को १८.१ ओवर में लक्ष्य तक पहुंचाया। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए ५२ रन की अटूट साझेदारी की। यह दोनों बल्लेबाज पहली पारी में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाये थे लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने मुश्किल समय पर अच्छा प्रदर्शन करके अपनी टीम को छह अंक दिलाये। हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में २५३ रन बनाये थे जिसके जवाब में



हरियाणा ने २९६ रन बनाकर ४३ रन की बढ़त हासिल की थी। हरियाणा की तरफ से अंकित राजेश कुमार (५९), यशवर्धन दलाल (७२) और कनिष्क चौहान (५०) ने अर्धशतक बनाये। हिमाचल प्रदेश की टीम दूसरी पारी में ११३ रन पर आउट हो गयी थी। हरियाणा की तरफ से तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने ५६ रन देकर चार विकेट लिए।

## विकहम वेस्टइण्डीज की टेस्ट टीम में शामिल

**सेंट जोन्स (एजेन्सियां)।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज २३ वर्षीय केविन विकहम को बांगलादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए पहली बार वेस्टइण्डीज की टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइण्डीज ने इस दौरे के लिए १५ सदस्यीय टीम का चयन किया है। यह उसका आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के २०२५-२०२७ चक्र का अंतिम दौरा है। पहला टेस्ट में २८ अक्तूबर से मीरपुर और दूसरा टेस्ट मैच पांच नवम्बर से सिलहट में खेला जायेगा। वेस्टइण्डीज ने सीमित ओवरों की टीम के कप्तान शाई होप को तीनों प्रारूपों में लगातार खेलने के बाद आराम दिया है। होप अभी भारत के खिलाफ चल रही टी-२० श्रृंखला में वेस्टइण्डीज की अगुवाई कर रहे हैं। वेस्टइंडीज की टीम १८ अक्तूबर को बांगलादेश पहुंचेगी और २२ से २४ अक्तूबर तक ढाका में तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।

# अय्यर करियरके सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थानपर

### टी-२० रैंकिंग
### शीर्ष १० में चार भारतीय शामिल

**दुबई (एजेन्सियां)।** भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर वेस्टइण्डीज के खिलाफ पांच मैच की मौजूदा श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की बल्लेबाजों की नवीनतम टी-२० अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं। अय्यर ने लखनऊ में श्रृंखला के पहले मैच में अपना पहला टी-२० अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। टी-२० अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष १० में चार भारतीय शामिल हैं। इशान किशन ९०४ अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने साथी भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर १३ अंक की बढ़त



बना रखी है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान करियर के सर्वश्रेष्ठ ८८३ अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान के कप्तान फरहान ने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किये। श्रीलंका के कुसल मेंडिस (तीन स्थान के फायदे से २३वें स्थान पर), वेस्टइण्डीज के शेरफेन रदरफोर्ड (१३ स्थान के फायदे से संयुक्त २४वें) और भारत के संजू सैमसन (चार स्थान के फायदे से संयुक्त २७वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वेस्टइण्डीज के रोस्टन चेज ने भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टी-२० अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में २४ स्थान की छलांग लगाकर २३वां स्थान हासिल किया जबकि टी-२० अंतरराष्ट्रीय आलराउंडरों की सूची में दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के सलमान मिर्जा (नौ स्थान ऊपर चढ़कर १४वें) और साइम अयूब (आठ स्थान की छलांग लगाकर ५४वें) ने भी टी-२० अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी रवींद्र जडेजा टेस्ट आलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मजबूत स्थिति बनाये हुए हैं।

# दो बोकिया खिलाड़ियोंको खेल मंत्रालयने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली ( एजेन्सियां )।** खेल मंत्रालय ने आइची-नागोया में १८ अक्तूबर से शुरू होने वाले पैरा एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल में दो बोकिया खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी दे दी है, जिससे इन खेलों में भाग लेने वाले देश के खिलाड़ियों की कुल संख्या १६८ हो गयी। बोकिया में खिलाड़ी छह लाल या नीली चमड़े की गेंदों को फेंककर, लात मारकर या रैंप की मदद से सफेद रंग के लक्ष्य के यथासंभव पास में पहुंचाने की कोशिश करते हैं। सफेद रंग के इस लक्ष्य को जैक कहा जाता है। खिलाड़ियों के रंग टास से तय किये जाते हैं। इस खेल में शारीरिक दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। सचिन चमारिया और अंजली देवी को बोकिया व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेने की अनुमति मिल गयी है। उनके साथ प्रतियोगिता के दौरान एक कोच (गुरप्रीत सिंह) और दो रैंप आपरेटर भी रहेंगे। भारतीय खिलाड़ियों के साथ कोच, सहयोगी स्टाफ, चिकित्सा दल और राष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति के अधिकारियों सहित ११३ गैर खिलाड़ी सदस्य भी इन खेलों के लिए जापान जायेंगे। इस तरह से भारतीय दल की संख्या बढ़कर २८१ हो गयी है। भारत ने हालांकि २०२३ में चीन के हांगझोउ में आयोजित किये गये पिछले खेलों में ३०३ सदस्यीय दल भेजा था। पिछली बार भारत ने पैरा एथलेटिक्स में १२३ सदस्यीय दल उतारा था लेकिन इस बार यह संख्या केवल ६२ रह गयी है। भारत के १६८ खिलाड़ियों में ११२ पुरुष और ५६ महिला खिलाड़ी शामिल हैं जो ११ खेलों में अपना भाग्य आजमायेंगे। पिछले पैरा एशियाई खेलों में भारत ने २७ स्वर्ण, ३२ रजत और ४९ कांस्य पदकों सहित १०८ पदक जीते थे। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने १०० से अधिक पदक जीते।

## नटराजन सनराइजर्स में, जीशान दिल्ली से जुड़े

**मुंबई ( एजेन्सियां )।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन की सनराइजर्स हैदराबाद में वापसी हुई है जबकि आईपीएल की इन दोनों फ्रेंचाइजी के बीच खिलाड़ियों के ट्रेड (अदला-बदली) के तहत लेग स्पिनर जीशान अंसारी बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ गये। नटराजन पांच करोड़ रुपये की संशोधित फीस पर २०१६ की आईपीएल चैम्पियन टीम से जुड़ेंगे। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल २०२५ की नीलामी में १०.७५ करोड़ रुपये में खरीदा था। आईपीएल २०२६ सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए १०मैच खेलने वाले अंसारी ४० लाख रुपये की मौजूदा फीस पर दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होंगे। आईपीएल ने बयान में कहा कि २०२० से २०२४ तक पांच सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले नटराजन फ्रेंचाइजी में लौट आये हैं। इसी टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने आईपीएल के सबसे प्रभावी बाएं हाथ के भारतीय तेज गेंदबाजों में अपनी पहचान बनायी थी। बयान के अनुसार, नटराजन का आईपीएल में सबसे सफल सत्र २०२४ में रहा जब उन्होंने १९ विकेट लिए। वह उस सत्र में सनराइजर्स के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अंसारी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पदार्पण मैच में तीन विकेट चटकाकर अपने आईपीएल करियर की शानदार शुरुआत की थी। आईपीएल ने कहा कि इस लेग स्पिनर ने आईपीएल में १० मैच में छह विकेट लिए हैं और उनके आने से दिल्ली कैपिटल्स के स्पिन गेंदबाजी विभाग को मजबूती मिलेगी। पैंतीस वर्षीय नटराजन ने भारत के लिए एक टेस्ट और दो एकदिनी अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। उन्होंने आईपीएल में ७३ मैच में ७२ विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन १९ रन पर चार विकेट है। छब्बीस वर्षीय अंसारी के नाम आईपीएल के १० मैच में छह विकेट हैं।

# रोहित फिर बन सकते हैं मुम्बई इण्डियंस के कप्तान



**मुम्बई ( एजेन्सियां )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) २०२७ से पहले मुंबई इंडियंस की टीम में कप्तानी को लेकर बड़ी हलचल की चर्चा है। खबर के मुताबिक फ्रेंचाइजी एक बार फिर रोहित शर्मा को टीम की कमान सौंपने पर विचार कर रही है। रोहित मुंबई इंडियंस के सबसे सफल कप्तानों में से एक माना जाता है। उनकी अगुवाई में टीम ने पांच बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। ऐसे में उनकी दोबारा कप्तानी की खबर से उनके फैंस की उत्सुकता बढ़ गयी है। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल २०२४ से पहले हार्दिक पंड्याको गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक को टीम का नया कप्तान बना दिया। इस फैसले से कई प्रशंसक नाराज हुए थे। हार्दिक ने २०२४, २०२५ और २०२६ के सीजन में टीम की कप्तानी की लेकिन इस दौरान मुंबई इंडियंस के लिए मैदान के अंदर और बाहर काफी उथल-पुथल भरा रहा। टीम को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा और कप्तानी को लेकर लगातार चर्चाएं होती रहीं। अब मैनेजमेंट कप्तानी में बड़ा बदलाव करने के मूड में नजर आ रहे हैं। कप्तानी में बदलाव के बीच सूर्यकुमार यादव और युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा के नामों पर भी चर्चा होने की बात सामने आयी है लेकिन दावा किया जा रहा है कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए रोहित शर्मा को दोबारा कप्तान बनाने का विकल्प मजबूत माना जा रहा है। रोहित का अनुभव और मुंबई इंडियंस के साथ उनका शानदार रेकार्ड इस फैसले में अहम भूमिका निभा सकता है। कप्तानी में बदलाव के चर्चा के साथ हार्दिक के भविष्य को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आईपीएल २०२६ के बाद हार्दिक ने टीम छोड़ने की इच्छा जतायी थी और फ्रेंचाइजी ने उन्हें ट्रेड करने के विकल्प तलाशे। फिलहाल मुंबई इंडियंस या रोहित शर्मा की ओर से कप्तानी को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## बीएफआईके महासचिव प्रमोद कुमार निलंबित

**नयी दिल्ली ( एजेन्सियां )।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कथित वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने के आरोप में महासचिव प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अजय सिंह ने जारी निलंबन आदेश में कुमार के खिलाफ कई आरोपों का हवाला दिया, जिनमें जरूरी मंजूरी के बिना प्रसारण व्यवस्थाके लिए आदेश जारी करना भी शामिल है। कुमारपर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप रद्द होनेकी जांचमें सहयोग न करने और अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए अनधिकृत बैठक बुलाने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया है। जांच पूरी होने तक या सक्षम पदाधिकारी द्वारा आदेश में संशोधन या उसे रद्द किए जाने तक बीएफआई संविधान के लागू प्रावधानों के तहत आपको तत्काल प्रभाव से महासचिव के पद से अंतरिम रूप से निलंबित किया जाता है।

## सनशाइन क्रिकेट क्लब की जीतमें नीरज चमके

**वाराणसी।** आर्य विद्या सभा, काशी के खेल मैदान पर बुधवार को खेले गये सनशाइन कप अंडर-१९ जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में प्लेयर आफ द मैच नीरज यादव के शानदार प्रदर्शन से सनशाइन क्रिकेट क्लब ने ए.वी. स्पोर्ट्स क्लब को चार विकेट से हरा दिया। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ए.वी. स्पोर्ट्स क्लब की टीम २५.२ ओवर में ११० रन पर सिमट गयी। हिमांशु यादव ने ३१ रन श्रेय ओझा ने ३० रन बनाये। सनशाइन की ओर से नीरज यादव ने मात्र १४ रन देकर तीन विकेट, आयुष प्रताप सिंह ने ३३ रन देकर तीन विकेट जबकि आनंद यादव को दो सफलता मिली। इसके बाद सनशाइन क्रिकेट क्लब ने १६.२ ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मिथिलेश यादव ने २७ रन में एक चौका और तीन छक्का लगाया। नमन तिवारी ने २५ रन और मिलन जायसवाल ने १५ रनों का योगदान दिया।

# क्राइस्ट नगर ओवरआल चैम्पियन

### विद्यालय अथलेटिक्स : रमिताने जीते तीन स्वर्ण

**वाराणसी।** ७०वीं जनपदीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगिता में बुधवार को क्राइस्ट नगर जोन के अथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैम्पियनशिप जीत ली। जगतपुर इंटर कालेज में दो दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन विकास इंटर कालेज की छात्रा रतिमा पटेल ने जूनियर बालिका वर्ग में ४०० और ८०० मीटर दौड़ और लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता। शिखर ने जूनियर बालक वर्ग में ८० मीटर दौड़ और ११० मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक हासिल किया। क्राइस्ट नगर जोन को इस प्रतियोगिता में पहली बार शामिल किया गया है। उसके अथलीटों ने सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक बालिका वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन किया।




## स्वियातेक अंतिम १६ में

**वुहान ( एजेन्सियां )।** इगा स्वियातेक ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके बुधवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम १६ में जगह बनायी। छह बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक ने दूसरे दौर के मैच में पोलैंड की अपनी हमवतन मैग्डेलेना फ्रेच को ६-२, ६-१ से हराया। स्वियातेक इस डब्ल्यूटीए १००० स्तरीय टूर्नामेंट में सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। उनका अगला मुकाबला एशलीन क्रूगर या लैनलाना तारारुडी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इस बीच दूसरे दौर के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने ल्यूडमिला सैमसनोवा को ६-२, ५-७, ६-२ से हराया जबकि विश्व रैंकिंग में १७०वें स्थान पर काबिज सोनाय कार्टल ने नौवीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक को ६-०, ७-५ से हराकर उलटफेर किया।

# पंजाबमें १७ साल बाद लौटेगी अंतरराष्ट्रीय हाकी

### एशियाई चैम्पियंस ट्राफी : पहली बार स्टेडियम में मुझे खेलते हुए देखेगा मेरा परिवार-हरमनप्रीत सिंह

**नयी दिल्ली ( एजेन्सियां )।** कभी हाकी के गढ़ रहे पंजाब में एशियाई चैम्पियंस ट्राफी पुरुष हाकी टूर्नामेंट के जरिये १७ साल बाद अंतरराष्ट्रीय हाकी की वापसी होगी। पंजाब गोल्ड कप २००९ प्रदेश में आखिरी अंतरराष्ट्रीय हाकी टूर्नामेंट था। पंजाब के लिए हाकी महज एक खेल नहीं बल्कि इसकी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग है। पंजाब के गांवों से लेकर अकादमियों तक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हाकी में पंजाब का अमूल्य योगदान रहा है। उधम सिंह से लेकर बलबीर सिंह सीनियर तक और मनप्रीत सिंह से लेकर हरमनप्रीत सिंह तक पंजाब ने देश को बेहतरीन खिलाड़ी दिये हैं। भारत के अलावा मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और बांगलादेश २७ अक्तूबर से दो नवम्बर तक जालंधर और मोहाली में होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेंगे। भारत पांच बार (२०११, २०१६, २०१८, २०२३ और २०२४) में खिताब जीत चुका है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पूरी टीम के लिए यह खास मौका है खासकर पंजाब के खिलाड़ियों के लिए जो पहली बार पंजाब में भारत की जर्सी पहनकर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा परिवार स्टेडियम में मुझे खेलते देखने पहुंचेगा। मेरे पिता ने कभी मुझे स्टेडियम में बैठकर देश के लिए खेलते नहीं देखा। उद्घाटन समारोह और लीग चरण के मैच २७ अक्तूबर से दो नवम्बर के बीच जालंधर के



ओलम्पियन सुरजीत सिंह हाकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। वहीं चार और पांच नवम्बर को सेमीफाइनल और फाइनल मोहाली के ओलम्पियन बलबीर सिंह सीनियर अंतरराष्ट्रीय हाकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। लगातार दो एशियाई खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने वाले पहले कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि पूरी टीम के लिए यह खास मौका है खासकर पंजाब के खिलाड़ियों के लिए जो पहली बार पंजाब में भारत की जर्सी पहनकर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा परिवार स्टेडियम में मुझे खेलते देखने पहुंचेगा। मेरे पिता ने कभी मुझे स्टेडियम में बैठकर देश के लिए खेलते नहीं देखा।

**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

### आज का राशिफल — गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026

मेष- कार्य में बाधा, आर्थिक परेशानी, सम्बन्धों में कटुता, प्रतिष्ठा पर आघात, व्यर्थभ्रमण।
वृषभ- नवीन उपलब्धि, अधूरी योजना की पूर्ति, स्वनिर्णय लाभकारी, कर्ज की अदायगी।
मिथुन- परिवार में हर्षोल्लास, विवाद का समापन, मनोविनोद के अवसर, उपहार का लाभ।
कर्क- मनोवांछित सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, मानसिक राहत, आय के नवीन स्रोत।
सिंह- प्रगति में बाधा, मानसिक तनाव, क्रोध की अधिकता, प्रियजनों से मतभेद, धनहानि।
कन्या- आर्थिक पक्ष बेहतर, धर्मकर्म में रुचि, आरोग्य सुख, मानसम्मान में वृद्धि, यात्रा भी।
तुला- आरोग्यसुख, स्थानपरिवर्तन का कार्यक्रम, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में खुशी।
वृश्चिक- स्वास्थ्य प्रतिकूल, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, हानि संभव।
धनु- योजना अधूरी, आर्थिक असंतोष, अनावश्यक खर्च, विरोधियों प्रभावी, राजकीय उलझने।
मकर- अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, जीवन साथी से सामंजस्य, सुख के साधन।
कुम्भ- आर्थिक स्थिति में सुधार, स्वजनों से सहयोग, कर्ज की निवृति, हर्ष का वातावरण।
मीन- आय के स्रोत, कर्ज की अदायगी, सुसमाचार से खुशी, शुभकृत्य संपन्न, यात्रा सुखद।

### आज है जिनका जन्मदिन — 15 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 15 का मूलांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। प्रभावशाली व्यक्तित्व के स्वामी होंगे। हमेशा कुछ न कुछ सोचते रहेंगे। उत्तरदायित्व की पूर्ति करने में सक्षम होंगे। शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक काम को अधिक महत्व देंगे। जो भी निर्णय लेंगे स्वतंत्र रूप से लेंगे। निर्णय को दृढ़ता से कायम रख सकेंगे। आपके कार्यों में अनिश्चितता का समावेश रहेगा। दूसरों की प्रगति देखकर उससे भी आगे निकल जाने की कोशिश करेंगे। किसी भी बात को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में विश्वास करेंगे। परोपकार की ओर भी रूझान अधिक रहेगा। जनसम्पर्क का लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा। शृंगार एवं सौन्दर्य प्रसाधन वस्तुओं के क्रय में अधिक व्यय करेंगे। शुक्रवार के दिन सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करें। शुक्र यंत्र सविधि धारण करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनावें सदाचार का पालन करें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए शुभ**

मन्त्र : ॐ शुं शुक्राय नमः
व्रत : शुक्रवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 6, 15, 24
अंक : 4, 5, 8
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
रंग : हल्का नीला एवं सफेद
जन्मरत्न : हीरा उपरत्न : सफेद पुखराज
जड़ी : अरण्ड की जड़ दिशा : आग्नेय
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 11 | 6 | 13 |
| 12 | 10 | 8 |
| 7 | 14 | 9 |

### सुडोकू ४०८४

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| 8 | | 4 | | | | 1 | | |
| | 2 | | 6 | | 9 | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | |
| | | | | | | 4 | 8 | |
| | | | | 1 | | | | 6 |
| | 6 | | | | | | | 9 |
| | | | | 4 | | | | |

हल ४०८३

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 |
| 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 7 | 1 | 6 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 3 |



राष्ट्र नतमस्तक है आपके सम्मान में...



11.07.1882-15.10.1943

आज 'मातृभूमि सेवा संस्था' तथा हिंदी दैनिक समाचार पत्र 'आज' मातृभूमि की आजादी के प्रयास में जीवन समर्पित करने वाले तथा श्पहाड़ी गाँधीश के नाम से प्रसिद्ध क्रांतिकारी साहित्यकार, स्वतंत्रता सेनानी **'बाबा कांशीराम जी'** के जीवन पर प्रकाश डालने का प्रयास करेंगी, जिन्होंने काव्य से सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक शोषण के खिलाफ आवाज उठाई थी। बाबा कांशीराम जी ने जनसाधारण की भाषा में चेतना का संदेश दिया। बाबा कांशीराम जी का जन्म 11.07.1882 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उनके पिता का नाम लखनू राम और उनकी माता का नाम रेवती देवी था। मात्र 7 साल की उम्र में उनकी शादी सरस्वती देवी जी हुई, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने शिक्षा नहीं छोड़ी और अपने गाँव से ही अपनी पूरी शिक्षा प्राप्त की। जब वे मात्र 11 वर्ष के ही थे तो उनके पिता का निधन हुआ। कांशीराम जी नौकरी की तलाश में लाहौर चले गए। यहाँ पर उनकी मुलाकात लाला लाजपत राय जी, लाला हरदयाल जी, सरदार अजीत सिंह जी और मौलवी बरकतुल्ला जी जैसे क्रांतिकारियों से हुई। बाबा कांशीराम जी की रचनाओं में जनजागरण की प्रमुख धाराओं के अलावा छुआछूत उन्मूलन, हरिजन प्रेम, धर्म के प्रति आस्था, विश्वबंधुत्व व मानव धर्म के दर्शन होते हैं। कांशीराम जी ने अंग्रेज शासकों के विरुद्ध विद्रोह के गीतों के साथ आम जनता के दुख दर्द को भी कविताओं के रूप में व्यक्त किया गया। सन् 1905 में कांगड़ा घाटी में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप में 20,000 लोग तथा 50,000 मवेशी मारे गए थे। इस दौरान लाला लाजपत राय जी एवं उनकी राहत टीम के साथ सेवा देने के कार्य में बाबा कांशीराम जी भी सक्रीय थे। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के दौलतपुर में एक जनसभा के दौरान सरोजिनी नायडू जी ने कांशीराम जी की कविताएँ एवं गीत सुनकर उन्हें बुलबुल-ए-पहाड़ कहकर पुकारा। सन् 1919 में जब जालियांवाला बाग हत्याकांड हुआ, उस समय कांशीराम जी अमृतसर में थे। यहाँ ब्रिटिश राज के खिलाफ आवाज बुलंद करने की कसम खाने वाले बाबा कांशीराम जी को 05.05.1920 को लाला लाजपत राय के साथ 2 साल के लिए धर्मशाला जेल में डाल दिया गया। उस दौरान उन्होंने कई कविताएँ और कहानियाँ भी लिखीं। उनकी सारी कविताएँ पहाड़ी भाषा में थीं। सजा खत्म होते ही कांगड़ा में अपने गाँव पहुँचे और वहाँ पर उन्होंने घूम-घूम कर अपनी देशभक्ति की कविताओं से लोगों में जागृति लानी शुरू कर दी। पालमपुर में एक जनसभा हुई थी,उस वक्त तक कांशीराम जी की भाषायी जादू का प्रभाव इतना बढ़ चुका था कि उन्हें सुनने हजारों लोग इकट्ठा हो गए। ये देख अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें फिर से गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। इस तरह वो 11 बार जेल गए और अपने जीवन के 9 साल जेल में बिताए। जेल के दौरान उन्होंने 1 उपन्यास, 508 कविताएँ और 8 कहानियाँ लिखीं। आजादी के दीवाने और पहाड़ी भाषा की उन्नति के प्रति अनुराग रखने के कारण बाबा कांशीराम जी अपनी मातृभाषा में लगातार लिखते रहे। उनकी प्रसिद्ध कविता है- अंग्रेज सरकार दा टिघा पर ध्याड़ा। इसके लिए अंग्रेज सरकार ने उन्हें दोबारा फिर से गिरफ्तार कर लिया था, मगर राजद्रोह का मामला जब साबित नहीं हुआ तो रिहा कर दिया गया। सन् 1931 में भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु जी की फाँसी की खबर सुनकर इसके विरोध में सदैव काला कपड़ा पहनने का संकल्प लिया, जिसका उन्होंने अंतिम साँस तक पालन किया। इस कारण लोग उन्हें काले कपड़ों वाला जनरल कहते थे। अपनी क्रांतिकारी कविताओं के चलते उन्हें सन् 1930 से 1942 के बीच 9 बार जेल जाना पड़ा।- **'राकेश कुमार'**

मातृभूमि सेवा संस्था
www.mss-ind.org
9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

छत्तीसगढ़ समाचार............

## रायपुर : स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता और सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री



रायपुर (आ.स.से.)। स्वास्थ्य सेवाएं सीधे आम नागरिकों के जीवन और परिवार की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय हैं। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को आवश्यकता पड़ने पर समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार, आवश्यक दवाइयां, जांच और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों, यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के साथ सेवाओं की गुणवत्ता और अंतिम व्यक्ति तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने पर समान रूप से ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कामक.ाज की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस दौरान संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन, संच.ालनालय आयुष एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अंतर्गत संचालित योजनाओं, उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना का लगातार विस्तार हुआ है। अनेक अच्छे अस्पताल और चिकित्सा संस्थान विकसित हुए हैं। अब जहां चिकित्सकों, विशेषज्ञों, स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा उपकरणों अथवा जांच सुविधाओं की कमी है, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ दूर किया जाए। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो और उनका अधिकतम लाभ मरीजों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की बढ़ती आबादी और भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास की दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में वर्तमान स्वास्थ्य सुविधाओं, जनसंख्या, भौगोलिक परिस्थितियों, उपलब्ध संसाधनों और भविष्य की जरूरतों का आकलन किया जाए। इसी आधार पर स्वास्थ्य संस्थानों के विस्तार और आवश्यक सुविधाओं के विकास की स्पष्ट कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में आवश्यकता के अनुरूप बिस्तरों की संख्या बढ़ाने, विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार करने और नवगठित जिलों में जरूरी चिकित्सा सुविधाओं को प्राथमिकता से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास में केवल भवन निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों, उपकरणों, दवाइयों और जांच सुविधाओं की उपलब्धता को भी समग्र रूप से सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला अस्पतालों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहनी चाहिए। मरीजों को सामान्य जांच और उपचार के लिए अनावश्यक परेशानी या भटकाव का सामना न करना पड़े।उन्होंने चिकित्सा उपकरणों के नियमित रखरखाव और प्रभावी उपयोग पर भी विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध कोई भी महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण रखरखाव अथवा मरम्मत के अभाव में लंबे समय तक बंद नहीं रहना चाहिए। इसके लिए प्रभावी निगरानी और समयबद्ध मरम्मत व्यवस्था विकसित की जाए। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वित्तीय प्रगति, मानव संसाधन की उपलब्धता तथा रिक्त पदों पर भर्ती की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि रिक्त पदों पर भर्ती के प्रयास किए जा रहे हैं और सेवा भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया भी प्रचलन में है। मुख्यमंत्री ने भर्ती संबंधी प्रक्रियाओं को गति देने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सेवाओं की गुणवत्ता के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के 1,045 स्वास्थ्य संस्थानों में अटल आरोग्य लैब संचालित हैं। डायलिसिस, ट्रॉमा केयर, ब्लड बैंक, आईसीयू और सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 33 स्थानों पर डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है और 25 नए डायलिसिस केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के साथ स्वास्थ्य संस्थानों के गुणवत्ता मानकों, ई-हॉस्पिटल तथा आभा जैसी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की और तकनीक का उपयोग मरीजों की सुविधा तथा सेवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में बताते हुए कहा कि गर्भवती माताओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक पोषण एवं चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें और प्रसूता महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा तथा सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक प्रसव सुरक्षित हो और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है, लेकिन इस दिशा में और बेहतर परिणाम हासिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को राष्ट्रीय औसत के करीब लाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। बैठक में संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, विशेष पिछड़ी जनजातियों (पीवीटीजी) में टीकाकरण की स्थिति, मलेरिया की रोकथाम, कुष्ठ रोग निवारण और टीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जाए, जिससे बीमारियों की समय पर पहचान हो और मरीजों को प्रारंभिक स्तर पर ही उपचार मिल सके।मुख्यमंत्री श्री साय ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस और 102 महतारी एक्सप्रेस की सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि आपात स्थिति में मरीज तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। दूरस्थ, वनांचल और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को केवल भौगोलिक कठिनाइयों के कारण उपचार से वंचित नहीं होना चाहिए।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की निर्माता और नये भारत की भाग्य विधाता बन रही यूपी की नारी-योगी

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि की चतुर्थी पर मां कूष्मांडा के चरणों में श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने प्रदेशवासियों को सृजन, ऊर्जा और समृद्धि की सनातन प्रतीक मां कूष्मांडा की आराधना का संदेश भी बताया। जहां नारी को शक्ति व अवसर मिलता है, वहां अभाव परिश्रम में, परिश्रम आत्मनिर्भरता में और आत्मनिर्भरता समृद्धि में बदलती है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि उत्तर प्रदेश की नारी अब केवल विकास की लाभार्थी नहीं, बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था की निर्माता और नए भारत की भाग्य विधाता बन रही है। 2017 से पहले महिलाओं के लिए न अवसर था,



न संसाधन और न ही सरकार के पास नीति और नीयत। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार गांव की बहनों को आत्मनिर्भरता की नई राह से जोड़ रही है। बीसी सखी गांवों में बैंकिंग सेवाओं की सशक्त कड़ी हैं। लखपति दीदी आर्थिक स्वावलंबन की नई पहचान बन गई हैं। ड्रोन दीदी खेती में आधुनिक तकनीक का नेतृत्व कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका, उद्यमिता और कृषि आधारित रोजगार के अवसरों का विस्तार हो रहा है।

## रामनाथ कोविन्द की जीवन यात्रा हर भारतीय के लिए प्रेरणा- योगी

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की गरिमामयी उपस्थिति में उनकी आत्मकथा 'भारतीय गणतंत्र की विजयगाथारू मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति के जीवन को अभावों से संघर्ष करते हुए देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने की प्रेरणादायी यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि रामनाथ कोविन्द ने अभावों को ढाल नहीं, बल्कि आगे बढ़ने और संघर्ष करने का मार्ग बनाया। उन्होंने परिश्रम, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प के बल पर अपने जीवन की दिशा तय की। उनका जीवन देश के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनाथ कोविन्द का आगमन हमेशा प्रदेशवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है।

## पेट्रोलके बाद अब गैसमें भी होगी मिलावट पांच प्रतिशत हाइड्रोजन मिलाने का ड्रॉफ्ट तैयार

नयी दिल्ली (आससे.)। देश में घरों तक पाइप के जरिए पहुंचने वाली पीएनसी गैस को लेकर एक नया प्रस्ताव सामने आया है। घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस में पांच प्रतिशत तक हाइड्रोजन मिलाने के लिए ड्रॉफ्ट गाइडलाइंस जारी की हैं। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना और प्राकृतिक गैस के आयात पर भारत की निर्भरता कम करने में मदद करना है। हालांकि, अभी यह प्रस्ताव है और इसे लागू करने से पहले नियामकीय मंजूरी, सुरक्षा जांच और जरूरी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी। आइए इसको जरा विस्तार से समझते हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में सरकार और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियां घरेलू स्तर पर क्लीन एनर्जी के विकल्प बढ़ाने पर काम कर रही हैं।

## त्योहारों पर योगी सरकार ने दी बड़ी राहत, ५२ रुपये किलो मिलेगी चीनी

लखनऊ (आससे.)। त्योहारों के मौसम में आमजन को राहत देने के लिए योगी सरकार ने राजधानी लखनऊ में रियायती दर पर चीनी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की ओर से लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान परिसर स्थित बिक्री केंद्रों पर रिफाइंड चीनी बेची जाएगी। यहां उपभोक्ता 51 रुपये प्रति किलो से चीनी खरीद सकेंगे। विभाग के अनुसार, लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान परिसर में चीनी निगम और सहकारी चीनी मिल संघ के बिक्री केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक चीनी खरीदी जा सकेगी। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक किलो से लेकर 50 किलो तक के पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं।

## पैक्ड पानी की गुणवत्ता पर एफएसडीए की सख्ती

लखनऊ (आससे.)। बोतल बंद पानी की शुद्धता को लेकर उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश में नई इकाइयों को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का प्रमाणन मिलने के बाद ही राज्य में खाद्य सुरक्षा लाइसेंस या पंजीकरण जारी किया जाएगा। पहले से संचालित सभी इकाइयों को 31 मार्च 2027 तक प्रमाणन प्राप्त करना होगा। तय समयसीमा तक प्रमाणन नहीं लेने वाली इकाइयों का लाइसेंस या पंजीकरण निलंबित रहेगा और उत्पादन बंद रहेगा।जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने यह आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश की सीमा में तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

## दिव्यांगों की पेंशनके लिए विकलांगता की सीमा ८० से घटाकर ४० प्रतिशत

